सुप्रभात
रांची, शनिवार
01.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 346 06

समय की जरूरत है समान नागरिक संहिता



## ‘प्रिंट मीडिया की निगरानी के लिए...’ का राज्य सरकार ने किया खंडन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने मीडिया में प्रकाशित खबर जिसका शीर्षक प्रिंट मीडिया की निगरानी के लिए सरकार ने बनाया पोर्टल के संबंध में खंडन किया है। विभाग की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों को सटीक एवं सत्य तथ्यों से अवगत कराने के उद्देश्य से एक पोर्टल विकसित किया गया है। उक्त पोर्टल के माध्यम से सरकारी विभागों से संबंधित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, ई-पेपर में प्रकाशित फेक न्यूज का जांच एवं निराकरण संबंधित विभाग द्वारा करते हुए समयबद्ध तरीके से आम नागरिकों को वास्तविकता से अवगत कराना पोर्टल का मुख्य उद्देश्य है। इस निमित्त सभी विभागों को उस पोर्टल के उपयोग से संबंधित दिशा-निर्देश जारी करने के उपरांत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## खबर एक नजर में

### सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान आज से

**रांची।** राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। वहीं, रांची के कांके प्रखंड स्थित कोकदोरो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और आदिवासी कल्याण और परिवहन मंत्री चंपई सोरेन राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान का राज्य में शुरूआत करेंगे। कार्यक्रम में सिकल सेल की स्क्रीनिंग, सिकल सेल मरीजों को कार्ड का वितरण तथा आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा।

### नवल हेम्ब्रम होंगे झामुमो के देवघर जिला उपाध्यक्ष

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ने देवघर जिला उपाध्यक्ष दिनेश्वर किस्कू को पदमुक्त कर दिया है। किस्कू को उपाध्यक्ष पद से हटाकर उन्हें जिला सचिव की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इनके स्थान पर नवल हेम्ब्रम को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय समिति के विनोद कुमार पांडेय ने पत्र जारी कर दिया है। पार्टी ने इसका निर्णय देवघर जिला समिति द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में लिया है।

### निशिकांत के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

**रांची।** मधुपुर उपचुनाव वर्ष 2021 के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे पर गलत ट्वीट करने एवं बयानबाजी करने को लेकर दर्ज 5 प्राथमिकी को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट से जवाब दायर करने के लिए समय की मांग की गई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 3 जुलाई निर्धारित की। कोर्ट ने इन सभी मामलों में निशिकांत दुबे के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी रखी है।

### मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में फायर फाइटिंग मामले में हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में फायर फाइटिंग की सुविधा मुहैया कराने को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह सुनवाई वर्चुअल मोड में हुई। मामले की अगली सुनवाई 21 जुलाई को होगी। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में फायर सेफ्टी जरूरी है।

### देवघर एम्स में मूलभूत सुविधाओं पर सरकार के जवाब पर प्रत्युत्तर के लिए प्रार्थी ने मांगा समय

**रांची।** देवघर, एम्स में बुनियादी सुविधा को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र पर जवाब दाखिल करने के लिए प्रार्थी की ओर से अपना प्रत्युत्तर देने के लिए समय की मांग की गई। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, राज्य सरकार के पथ निर्माण विभाग ने मामले में शपथ पत्र दाखिल किया है, इसमें बताया गया है कि एम्स, देवघर ने अपना गेट का स्थान नहीं बताया है। इस कारण देवघर, एम्स के लिए अप्रोच रोड नहीं बन पा रहा है। प्रार्थी ने देवघर एम्स में इलेक्ट्रिक सबस्टेशन बनने, अप्रोच रोड बनने, फ्लाईओवर, पानी की व्यवस्था होने, फायर सेफ्टी की व्यवस्था कराने का आग्रह राज्य सरकार से किया गया है।

### हाइकोर्ट : जमशेदपुर में जेजे बोर्ड में स्थायी प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट की नियुक्ति 4 सप्ताह में करे राज्य सरकार

**रांची।** जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजे बोर्ड), चाइल्ड वेलफेयर कमिटी (सीडब्ल्यूसी) व राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि जमशेदपुर में जेजे बोर्ड में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नियुक्ति 4 सप्ताह में करें। इसके अलावा चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, जेजे बोर्ड में रिक्त अन्य पदों को भी भरने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि सरकार के कल्याण विभाग के सचिव ने कार्मिक विभाग को जमशेदपुर में जेजे बोर्ड में स्थाई प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नियुक्ति के लिए पत्र लिखकर अनुरोध किया है। हाईकोर्ट के एक जनहित याचिका में आदेश के आलोक में जमशेदपुर में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट का पद सृजित किया जाए और इसे भरा जाए। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सरकार के जवाब को देखते हुए मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त निर्धारित की।

## सीएम ने साहेबगंज के भोगनाडीह में सरकार की योजनाओं से कराया अवगत

# कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ें और अपने को सशक्त बनायें: हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को साहेबगंज जिले के भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि यह आपकी सरकार है। आपके मान-सम्मान की रक्षा के साथ आपको अपना हक और अधिकार मिले, इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूनिवर्सल पेंशन स्कीम, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, कृषि ऋण माफी योजना, नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना जैसी कई योजनाएं सरकार चला रही है। इन योजनाओं से आप जुड़ें और अपने को सशक्त बनाएं। आपका सशक्तिकरण राज्य को सशक्त बनाएगा।

**बच्चे पढ़ाई पर ध्यान दें , सरकार उठाएगी खर्च**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने की दिशा में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत की है। यहां निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जा रही है। वहीं अन्य सरकारी विद्यालयों में सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। इतना ही नहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्स की पढ़ाई के साथ विदेशों में भी उच्च शिक्षा के पूरा खर्च सरकार वाहन करेगी। बच्चे सिर्फ अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें।

### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 16434.841 लाख रुपए की कुल 616 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें 1571.277 लाख रुपए की 99 योजनाओं का उद्घाटन और 14863.564 लाख रुपए की 517 नई योजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें सदर अस्पताल, साहिबगंज में जेन नेक्स्ट ई-हॉस्पिटल सिस्टम का शुभारंभ, भोगनाडीह में फूलो-झानो स्मृति पार्क और रांगा थाना के नवनिर्मित भवन शामिल है। सिस्टम इस मौके पर उन्होंने लाभुकों के बीच 12 करोड़ 80 लाख 27 हजार 900 रुपए की परिसंपत्तियां बांटी। इसके अलावा चिकित्सकों और नवनियुक्तों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपा।

## गड़बड़ी करने वाले पूर्व परीक्षा नियंत्रक पर होगी कार्रवाई

**5वीं जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा मामला**

**रांची।** पंचम जेपीएससी प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या-06, 13) में प्रोबेशन सेवा के लिए समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की अनुशंसा में अनियमितता करने वाले जेपीएससी के तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक विवेक नारायण अखौरी के खिलाफ कार्रवाई होगी। झारखंड प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त इस अधिकारी पर पेंशन नियमावली के अनुसार विभागीय कार्यवाही चलाने का फैसला लिया गया है। इस संबंध में सेवानिवृत आईएएस अधिकारी रमाकांत सिंह को जांच संचालन पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं जेपीएससी के उप सचिव को उपस्थापन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## भाजपा की प्रमंडलीय बैठक आज, दीपक हजारीबाग में और बाबूलाल मरांडी दुमका की बैठक में होंगे शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से शनिवार को प्रमंडल स्तर पर सांगठनिक बैठक आयोजित की गयी है। इसमें उस प्रमंडल में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विभिन्न मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला प्रभारी, विभिन्न मोर्चों के जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री, निवर्तमान जिलाध्यक्ष, सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, 2019 के प्रत्याशी, मंडल अध्यक्ष व मंडल महामंत्री शामिल होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि बैठक 11 बजे सभी प्रमंडल में होगी। उन्होंने बताया कि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक हजारीबाग में होगी, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी शामिल होंगे। संथाल परगना की बैठक दुमका में होगी जिसमें नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी और प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा शामिल होंगे। दक्षिणी छोटानागपुर की बैठक रांची में आयोजित है, जिसमें प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह शामिल होंगे।

## झारखंड पार्टी का महाधिवेशन आज से

**रांची।** झारखंड पार्टी का दो दिवसीय महाधिवेशन आज से रांची के कार्निवल बैंकेवेट हॉल में शुरू हो रहा है। पार्टी के प्रधान महासचिव अशोक भगत ने इस बाबत शुक्रवार को महाधिवेशन स्थल का जायजा लिया और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि महाधिवेशन में हर जिले के 51-51 प्रतिनिधि भाग लेंगे। मौके पर सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी। सीएनटी, एसपीटी में संशोधन, कोयलकारो परियोजना, स्थानीय नीति के विरोध में रणनीति तय की जाएगी।

## सीएम के एक फैसले से बेरोजगार होने से बचे राज्य के 5000 शिक्षक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंटर में दाखिले को परेशान छात्रों के हित में फैसला लिया है। सीएम के निर्देश पर राज्य के कॉलेजों में फिलहाल इंटर की पढ़ाई जारी रहेगी। हालांकि मुख्यमंत्री ने यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की गाइडलाइन के उलट लिया है। नयी शिक्षा नीति के तहत देश भर में डिग्री कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई बंद करनी है लेकिन मुख्यमंत्री के इस फैसले से विभिन्न कॉलेजों में पढ़ा रहे 5000 से अधिक अनुबंधित शिक्षक बेरोजगार होने से बच गये हैं।

**सीएम से मिलने की जुगत में हैं शिक्षक :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विश्वविद्यालयों के अधीन विभिन्न कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई हटा दी गयी थी। इसके बाद राज्य के 5000 से अधिक अनुबंधित शिक्षकों पर बेरोजगारी का खतरा मंडराने लगा था। इसे लेकर ये शिक्षक राज्यपाल से लेकर कई मंत्रियों तक से मुलाकात कर गुहार लगा रहे थे। दूसरी ओर कितने विद्यार्थी इन कॉलेजों में नामांकन करवाएंगे, इसको लेकर स्थित स्पष्ट नहीं है।

जानकारों का मानना है कि अधिकतर छात्र कहीं न कहीं नामांकन करवा चुके हैं। ऐसे में पहले की तुलना में इस बार कॉलेजों में नामांकन कम होने की संभावना है। इधर, शिक्षक अपनी मांगों को लेकर प्रयासरत हैं लेकिन समय नहीं मिलने के कारण मुख्यमंत्री से उनकी मुलाकात नहीं हो पायी है।

## राज्य में 160 नये उद्योगों को ऑनलाइन बीडिंग के जरिये उपलब्ध होगी जमीन

**निवेश को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन होगी आंवटित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट ऑथोरिटी (जियाडा) की ओर से उद्यमियों को ऑनलाइन जमीन आवंटित की जा रही है। पिछले कुछ समय से उद्यमियों की ओर से जमीन आवंटन और जमीन की समस्या को लेकर शिकायतें आ रही थी इसके बाद उद्योग विभाग ने उद्यमियों को जल्द से जल्द जमीन आंवटन करने का निर्देश दिया। इस निमित्त जियाडा की ओर से उद्यमियों को उनके प्रोजेक्ट्स के अनुसार जमीन आंवटन की प्रक्रिया की जा रही है। जियाडा की ओर से 160 प्रोजेक्ट्स के लिए जमीन आंवटन की प्रक्रिया की जा रही है। ये प्रोजेक्ट्स पिछले दिनों प्रोजेक्ट क्लीयरेंस कमिटी की ओर से एप्रुव किया गया। हालांकि इनमें से कुछ प्रोजेक्ट्स को बैंक संबंधी दस्तावेज एक सप्ताह के अंदर देने का निर्देश दिया गया है। वहीं, लगभग 80 प्रोजेक्ट्स को राज्य के अलग अलग औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत जमीन दिलाने की प्रक्रिया की जा रही है।

### ऑनलाइन बीडिंग से जमीन आवंटन

जियाडा की मानें तो ऐसे प्रोजेक्टस को जमीन आंवटित किया जायेगा, जिसपर एक से अधिक आवेदक हैं। ऐसे आवेदकों को जल्द ही ऑनलाइन बीडिंग के माध्यम से प्लॉट आवंटित करने की सहमति बनी। मालूम हो कि कई उद्यमियों ने राज्य में जमीन की किल्लत के कारण अन्य राज्यों का रूख किया। वहीं, अब भी देवघर, धनबाद, गिरिडीह रांची समेत कई ऐसे औद्योगिक क्षेत्र हैं जहां उद्यमियों की जमीन पर अधिकार नहीं हो पाया है। ऐसे में उद्योग विभाग के आदेश पर जियाडा इस मामले पर गंभीरता से कार्य कर रहा है।

### किन किन इलाकों में उपलब्ध करानी है जमीन

सभी प्रोजेक्टस को विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन आंवटित करनी है। इसमें तुपुदाना, लोहरदगा, सोसई, बरही, हजारीबाग, बरहे-चान्हो, बुढ़मू, टाटीसिलवे, डाल्टनगंज, कोकर समेत अन्य इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया जारी है। जियाडा की मानें तो राज्य में लगातार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है। ताकि राज्य में अधिक अधिक उद्योग लगे और निवेश में वृद्धि हो।

### कौन कौन से उद्योग लगने है

राइस मिल, बकेट मैनुफैक्चरिंग, ग्लास मैनुफैक्चरिंग, एमएस वायर, मैनुफैक्चरिंग ऑफ स्टील एंड मेटल प्रोडक्ट, हाई ग्रेड क्रूड ऑयल प्रोडक्ट, सेल एंड स्पेयर पार्ट्स ऑफ ऑटोमोबाइल, मिनरल ग्रींडींग, रेडीमेड गारमेंट, मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट, लेजर कटिंग, जिंस, फूड प्रोसेसिंग यूनिट-पास्ता मसाला, वाटर ट्रिटमेंट प्लांट, मैनुफैक्चरिंग ऑफ नमकीन फूड समेत अन्य उद्योग राज्य में लगेंगे।

## हाईकोर्ट ने शूटरों को जारी किया नोटिस

**रांची।** कुख्यात अपराधी अखिलेश सिंह का दाहिना हाथ कहे जाने वाले 2 शूटर सुधीर दुबे एवं कन्हैया सिंह को हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर पूछा है कि क्यों नहीं उनका बेल रिजेक्ट किया जाए। राज्य सरकार की ओर से इन दोनों के बेल रद्द करने का आग्रह करते हुए हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गई है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आनंद सेन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। दरअसल सुधीर एवं कन्हैया को जमशेदपुर के सोनारी थाना कांड से संबंधित एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा मिली थी। इन पर अमित राय की हत्या करने का आरोप था। इन दोनों की ओर से हाईकोर्ट में सजा के खिलाफ अपील दायर की गई थी और कोर्ट से बेल देने का आग्रह किया गया था। हाईकोर्ट ने वर्ष 2019 में इन दोनों को बेल प्रदान कर दी थी। इसके बाद सरकार की ओर से एक आईए दाखिल कर इनकी जमानत रद्द करने का आग्रह हाईकोर्ट से किया गया था। आईए में कहा गया कि यह दोनों कुख्यात अपराधी हैं इनके खिलाफ और भी अपराधिक मामला दर्ज हैं।

## अटल मोहल्ला क्लिनिक को मिला 16 करोड़ रुपये

**रांची जिले को सर्वाधिक ₹2 करोड़ 31 लाख आवंटित**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार अटल मोहल्ला क्लिनिक का संचालन कर रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अटल मोहल्ला क्लीनिक के संचालन के लिए 16 करोड़ 51 लाख 60 हजार रुपए का आवंटन किया गया है। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने राज्य के सभी सिविल सर्जन को आवंटित राशि की जानकारी दी है। सबसे ज्यादा रांची जिले को 2 करोड़ 31 लाख 98 हजार 400 रुपए का आवंटन किया गया है। रांची के शहरी क्षेत्र में कुल 18 अटल मोहल्ला क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है। आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित जिले के सिविल सर्जन होंगे। वहीं राशि के नियंत्री पदाधिकारी अपर मुख्य सचिव होंगे। संबंधित जिले के कोषागार से राशि की निकासी की जाएगी।

**इन जिलों को मिली इतनी राशि**

| जिला | राशि |
|---|---|
| बोकारो | 12888000 |
| गोड्डा | 1814000 |
| चतरा | 3866400 |
| धनबाद | 20620800 |
| गिरिडीह | 6444000 |
| हजारीबाग | 10310400 |
| कोडरमा | 5155200 |
| देवघर | 9977000 |
| रामगढ़ | 5155200 |
| गढ़वा | 5155200 |
| पलामू | 7732800 |
| रांची | 23198400 |
| सिमडेगा | 1288800 |
| प सिंहभूम | 5155200 |
| दुमका | 2721000 |
| गुमला | 2577600 |
| पूर्वी सिंहभूम | 15419000 |
| जामताड़ा | 2577600 |
| लातेहार | 2577600 |
| लोहरदगा | 2577600 |
| पाकुड़ | 2721000 |
| साहिबगंज | 3628000 |
| सरायकेला-खरसावां | 9021600 |
| खूंटी | 2577600 |

# वसुंधरा राजे और नड्डा को आगे कर भाजपा ने झामुमो के गढ़ में फूंका चुनावी बिगुल

सत्येन्द्र





**रांची।** मिशन 2024 को लेकर जून के महीने में झारखंड का राजनीतिक गलियारा काफी गरम रहा। साल 2024 में लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए बीजेपी ने झारखंड में चुनावी तैयारी अभी से शुरू कर दी है। राज्य की सत्ताधारी पार्टी को सियासी मात देने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और महाराष्ट्र के भाजपा नेता श्रीराम शिंदे की झारखंड यात्रा और कार्यक्रम राजनीतिक दृष्टि से कोई समान्य दौरा नहीं रहा है। अगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी दलों को मात देने के लिए बीजेपी ने अपना राजनीतिक चाल चल दिया है। उपरोक्त तीनों नेताओं ने अपने दौरे के क्रम में अपने बयानों में भ्रष्टाचार और एंटी इनकंबेंसी को मुद्दा बना हेमंत सरकार के खिलाफ अभियान की शुरूआत कर दी है।

ज्ञात हो कि झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर भाजपा की पैनी नजर है। पिछले चुनाव में झारखंड की 14 में से 11 सीटें भाजपा के खाते में गई थी। भाजपा की मदद से गिरिडीह सीट सहयोगी आजसू ने निकाली थी। मिशन 2024 को लेकर अब एनडीए ने शेष दो सीटों पर नजर जमा दी है। राजमहल में झामुमो और चाईबासा में कांग्रेस को चुनौती देने की तैयारी चल रही है।

बीजेपी की रणनीति के मुताबिक पार्टी नेताओं का फोकस संथाल के साथ-साथ कोल्हान और दक्षिणी छोटानागपुर इलाके में सबसे ज्यादा है। बीजेपी के बड़े-बड़े नेता अभी से इन इलाकों में प्रवास करने लगे हैं। खास बात यह है कि बीजेपी का झारखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर विशेष जोर है, लेकिन पार्टी के नेता समानांतर रूप से विधानसभा चुनाव की तैयारी में भी जुट गये है। हेमंत सोरेन के उपर बीजेपी के नेता भ्रष्टाचार का पोषक, विकास परियोजनाओं से मुंह मोड़ने का आरोप अपनी जनसभाओं में लगाकर राज्य की जनता के नजरों में बदनाम करना चाह रहे हैं। इसके अलावा बीजेपी नेताओं का कहना है कि हेमंत सोरेन सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों की सूत्रधार, आदिवासी लड़कियों के साथ लव जेहाद और जमीन जेहाद पर चुप्पी साधकर अपने एजेंडों को आगे बढ़ा रही है।

**सोरेन सरकार ने की आदिवासियों की उपेक्षा की :** यूपी के प्रयागराज पश्चिम से बीजेपी विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने झारखंड दौरे में कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदिवासियों पर उपेक्षा की है। आदिवासी लोग सरकार से नाराज हैं। यही वजह है कि हेमंत सोरेन को आदिवासियों पर भरोसा नहीं है। जेएमएम के नेता झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में बसा रहे हैं। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि झामुमो सरकार, ममता सरकार की कार्बन कॉपी है। जिस तरह से पश्चिम बंगाल में सिंडिकेट राज है उसी तरह झारखंड में भी बड़े पैमाने पर मवेशी तस्करी के साथ बांग्लादेशी घुसपैठियों को इंपोर्ट करने का काम जेएमएम सरकार में खुलेआम हो रहा है।

**मोदी सरकार ने गरीब और महिलाओं का रखा खास ख्याल :** वहीं दूसरी ओर अपने झारखंड प्रवास के दौरान बीजेपी के नेता राज्य की जनता के बीच केंद्र सरकार के उपलब्धियों को बताने में कोताही नहीं बरत रहे हैं। झारखंड दौरा के क्रम में गिरिडीह जिले के बगोदर में जनसभा में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे ने कहा कि केंद्र में बीजेपी की सरकार रहेगी तो देश में लगातार विकास होता रहेगा। 2014 से 2023 तक देश के दौरान विकास परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने देश के अंतिम पायदान तक के लोगों को जन सुविधाएं मुहैया कराई है। महिलाओं का खास ख्याल रखा गया है। शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने एक जनसभा में कहा कि पीएम मोदी ने यह बता दिया है कि देश कैसे चलता है। बीजेपी के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार राय ने कहा कि 2024 में मोदी के हाथों को फिर से मजबूत करने की जरूरत है। झारखंड के पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि झारखंड में कोयला बालू समेत अन्य संसाधनों की लूट मची है।

**स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव ओम प्रकाश सिंह ने की प्रेस कांफ्रेंस**

## बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव ने एफआइआर से सरयू राय का नाम हटवाने का लगाया आरोप

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक सरयू राय के बीच जुबानी जंग अब दस्तावेजी जंग होती जा रही है। कोरोना काल में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनके सहयोगी द्वारा प्रोत्साहन राशि लिये जाने के मामले में अब एक नयी बात सामने आयी है। स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव ओम प्रकाश सिंह ने शुक्रवार की शाम प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोरंडा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी, जिसमें कोरोना प्रोत्साहन राशि भुगतान से संबंधित विभागीय गोपनीय दस्तावेज की चोरी कर उसे सार्वजनिक करने के मामले में विधायक सरयू राय को अभियुक्त बनाया गया था, जिसका कांड सं० 105/2022 है।

**सरयू राय का नाम व्हाइटनर लगा कर मिटा दिया गया :** सचिव ओम प्रकाश सिंह ने आरोप लगाया है कि उस एफआईआर से सरयू राय का नाम मुख्य अभियुक्त से व्हाइटनर लगा कर मिटा दिया गया और अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की आपत्ति के बाद रांची सिविल कोर्ट ने सरयू राय का नाम फिर से अभियुक्त के तौर पर जोड़ने का आदेश दिया है। आप्त सचिव ने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि प्रोत्साहन राशि भुगतान संबंधित मामला में आखिर वह कौन अदृश्य ताकत है, जो कोर्ट में प्रस्तुत होने के बाद भी प्राथमिकी से व्हाइटनर लगाकर दस्तावेजों के साथ छेड़खानी कर विधायक सरयू राय को बचाना चाहता है।

### मामला अभी कोर्ट में है : सरयू राय

इधर, इस मामले में विधायक सरयू राय से पूछने पर उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है। किसी अन्य स्रोत से उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। फिर भी वे इसे देखेंगे। मामला अभी कोर्ट में है।

### डीजीपी से जांच कराने व कार्रवाई की मांग

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आप्त सचिव ने राज्य के डीजीपी से थाना प्रभारी डोरंडा और अनुसंधान अधिकारी की संलिप्तता की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। बताया गया कि पहले यह प्रेस वार्ता खुद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता करने वाले थे, लेकिन अंतिम समय में उनके आप्त सचिव ने प्रेस वार्ता की।

सुप्रभात

रांची, शनिवार

01.07.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आषाढ़, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 346




12 दिवाली में रिलीज होगी अक्षय की हाउसफुल -5

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### पहाड़ी बाबा भी डिजिडल अब क्यूआर कोड से भी चंदा



**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने दानदाताओं के लिए क्यू आर कोड के माध्यम से दान देने की सुविधा शुरू कर दी है। समिति के अनुसार पवित्र सावन माह से बाबा भोले के भक्तों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यह व्यवस्था की गयी है। समिति ने सभी भक्त एवं दानदाताओं को सूचित किया कि वे क्यू आर कोड के माध्यम से दान दे सकते हैं। इसके साथ ही परम्परा तरीके से जैसे दानपेटी मे पूपन एवं रसीद के माध्यम से भी दान दिया जा सकता है।

### सिमडेगा के देवनदी में मिला महिला का शव

**सिमडेगा।** कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत के सिजाग देवनदी से एक महिला का शव मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नदी से महिला के शव को निकाला। उसकी पहचान बरसलोया बरटोली निवासी 65 वर्षीय सुको सोरेंग के रूप में की गयी है।

### गिरिडीह में पारस बोले अभी पीएम की वैकेंसी नहीं

**गिरिडीह।** यहां आयोजित लोजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पार्टी नेता सह केंद्रीय खाद प्रसंस्करण एवं उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने विपक्ष पर खूब हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम सभी वर्ग की बेहतरी के लिए काम कर रहे हैं। विपक्षी दलों की बैठक पर प्रहार करते हुएश्री पारस ने कहा कि अभी पीएम की कुर्सी के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। विपक्ष के कई नेता पीएम बनने का सपना देख रहे हैं, जो कभी पूरा नहीं होगा। इस दौरान संगठन मजबूती समेत कई मुद्दे पर चर्चा की गयी।

### पलामू में जेजेएमपी का उग्रवादी गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली पलामू और लातेहार में कई नक्सल घटनाओं में शामिल रहा है। पुलिस की पूछताछ में नक्सली ने गहरे राज उगले हैं, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। गिरफ्तार नक्सली प्रमोद सिंह उर्फ दीपक प्रतिबंधित नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद के एरिया कमांडर है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 55,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 71,000 रु./प्रति किलो |

## भोगनाडीह में शहीदों को नमन कर बोले सीएम, हमें वीर पुरखों के बलिदान पर गर्व

# सभी स्वावलंबी और सक्षम बनें, यही हमारा संकल्प

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शिक्षा एवं स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था से ही स्वस्थ और मजबूत समाज एवं राज्य बन सकता है। सरकार इसी प्रतिबद्धता के साथ के साथ अपनी कार्य योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हूल दिवस के अवसर पर शुक्रवार को अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की पवित्र भूमि-भोगनाडीह (बरहेट, साहिबगंज) में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस मौके पर सीएम ने कहा, हमें अपने वीर पुरखों के बलिदान पर गर्व है। इस मौके पर अमर शहीद की भूमि भोगनाडीह से सीएम ने 16434.841 लाख रुपये की कुल 616 योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलायी जा रही है। आप आगे बढ़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध करायेगी। हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है।



### वीरों और शहीदों की धरती है झारखंड

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड सदैव से ही वीरों और शहीदों की धरती रही है। हमारे पुरखों और पूर्वजों ने एक तरफ शोषण और जुल्म के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, वही ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उलगुलान। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो- कान्हू, चांद -भैरव फूलो-झानो, तिलका मांझी, नीलांबर-पीतांबर जैसे हजारों वीरों ने अंग्रेजों के खिलाफ जंग में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। हमें अपने इन वीर शहीदों पर गर्व है। आने वाली पीढ़ी को को इनकी वीरगाथा से अवगत करायें।

## आप आगे बढ़ें, सरकार आपको कार्य उपलब्ध करायेगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हर वर्ग और हर तबके की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं चलाई जा रही है। जरूरत है कि आप आगे बढ़ें, आपको सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कार्य उपलब्ध कराएगी। हर व्यक्ति स्वावलंबी और सक्षम बने, यह हमारा संकल्प है। इसके पूर्व मुख्यमंत्री ने हूल दिवस के अवसर पर शहीद स्थल, पंचकठिया, बरहेट, साहिबगंज में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा की और अमर वीर शहीद सिदो -कान्हू को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वहां से मुख्यमंत्री संताल परगना के भोगनाडीह पहुंचे। यहां भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए और शहीद सिदो-कान्हू के वंशजों को सम्मानित किया गया। भोगनाडीह में आयोजित कार्यक्रम में हेमंत सोरेन संताली भाषा में अपना भाषण दिया। भोगनाडीह में सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



### हूल दिवस पराक्रमियों के शौर्य की याद दिलाता है : पीएम

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने हूल दिवस पर संताल हूल के वीर शहीदों को नमन किया है। पीएम ने ट्वीट कर कहा कि कहा कि हूल दिवस हमें अन्याय के खिलाफ सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत कई अन्य पराक्रमियों के शौर्य और साहस का स्मरण कराता है। उनके संघर्ष की गाथा देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। हमारे आदिवासी समाज के वीर-वीरांगनाओं को शत-शत नमन। उनके संघर्ष की गाथा देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने ट्वीट कर कहा है कि ये दिन अन्याय के खिलाफ सिद्धो-कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानो समेत कई अन्य पराक्रमियों के शौर्य और साहस की याद दिलाता है।

### राष्ट्रपति ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की

वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हूल दिवस पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुक्रवार को कहा कि जनजातीय भाई-बहनों की शौर्य गाथाएं, भावी पीढ़ियों को सदैव मातृभूमि की सेवा के लिए प्रेरित करती रहेंगी। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, हूल दिवस पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों सिदो-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो समेत सभी वीर-वीरांगनाओं को मैं नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

## आखिरकार इडी दफ्तर पहुंचे जेल अधीक्षक हामिद अख्तर

# फुटेज मामले में कहा, मगरमच्छों के बीच रहता हूं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के समन पर आखिरकार रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर नसीम खान इडी के सवालों का सामना करने के लिए इडी ऑफिस पहुंचे। इडी ने जब जेल अधीक्षक से सवाल-जबाब किया तो जेल अधीक्षक ने कहा, मगरमच्छ के बीच रहता हूं, आप समझिये! इडी जेल मैनुअल और फुटेज उपलब्ध नहीं कराने के मामले में तलब किये गये थे। गौरतलब है कि कई बार समन जारी होने के बाद भी जेल अधीक्षक इडी के दफ्तर में हाजिर नहीं हो रहे थे, जिसके बाद उन्हें इडी ने फिर समन जारी किया था। मनी लाउंड्रिंग के आरोपियों की जेल की गतिविधियों को लेकर रांची जेल अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर नसीम खान से इडी ने पूछताछ की जा रही थी। (शेष 11 पर)



### नहाने के दौरान डूबने से दो युवकों की मौत

**दुमका।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मयूराक्षी नदी में शुक्रवार को बास्कीचक में नहाने के क्रम में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों में नगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपाड़ा निवासी मो अफजल (17) और सोनू (20) शामिल हैं। बताया जाता है कि तीन दोस्त नहाने के लिए बास्कीचक गये हुये थे, जहां गहरे पानी में डूबने से दो की मौत हो गयी। वही एक को डूबने से बचा लिया गया।

## लोकेश समेत तीन को उम्रकैद की सजा

### 25 हजार जुर्माना भी, तीनों को तीन जुर्म के लिए अलग-अलग सजा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**अग्रवाल बंधु दोहरा हत्याकांड**

**रांची।** राजधानी के बहुचर्चित अग्रवाल बंधु हत्याकांड में दोषी करार साधना न्यूज चैनल के संचालक लोकेश कुमार चौधरी, गार्ड धर्मेंद्र कुमार तिवारी एवं बॉडीगार्ड सुनील कुमार उर्फ सुनील सिंह को अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनायी। साथ ही तीनों पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर ढाई साल अतिरिक्त जेल काटनी होगी। शुक्रवार को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने उक्त सजा सुनायी। सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान तीनों को जेल से वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश किया गया था। 6 मार्च 2019 को लालपुर निवासी व्यवसायी हेमंत अग्रवाल व महेंद्र अग्रवाल की हत्या कर दी गयी थी। अदालत ने तीनों को हत्या के आरोप में उम्र कैद के साथ 10 हजार रुपये का जुमार्ना, लाश छिपाने के जुर्म में तीन साल व पांच हजार रुपये जुमार्ना एवं आर्म्स एक्ट में पांच साल की सजा के साथ पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। तीनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। (शेष 11 पर)

## जांच को कोलकाता भेजा गया था कागजात

# 36 जमीन के कागजात जाली, अज्ञात पर केस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा जांच के लिए कोलकाता भेजे गये 36 भूमि के दस्तावेज फर्जी पाये गये हैं। जिसके बाद कोलकाता रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस ने शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। इडी के मुताबिक, यह काम भूमि घोटालेबाजों से जुड़े थे, जो बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में बंद हैं। कोलकाता रजिस्ट्रार ने 36 भूमि के दस्तावेजों की वास्तविकता की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने जांच के बाद सभी दस्तावेजों को जाली पाया। इसके बाद रजिस्ट्रार ने कोलकाता पुलिस में एफआईआर दर्ज करायी है। इडी ने रांची में करोड़ों रुपये के भूमि घोटाले में पूर्व रांची डीसी छवि रंजन, पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश और कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल सहित अन्य को गिरफ्तार किया है। इडी ने जमीन घोटाले में कारोबारी विष्णु अग्रवाल और झारखंड हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील हिमांशु मेहता से भी पूछताछ की है।

### रिकॉर्ड से की गई छेड़छाड़

इडी जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि गैर-बिक्री योग्य सरकारी भूमि, सेना की भूमि और यहां तक कि निजी भूमि को व्यक्तियों के एक समूह ने फर्जी रिकॉर्ड बनाकर और फर्जी दस्तावेज बनाकर संबंधित भूमि रिकॉर्ड प्राधिकरणों में उपलब्ध रिकॉर्ड में छेड़छाड़ करके हासिल कर लिया। इडी ने कहा है कि रांची में जालसाजों का एक गिरोह सक्रिय है, जिसे फर्जी दस्तावेज बनाने, हेराफेरी करने और असली जैसे दस्तावेज बनाने में महारत हासिल है।

### बस स्टैंड से स्प्रे और लाइटर के साथ नाबालिग धराया

**रांची।** गुरुवार को रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में हुए भीषण अग्निकांड को एक सिरफिरे नाबालिग के द्वारा अंजाम दिया गया था। 15 साल के इस नाबालिग ने पांच घंटे के अंतराल में नौ बसों में आग लगाकर पूरी राजधानी को हिला दिया। रांची पुलिस ने 12 घंटे के अंदर अगलगी की साजिश का खुलासा करते हुए नाबालिग को निरुद्ध कर लिया है। पुलिस ने बताया कि इस पूरी वारदात को इसी ने अंजाम दिया था। चर्चा है कि वह बस में खलासी था, पर उसे नौकरी से हटा दिया गया था।

### धनबाद में धारा 144

**धनबाद।** धनबाद अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी ने बाघमारा अंचल के कैलुडीह, छाताबाद, आकाश किनारी के संपूर्ण परिधि में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निषेधाज्ञा जारी कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने कहा कि बाघमारा अंचल के कैलुडीह, छाताबाद, आकाश किनारी में 30 जून के पूर्वाह्न से ही दो पक्षों के बीच आपसी तनाव की स्थिति पैदा होने से विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त हुई है।

## पुतिन ने की मोदी से बात, मेक इन इंडिया समेत कई मुद्दों पर चर्चा

# मोदी परम मित्र, भारत-रूस मैत्री सदा अटूट

## मेक इन इंडिया की जमकर तारीफ की

एजेंसी

**मॉस्को।** रूस में वैगनर आर्मी के विद्रोह के बाद पुतिन के बारे तमाम अटकलों को बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को भारतीय पीएम मोदी से फोन पर बात की। दोनों ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी। क्रेमलीन की ओर से जारी बयान में कहा गया, दोनों नेताओं ने हाल में सैन्य विद्रोह और यूक्रेन से संबंधित स्थिति पर चर्चा की। फोन कॉल से पहले राष्ट्रपति पुतिन ने रूस में एक सभा में पीएम नरेंद्र मोदी की खुल कर सराहना की। साथ ही मोदी को मॉस्को का शानदार मित्र बताया। पुतिन ने कहा भारत और रूस की मित्रता अटूट है और आगे भी रहेगी। मोदी की तारीफ करते हुए पुतिन ने कहा कि मोदी के मेक इन इंडिया अभियान का भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में प्रभावशाली असर पड़ा है। राष्ट्रपति रूसी एजेंसी फॉर स्ट्रैटेजिक इनीशिएटिव्स (एएसआई) की ओर से आयोजित एक सम्मेलन में बोल रहे थे। यह रूस के खिलाफ निजी सैन्य समूह वैग्नर के अल्पकालिक सैन्य विद्रोह के बाद राष्ट्रपति पुतिन की पहली प्रमुख सार्वजनिक उपस्थिति थी।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पीएम मोदी को अपना और मास्को का शानदार मित्र बताते हुए कहा कि उनकी 'मेक इन इंडिया' पहल का भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में प्रभावशाली प्रभाव पड़ा है। मेक इन इंडिया प्ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर वास्तव में बेहद प्रभावशाली असर डाला है। जो चीज अच्छा काम कर रही है, उसका अनुकरण करने में कोई बुराई नहीं है, भले ही उसकी शुरूआत हमने नहीं, बल्कि हमारे दोस्तों ने की हो। पुतिन ने पश्चिमी देशों की प्रतिबंध नीतियों के चलते रूसी कंपनियों के लिए मौजूद अवसरों पर चर्चा करते हुए भारत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मॉस्को के लिए हमारी कंपनियों को विभिन्न सहायता मंच उपलब्ध कराने की जरूरत है, ताकि उन्हें अपने उत्पादों का अधिक कुशल विपणन करने में मदद मिल सके। विदेशी निवेशकों को लुभाने के वास्ते एक प्रभावी मॉडल बनाने के लिए भारतीय नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने आधुनिक सोच और प्रौद्योगिकी के जरिये रूसी उत्पादों को ज्यादा सुविधाजनक एवं क्रियाशील बनाने की दिशा में काम करने पर भी जोर दिया।




# हूल क्रांति के महानायकों के उद्देश्यों को आत्मसात करने की जरूरत : सुदेश

## आजसू पार्टी ने पूरे राज्य में दी संथाल हूल के महानायकों को श्रद्धांजलि, कहा- शहादत से युवा पीढ़ी प्रेरणा ले

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजादी के बड़े आंदोलनों में से एक हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो के उद्देश्यों को राज्य सहित पूरे देश के लोगों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनके विचारों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन कर अमर शहीदों की गाथा को उच्चतम स्तर पर ले जाने का प्रयास जारी है। इस लड़ाई के बारे में देश के हर नागरिक को विस्तार से जानने और समझने की आवश्यकता है। ये बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रांची स्थित सिदो-कान्हू पार्क में संथाल हूल के महानायक सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि उस समय के ऐसे कई स्वतंत्रता सेनानी हैं, जिन्हें अभी तक उचित सम्मान नहीं मिल पाया है। कोलकाता के रिसर्च सेंटर ने उस वक्त की लड़ाई में शामिल दस स्वतंत्रता सेनानियों के नाम जारी किये हैं, जिससे साफ होता है कई लोग और कई समाज संगठित रूप से इस लड़ाई में शामिल थे। सरकार को इन सभी लोगों को बराबर की मान्यता देने की जरूरत है। ऐसे स्वतंत्रता सेनानी जिनके नाम अभी तक सामने नहीं आ पाये हैं, उनके नाम सामने लाने के लिए एक विशेष शोध टीम तैयार कर अध्ययन करवाना चाहिए, ताकि हम इन नेतृत्वकर्ताओं को



धरोहर की तरह स्थापित कर पायें। वर्तमान सरकार शहीद और उनके परिवार को उचित सम्मान देने में असफल है। कुछ दिन पहले एक शहीद की 7वीं पीढ़ी ने अपने आजीविका के लिए मुख्यमंत्री को आवेदन दिया, जो बिल्कुल सही नहीं है। अभी तक उन्हें उचित सम्मान मिल जाना चाहिए था। ऐसी स्थिति चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि वर्षों के त्याग, बलिदान, तपस्या और अनगिनत शहादतों के बाद हमें झारखंड अलग राज्य मिला। लेकिन, अलग राज्य आंदोलन की लड़ाई के पीछे जो मुद्दे थे, जो सोच थी, जो सपने थे, क्या वे पूर्ण हुए? क्या हम उन वीर योद्धाओं के सपनों का झारखंड बना पाये? यह चिंतन करने का वक्त है।

युवाओं से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत से युवा पीढ़ी प्रेरणा ले तथा राज्य को नयी दिशा देने में सकारात्मक भूमिका अदा करे।

हूल दिवस के अवसर पर पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने रामगढ़ में, उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने चंदनकियारी में, प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने घाटशिला में, महासचिव एवं विधायक, गोमिया विधानसभा क्षेत्र ने गोमिया में और आजसू पार्टी के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी एवं सभी अनुषंगी इकाई के पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर संताल हूल के महानायकों को नमन किया एवं उनकी संघर्ष गाथा पर प्रकाश डाला।

रांची में सिदो-कान्हू पार्क में शहीद सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसमें मुख्य केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, आजसू बुद्धिजीवी मंच के रांची जिलाध्यक्ष डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, भरत काशी, अंचल किंगर, राजेंद्र शाही मुंडा, बनमाली मंडल, आशुतोष गोस्वामी, पारसनाथ उरांव, सीमा सिंह, गौतम सिंह, सुनिल यादव, बंटी यादव, रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, नेहा, जब्बार अंसारी, ओम वर्मा, नीरज वर्मा, टीके मुखर्जी आदि पार्टी पदाधिकारी, नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आज से बदला स्कूलों का टाइम टेबल सुबह नौ बजे से पढ़ाई

**रांची।** आदर्श दिनचर्या के अनुसार एक जुलाई से अब स्कूल में कक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगी। इस दौरान प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 8.45 बजे विद्यालय प्रबंधन द्वारा लंबी घंटी लगायी जाएगी। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा क्रियाकलाप का समय प्रातः 9 से 09.15 होगा। प्रार्थना सभा की कुल अवधि 15 मिनट की होगी। विभाग ने ऐसा राज्य में मॉनसून के दस्तक देने के बाद ही तय किया है। प्रचंड गर्मी पड़ने से स्कूलों का समय बदलने के साथ-साथ कुछ दिनों के लिए छुप्ती भी घोषित की गई थी। विभाग ने कहा था कि तापमान में गिरावट आने से एक जुलाई से बदलेगी।

# शारदा ग्लोबल में स्टूडेंट्स काउंसिल के लिए चयनित छात्रों का अलंकरण समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में स्टूडेंट्स काउंसिल के लिए चयनित छात्रों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें छात्रों को उनके कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व का बोध कराया गया। सेरेमनी का आयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम से प्रारम्भ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. श्रीमती रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की प्रक्रिया का श्री गणेश किया।

सभी छात्र परिषद के नवनिवार्चित सदस्यों को शपथ दिलायी गयी कि वे अपने निर्धारित कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा के साथ पालन करेंगे। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ (श्रीमती) रजना स्वरूप एवं प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित किया।




**सीनियर काउंसिल**

**हेड ब्वाय** : अभ्यांसु कक्षा 12-ए, हेड गर्ल प्राची - प्रिया कक्षा 12-सी
**डेपुटी हेड ब्याय** : शान सहाय कक्षा 10-सी, डेपुटी हेड गर्ल - शाब्दी माथुर कक्षा 9
**एक्यूटिव डिसीप्लिन** : मेहर कक्षा 10-सी एवं मानव चौहान कक्षा 10-बी
**स्पोट्‌र्स कैप्टन** : सचिन कक्षा 11-बी एवं किंजल कक्षा 12-सी
**एक्यूटिव को करिकुलम** : कनक कक्षा 11-बी + अंशु पांडेय कक्षा 11-ए
**स्कूल एक्ज्यूक्यूटिव** : मलक हसन कक्षा 9-बी एवं ऐश्वर्या कक्षा 12-सी
(स्कूल काउंसिल मेंबर्स में चारों सदनों के कैप्टन का चयन हुआ है)
**कैप्टन** : करेज हाउस (रेड) - अंकित कुमार दूबे, रायटियस हाउस (ब्लू) - आयुष राज, एक्यूबरेंट हाउस (यलो) - अलका शर्मा, विजडम हाउस (ग्रीन) - रौनक राज
**वाइस कैप्टन** : रायटियस (ब्लू) - रूमेल , एक्यूबरेंट (येलो) - हर्ष राजवर्धन, विजडम (ग्रीन)- श्रुति

**जूनियर काउंसिल**

**डेपुटी डिसीप्लिन** : सानिध्य सिन्हा
**डेपुटी स्पोट्‌र्स** : आदित्य प्रधान
**डेपुटी को-करिकुलर** : नव्या अग्रवाल,
**स्कूल एक्जक्यूटिव** : तृषा
**वाइस कैप्टन** : करेज हाउस - अनिश्री कोनवार, रायटियस - अन्वेषा मिश्रा, एक्ज्यूबरेंट - नायजा नागिल एवं विजडम - दक्ष कुमार।

### रांची विवि के महिला अध्ययन केंद्र में सेमिनार संपन्न

**रांची।** भारतीय महिला अध्ययन संघ और रांची विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के महिला अध्ययन केंद्र में शुक्रवार को पांच दिवसीय सेमिनार का समापन हो गया। सेमिनार में झारखंड की महिलाओं के मुद्दों पर चर्चा हुई। सेमिनार में आदिवासियत की पहचान और स्वशासन, झारखंड आंदोलन में महिलाओं का योगदान, महिलाएं और समुदाय, भूमि अधिग्रहण, भूमि अधिकार, डायन प्रथा, मुस्लिम महिलाएं व उनका समाज, आदिवासी महिलाओं की भागीदारी, वन अधिकार, एकल महिलाओं की समस्याएं और झारखंड में जनाधिकार आंदोलन जैसी मुद्दों पर चर्चा की गयी। सेमिनार में आईएडब्ल्यूएस अध्यक्ष प्रो ईशिता मुखोपाध्याय, अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ रंजना श्रीवास्तव डॉ. विनीता, महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ ममता कुमारी ने भाग लिया।

# गुरु पूर्णिमा पर पुंदाग के साईं मंदिर में 3 को विशेष पूजा-अर्चना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आगामी 3 जुलाई को साईं मंदिर पुंदाग में विशेष पूजा अर्चना के साथ ही महाभंडारा का आयोजन किया गया है। साईं मंदिर के संस्थापक पुजारी रंजन पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा दिवस पर सुबह 5:00 बजे बाबा की काकड़ आरती के साथ विशेष पूजा अर्चना शुरू होगी। इसके बाद शाम 6:00 बजे शाही मंगल स्नान, 7:15 बजे छोटी आरती और दोपहर 12:00 बजे मध्यान आरती के बाद महाभंडारे का आयोजन किया गया है। महाभंडारा प्रारंभ करने के साथ भजन कीर्तन भी प्रारंभ होगा, जो रात 9:00 बजे तक चलेगा। शाम 6:30 बजे धूप आरती और रात में 9:00 बजे सेज आरती के साथ विशेष पूजा कार्यक्रम का समापन होगा। महाभंडारा एवं पूजन



कार्यक्रम में सैकड़ों बस भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। मंदिर के पुजारी रंजन पांडे ने भक्तों से अनुरोध किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर विशेष पूजन कार्यक्रम में शामिल हो और महाभंडारा में भोग ग्रहण करें।

# हूल क्रांति 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हूल क्रांति दिवस पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सिदो कान्हू पार्क, रांची में स्थित संथाल हूल के अमर नायक सिदो-कान्हू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसके उपरांत कांग्रेसजनों के द्वारा प्रदेश कांग्रेस भवन, रांची में भी अमर नायक सिद्धू-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिदो-कान्हू एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगूल फूंका था। यह आंदोलन 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी। यह



सबसे अधिक संगठित और सशक्त आन्दोलन था जो संथाली अपनी माप्ती के खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुआ हूल से पूरे संथाल में उर्जा का संचार हुआ, जो हुल दिवस के नाम से जाना जाता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बन्धु तिर्की, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, मदन मोहन शर्मा, रवीन्द्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, अमरेन्द्र सिंह, कमल ठाकुर, डॉ राकेश किरण महतो, पप्पु पासवान, सुंदरी तिर्की, इन्दिरा तुरी, नेली नाथन, सूर्यकांत शुक्ला, निरंजन पासवान, प्रेम कुमार, जगदीश साहु, बेलस तिर्की, मो केसर इकबाल खान, प्रदीप कुमार, उमी कुमार, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, अजय सिंह, जगरनाथ साहु, दिनेश लाल सिन्हा सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

# कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई जारी रखना सराहनीय फैसला : पासवा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश पासवा अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा है कि अंगीभूत कॉलेज, सरकारी व गैर-सरकारी प्लस टू विधालयों में इन्टरमीडिएट की पढ़ाई जारी रखने का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आदेश सराहनीय एवं सही फैसला है। पासवा अध्यक्ष ने कहा 28 जून को सरकार से आग्रह किया था कि 10 वीं पास छात्र छात्राओं का इंटरमीडिएट में एडमिशन नहीं लिये जा रहे हैं, जिसकी वजह से लाखों बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। आलोक दूबे ने राज्य सरकार से आग्रह किया था कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई जल्द से जल्द शुरू कराया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के आदेश के बाद बच्चों के नामांकन का मार्ग प्रशस्त होगा।

वहीं, दूसरी तरफ श्री दूबे ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी इंटरमीडिएट की पढ़ाई अंगीभूत कॉलेज, संबंध डिग्री

### पासवा अध्यक्ष आलोक दूबे ने दी सीएम को बधाई

कॉलेज एवं प्लस टू विधालयों में पढ़ाई बंद करने का अविवेकपूर्ण निर्णय लेते कैसे हैं, इनको ऐसी हिम्मत कौन देता है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल में चार लाख से ज्यादा बच्चे इस बार मैट्रिक पास किये हैं, ऐसे में शिक्षा विभाग एवं विशेषकर सचिव को यह सोचना चाहिए था कि जैक बोर्ड में इंटर की पढ़ाई बंद करके राज्य के बच्चों का जीवन बर्बाद करने का अधिकार किसने दिया। श्री दूबे ने कहा अधिकारियों के वजह से एक तरफ आम लोगों को परेशानी होती है और सरकार की बदनामी भी होती है। हर छोटी-बड़ी चीजों में मुख्यमंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ता है, यहां तक कि राज्य में तपती गर्मी में छुट्टियां बढ़ाने को लेकर भी मुख्यमंत्री को सामने आना पड़ा।

# एमएमटीटीसी चक्रधरपुर में जेएसओयू के अध्ययन केंद्र का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मधुसूदन महतो टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज चक्रधरपुर में शुक्रवार को झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्र का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती गीता कोड़ा थीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा द्वारा ही राज्य का विकास होगा। जेएसओयू द्वारा किये जा रहे प्रयास को उन्होंने सराहा।

मौके पर झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी (जेएसओयू) के कुलपति ने कहा कि वैसे विधार्थी जो किसी वजह से उच्च शिक्षा से वंचित हैं, उनके लिए एक रास्ता खुल गया है। पूर्व राजस्व मंत्री मथुरा महतो ने कहा कि राज्य सरकार हमेशा शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। कुलसचिव डॉ घनश्याम कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड अब भी जीइआर के मामले में राष्ट्रीय



औसत से बहुत पीछे है और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से ही हम लोग राष्ट्रीय औसत के करीब पहुंच सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय रोजगार परक शिक्षा देने के लिए कृत संकल्प है। झारखंड की अर्थव्यवस्था को नॉलेज आधारित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समुचित कार्य करने की आवश्यकता है।

मांडू के विधायक जयप्रकाश पटेल ने दूरस्थ शिक्षा के और प्रचार-प्रसार करने की जरूरत बतायी। डॉ मनोज अगरिया, कोऑर्डिनेटर, जेएसओयू ने भी यूनिवर्सिटी के कार्यकलापों की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक सुखराम उरांव भी उपस्थित थे। डॉ वरुण मंडल, डिप्टी राय, एमएमटीटीसी के डायरेक्टर श्यामल महतो, सेक्रेटरी प्रिया महतो, एमएमटीटीसी के सारे अधिकारी और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

# पंचायती राज और रांची नगर निगम के टेंडर में गड़बड़ी : प्रमोद कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएसन ने राज्य के सरकारी विभागों में निविदाओं में मनमानी करने का आरोप लगया है। शुक्रवार को रांची के एक होटल में मीडिया से बात करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने संयुक्त रूप से पंचायती राज विभाग और नगर निगम के टेंडर पर सवाल खड़ा किया है।

प्रमोद कुमार ने बताया की झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग से जनवरी 2023 में भारत सरकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के संचालन के लिए मानवबल उपलब्ध कराने को निविदा प्रकाशित की गई जिसमें कुल 32 एजेंसीओं ने भाग लिया। तकनीकी मूल्यांकन के बाद 26 जून 2023 को पत्र के माध्यम से कुल 12 एजेंसियों को योग्य एवं शेष एजेंसियों को अयोग्य घोषित किया गया। वहीं 27 जुलाई 2023 को वित्तीय भाग खोलने की सुचना भी इसी पत्र के माध्यम से दी



गई। उन्होंने कहा कि इस पूरी निविदा में अनियमितता प्रारम्भ से ही शुरू हो चुकी थी किसके निर्देश पर या किसके आदेश पर हुई यह जांच का विषय है। इस अवसर पर नीरज पांडेय, विजय कुमार, कृत कुमार, अनुज कुमार, विशाल राज, रोहित कुमार उपस्थित थे।

**निविदा में ऑफलाइन प्रक्रिया क्यो अपनायी गयी :** प्रमोद कुमार ने कहा है कि इस निविदा के अनुसार अंकित मानवबल की संख्या एवं उनके वेतनमान से अनुमानतः इसपर लगभग सालाना 20-25 करोड़ की लागत आएगी। इतनी बड़ी निविदा के लिए ऑफ लाइन प्रक्रिया क्यों अपनाई गई, यह सवालों के घेरे में है। निविदा प्रक्रिया के नियमानुसार जो भी निविदादाता अयोग्य होते हैं उन्हें उनके कागजातों की कमियों के सम्बन्ध में जानकारी के साथ स्पष्टीकरण हेतु समय दिया जाता है, परन्तु ऐसा कुछ भी नहीं किया गया एवं आनन फानन में वित्तीय भाग खोल दिया गया।

उन्होंने कहा है कि निविदा के घोर अनियमितता तब और उजागर हो गई जब तकनिकी रूप से योग्य निविदादाता के समक्ष वित्तीय भाग खोला तो गया परन्तु किसी भी निविदादाता का दर सार्वजनिक नहीं किया गया। पूछे जाने पर जवाब दिया गया कि आपको अपने दर की जानकारी है न विशेष जानकारी बाद में दी जाएगी। इस प्रक्रिया से निविदा के वित्तीय भाग के साथ छेडछाड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसको लेकर प्रमोद कुमार ने दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

**रांची नगर निगम में भी गड़बड़ी का आरोप :** प्रमोद कुमार ने रांची नगर निगम के निविदा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां भी भारत सरकार की परियोजना अर्वन हेल्थ वेलनेस सेंटर के संचालन हेतु मानवबल की निविदा में कुल तीन निविदादाता को सफल घोषित करते हुए उनका वित्तीय भाग खोला गया था। जिसमें एडवांस बिजनेस कॉरपोरेट नामक ऐजेन्सी एल-1 आयी थी। यहां एल-2 ऐजेन्सी के द्वारा रांची नगर निगम को एक पत्र के माध्यम से यह जानकारी दी गई कि एल-1 ऐजेन्सी राज्य के एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर से ब्लैकलिस्ट कि हुई है। रांची नगर निगम द्वारा इस पत्र के अलोक में दिनांक 31 मार्च 2023 को स्वास्थ्य विभाग से जानकारी के लिए पत्र प्रेषित किया गया।

उन्होंने कहा कि नियमतः रांची नगर निगम को उस पत्र के जवाब का इंतजार करना चाहिए था परन्तु एक तरफ पत्र प्रेषित करने के साथ निगम ने एल-2 ऐजेन्सी को कायार्देश भी दे दिया। दिनांक 29 मई 2023 को स्वास्थ्य विभाग के पत्र के माध्यम से जानकारी दी गई कि एल-1 ऐजेन्सी आज की तिथि में स्वास्थ्य विभाग से ब्लैकलिस्ट नहीं है। ऐसी परिस्थिति में निगम को तत्काल एल-1 ऐजेन्सी को कायार्देश दे देना चाहिए था परन्तु अब तक ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। इस स्थिति में संगठन ने मांग किया है कि विभाग तत्काल एल-1 ऐजेन्सी को कार्य आवंटित करे और जिस ऐजेन्सी के द्वारा गलत तथ्य प्रस्तुत किया गया है उस ऐजेन्सी के खिलाफ कठोर करवाई की जाये ताकि वह सरकार के किसी विभाग में निविदा डालकर व्यवधान पैदा न कर सके।

# डीपीएस में इंटर स्कूल क्विज फेस्टिवल एड मेलियोरा-23 का हुआ आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस रांची ने शुक्रवार को विवेकानंद सभागार में एड मेलियोरा 2023- इंटर स्कूल क्विज फेस्टिवल का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में झारखंड राज्य के 21 स्कूलों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंत मिश्रा, स्टेट एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर, झारखण्ड एजुकेशन प्रोजेक्ट कॉउंसिल थे। इस प्रतियोगिता में सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल, टॉरियन वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल (बोकारो), दिल्ली पब्लिक स्कूल (धनबाद), ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, विद्या विकास पब्लिक स्कूल, सरला बिरला पब्लिक स्कूल, टेंडर हार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल (धुर्वा), सेंट जेवियर्स स्कूल (डोरंडा), ब्रिजफोर्ड स्कूल, सेंट माइकल्स स्कूल, सेंट अलॉयसियस इंग्लिश मीडियम स्कूल, शारदा ग्लोबल स्कूल, कैराली स्कूल, बिशप वेस्टकॉट बॉयज स्कूल, कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, बिशप वेस्टकॉट गर्ल्स स्कूल, लोयोला कॉन्वेंट स्कूल, ओडीएम सफायर ग्लोबल स्कूल और श्रद्धानंद बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभागियों ने अपने मेंटर शिक्षकों के साथ भाग लिया।

# अग्निपथ योजना के तहत रांची में सेना भर्ती रैली आज




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्निपथ योजना के तहत रांची के मोरहाबदी मैदान में आज से सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी शुक्रवार को प्रेसवार्ता में ब्रिगेडियर मुकेश गुरूग ने दी। इस योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए एक से नौ जुलाई तक रांची के मोरहाबादी मैदान में रैली का आयोजन किया गया है।

ब्रिगेडियर मकेश गुरूग ने बताया कि अभ्यार्थियों को 12 जून को ही प्रवेश पत्र मेल के द्वारा भेज दिया गया है। इस रैली में झारखंड के लगभग 13 हजार अभ्यार्थी शामिल होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में नामांकित किया जायेगा, जिसके पूर्ण होने के बाद संगठनात्मक आवश्यकता के आधार पर 25 प्रतिशत योग्य व कुशल अग्निवीरों को स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर मिलेगा।

## नाबालिग ने कहा- बदले की भावना से घटना को दिया अंजाम

# खलासी की नौकरी से निकाला इसलिए बसों में लगा दी आग

पुलिस अभिरक्षा में है नाबालिग

नाबालिग ने स्प्रे, लाइटर से लगाई थी बसों में आग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड में गुरुवार को बस अग्निकांड को एक सिरफिरे नाबालिग ने अंजाम दिया था। 15 साल के इस नाबालिग ने पांच घंटे के अंतराल में नौ बसों में आग लगाकर पूरी राजधानी को हिला दिया।

रांची पुलिस ने 12 घंटे के अंदर अगलगी की साजिश का खुलासा करते हुए नाबालिग को निरुद्ध कर लिया है।

### नाबालिग ने स्प्रे और लाइटर से लगायी आग



नाबालिग के पास से पुलिस ने एक स्प्रे और लाइटर बरामद किया है। इसी लाइटर और स्प्रे के जरिए उसने एक-एक कर नौ बसों को आग लगा दी। इस अगलगी में 8 बस तो जलकर खाक हो गए थे, जबकि एक को जलने से बचा लिया गया था। पुलिस की पूछताछ में नाबालिग ने यह बताया कि उसने बस की टंकी के पास पहले इस स्प्रे को मारा और फिर लाइटर से उसमें आग लगा दी। इस वजह से आग तेजी के साथ फैलती चली गई। फिलहाल निरुद्ध नाबालिग से पुलिस की टीम पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इस साजिश में और भी कुछ लोग शामिल हैं।

### पुलिस की जांच जारी

रांची के सीनियर एसपी किशोर कौशल ने बताया कि नाबालिग ने ही बसों में आग लगाई थी। नाबालिग के पास से एक स्प्रे मिला है, जिसमें स्प्रिट भरा हुआ था। इसी स्प्रे के माध्यम से बसों में आग लगाई गई थी। जानकारी के अनुसार नाबालिग रांची के नामकुम इलाके का रहने वाला है। वह पिछले कुछ दिनों से खादगढ़ा बस स्टैंड में ही खलासी का काम कर रहा था। इसी दौरान उसे नौकरी से निकाल दिया गया था।

## खबर एक नजर में

### गवर्नर ने हूल क्रांति के वीरों को किया याद



रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को हूल दिवस के अवसर पर राज भवन में हूल क्रान्ति के महानायक सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मथुरा महतो ने दी सिदो-कान्हू को श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मुख्य सचेतक सह टुंडी विधायक मथुरा महतो ने 'हूल दिवस' पर अपने आवास में हूल क्रांति के महानायक सिदो-कान्हू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सिदो और कान्हू भाइयों की अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह में उनके योगदान को झारखंड और देश की जनता भुला नहीं सकती। इस मौके पर फूलचंद किस्कू, श्रवण टुडू, इंद्रालाल बास्की, राजीव रंजन, राजेश कच्छप, राजेश महतो, प्रदीप महतो उपस्थित थे।

### झारखंड आइएमए एनएसएस की नयी कमेटी गठित, डॉ बीपी कश्यप बने अध्यक्ष



**रांची।** राष्ट्रीय आईएमए के निर्देश पर राज्य स्तरीय नेशनल सिक्योरिटी स्कीम (एनएसएस) कमिटी की घोषणा की गई है। नयी कमिटी में आईएमए झारखंड के डॉ बीपी कश्यप (रांची) को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष डॉ गौतम मैत्रा (रांची), सचिव डॉ निमाईचंद्र गांधी (देवघर) और संयुक्त सचिव डॉ संतोष प्रसाद (पलामू) को बनाया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को झारखंड आईएमए के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार सिंह और सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी है। बताते चलें कि नयी कमिटी का कार्यकाल साल 2023-24 के लिए होगा।

### रिम्स के स्टेट रेफरेंस लैबोरेट्री में टेक्निकल ऑफिसर के लिए निकली वैकेंसी

**रांची।** झारखंड स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा रिम्स में टेक्निकल ऑफिसर (स्टेट रेफरेंस लैबोरेट्री) के 1 पद पर वैकेंसी निकली है। अनुबंध पर आधारित इस नियुक्ति में चयनित अभ्यर्थी को 35000 रुपये प्रति माह वेतन का भुगतान किया जाएगा। 12 जुलाई को सुबह 9:00 से 11:30 तक निदेशक कार्यालय में साक्षात्कार का आयोजन किया गया है। बीएससी/एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, बायोकेमेस्ट्री, बायोटेक्नोलॉजी या लाइफ साइंस की पढ़ाई करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। बीएससी पास अभ्यर्थियों के पास लैब में काम करने का 5 साल का अनुभव होना चाहिये, जबकि एमएससी पास अभ्यर्थियों के पास लैब में 2 साल काम करने का अनुभव होना चाहिये।

### नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म मामले में अमित कुमार को 10 साल की कैद, जुर्माना भी

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने शुक्रवार को नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म मामले में दोषी सदर थाना क्षेत्र निवासी अमित कुमार को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त छह महीने जेल काटनी होगी। अदालत ने उक्त आरोप में 27 जून को दोषी ठहराया था। उस पर नाबालिग का अपहरण करने के आरोप में सदर थाना में जून 2021 में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने प्राथमिकी के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा



**रांची।** मधुकम रोड नंबर 5 में मंदिर के वार्षिक उत्सव के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। शाम में जन जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। बतौर मुख्य अतिथि हिंदू नेता भैरव सिंह कलश यात्रा और जन जागृति कार्यकम दोनों में शामिल हुए। मंदिर के आयोजनकर्ता ने बताया कि भैरो सिंह बतौर मुख्य अतिथि अपने भाषण में कहा कि समाज को अगर मजबूत बनाना है तो सर्वप्रथम अपने बच्चों को शिक्षा और संस्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त करना होगा। जिससे परिवार समाज और देश सुदृढ़ हो सके। उन्होंने झारखंड में हो रहे लव जिहाद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यही के लोग अवैध रूप से उनका राशन कार्ड और पहचान पत्र बना रहे हैं और ऐसे लोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं जो मददगार हैं, उन्हें जानने की जरूरत है।

### रामगढ़ डीएसपी का घरेलू विवाद हाईकोर्ट में

कोर्ट ने डीजीपी को निर्णय लेने का दिया निर्देश

**रांची।** रामगढ़ के डीएसपी किशोर कुमार रजक और उनकी पत्नी का घरेलू विवाद का मामला अब झारखंड हाई कोर्ट में है। डीएसपी किशोर कुमार रजक की पत्नी वर्षा की ओर से दाखिल याचिका पर शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए डीजीपी को 6 सप्ताह में रामगढ़ डीएसपी के पत्र पर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। आपको बता दें कि उनकी पत्नी के द्वारा इस पूरे विवाद पर निष्पक्ष जांच के लिए मामला सीआईडी को सौंपने का आग्रह किया गया है। हालांकि अब तक डीजीपी की ओर से कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सुनवाई के दौरान उनके अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि वर्षा श्रीवास्तव ने वर्ष 2022 में अपने पति के खिलाफ मारपीट, दहेज और उत्पीड़न को लेकर दो प्राथमिक दर्ज कराई है। जिसे डीएसपी ने फर्जी बताया है।

### प्रदेश कांग्रेस कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग विस्तारित कमिटी की बैठक चार जुलाई को



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कला-संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाईक की अध्यक्षता में शुक्रवार को कांग्रेस भवन, रांची में आगामी चार जुलाई को को पुराना विधानसभा सभागार में होने वाली प्रदेश एंव जिला पदाधिकारी की विस्तारित कमिटी की बैठक में कार्यक्रम की सफलता एवं कलाकारों की 14 सूत्री मांगों को लेकर चर्चा की गई। संगठन के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाईक ने बताया कि 4 जुलाई को आयोजित होने वाली बैठक की रूप-रेखा तैयार की गई है और पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेवारियों की समीक्षा की गई। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकरी अध्यक्ष बंधु तिर्की, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, स्वस्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व कार्यकरी अध्यक्ष केशव कमलेश महतो, कार्यालय प्रभारी अमूल्य नीरज खलखो, कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रविंदर सिंह, आवास बोर्ड अध्यक्ष संजय लाल पासवान, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि बैठक में राज्य के सभी जिलों से कमिटी के कलाकार शामिल होंगे। बैठक में महासचिव पंकज रॉय, सचिव सालोनी तिर्की, सचिव उम्मी कुमार, सचिव आंसू कुमार बड़ाईक, अरविन्द साहू , शंकर कुमार थे।

# सिनेमा हॉल के कर्मचारी की संदेहास्पद स्थिति में मौत, जांच में जुटी रांची पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के लालपुर थाना क्षेत्र में रजत कुमार नामक युवक का शव बरामद किया गया है। रजत पुरुलिया रोड स्थित मिराज सिनेमा में काम करता था। बता दें कि रांची के लालपुर थाना क्षेत्र स्थित पैंटालून मॉल के ठीक सामने वाली गली में किराए के मकान में रहने वाले 27 वर्षीय रजत कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके कमरे में ही पाया गया। घटना गुरुवार देर रात की है। रजत की लाश को देख उसके दोस्तों ने आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी देर रात लालपुर पुलिस को भी दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

### हाथ बंधा था, इसलिए जांच जरूरी

लालपुर थाना प्रभारी ममता कुमारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का ही लगता है लेकिन मृतक के दोनों हाथ आगे की तरफ गमछा से बंधे हुए थे इसलिए एहतियातन सभी तरह की जांच पुलिस कर रही है। रजत के परिजनों ने भी पुलिस से मामले में जांच की मांग की है।

### दोस्तों ने तोड़ दिया था दरवाजा

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि खिड़की से रजत फंदे पर झूलता हुआ दिखा था। जब उसके दोस्त पहुंचे तब उन्होंने दरवाजा खोलने की कोशिश की लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। उसके दोस्तों ने दरवाजा तोड़ा और शव नीचे उतारा। हालांकि तब तक रजत की मौत हो चुकी थी। घर की चाभी भी रजत के पॉकेट से ही बरामद की गई है। वहीं कमरे से निकलने का कोई दूसरा दरवाजा भी नहीं है। पुलिस के अनुसार कई लोग अपने हाथ को गमछे से बांधकर सुसाइड करने की कोशिश करते हैं ऐसा पहले भी हो चुका है। हालांकि रजत मामले की जांच पुलिस के द्वारा की जा रही है, अगर किसी भी तरह का संदेह भरा मामला सामने आएगा तो उस पर जांच की दिशा आगे बढ़ेगी।

## गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की मां ने बेटे की सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट से लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव की मां ने उसकी सुरक्षा की मांग को लेकर हाईकोर्ट से गुहार लगाई है। अमन की मां मीनू श्रीवास्तव ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल कर यह मांग की है कि अमन श्रीवास्तव को जेल के बाहर सुरक्षा मुहैया करायी जाए। अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि अमन को जेल के बाहर दूसरे आपराधिक गिरोहों से खतरा है, इसलिए उससे जुड़े मुकदमों की सुनवाई फिजिकल मोड में न कर वर्चुअल मोड में की जाए। साथ ही कोर्ट के समक्ष सशरीर पेशी करने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से अमन की पेशी करवाई जाए। क्योंकि अमन श्रीवास्तव के पिता गैंगस्टर सुशील श्रीवास्तव की भी कोर्ट में पेशी के दौरान ही गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। ऐसे में अमन पर जानलेवा हमले का अंदेशा है। फिलहाल मीनू श्रीवास्तव की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है।

बता दें कि झारखंड एटीएस ने अमन को मुंबई से गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से वह रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में हैं। अमन के पिता सुशील श्रीवातव की हत्या हजारीबाग सिविल कोर्ट में दिनदहाड़े गोली मार कर कर दी गई थी। अमन ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखा था। फिलहाल अमन श्रीवास्तव पर हत्या, हत्या का प्रयास, रंगदारी के लिए धमकी देने समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। जिसकी संख्या 45 से ज्यादा है।

## तीन जुलाई तक मौसम साफ रहने की संभावना चार से फिर होगी बारिश

**रांची।** राजधानी रांची समेत राज्यभर में गुरुवार से मानसून का असर कम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो बंगाल की खाड़ी से उठे साइक्लोन के कमजोर पड़ने के कारण राज्य में मानसून का असर कम देखा गया। हालांकि शुक्रवार को सुबह से राजधानी में हल्की बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगले चार दिनों तक मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है। इस दौरान बादल साफ रहने के बावजूद हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। तीन जुलाई तक मौसम साफ रहने की ज्यादा संभावना है, लेकिन देश के मध्य भाग से लेकर पश्चिमी से पूर्व तक मानसून टर्फ झारखंड से होकर गुजर रहा है। इससे राजधानी समेत राज्य के कुछ भागों में हल्की बारिश होने का पूवार्नुमान है।

# जिले के पांच थानेदार बदले

**रांची।** रांची एसएसपी किशोर कौशल ने जिले के पांच पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। संजीव कुमार को बुंडू थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं बुंडू थाना प्रभारी पंकज भूषण को प्रोजेक्ट भवन भेजा गया है। प्रोजेक्ट भवन में तैनात पंकज कच्छप को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। सोनहातू के अंचल निरीक्षक रमेश कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस केंद्र में पदस्थापित सुनील कुमार तिवारी को सोनाहातू के अंचल निरीक्षक बनाया गया है।

इधर, बुंडू थाना में पदस्थापित एएसआई सूरज कुमार लांबा का एसआई में पदोन्नति मिलने पर बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने उन्हें सम्मानित किया। इस बाबत डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि उनके बेहतर कार्य करने के लिए उनका पदोन्नति दी गई है उन्होंने बताया कि इनको बुंडू थाना से रांची सीआईडी में पदोन्नति दी गई है।

# 83 सीसीएलकर्मी सेवानिवृत्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीसीएल से मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत पांच कर्मियों कुमूद देवी, साधु चरण, श्यामली सेनगुप्ता, पूनम देवी को सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को सीसीएल परिवार की ओर से विदाई दी गई। जून माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 83 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें विदाई दी गई।

सम्मान समारोह के दौरान सेवानिवृत कर्मियों पर निर्मित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। फिल्म के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मियों ने कार्यनुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया।

समारोह में महाप्रबंधक सुश्री रश्मि दयाल ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की। मंच संचालन विभागाध्यक्ष (कल्याण) रेखा पाण्डेय ने किया।

## छह मरीजों को पीएम आपदा राहत कोष से मिले 15 लाख रुपये

**रांची।** सांसद संजय सेठ की अनुशंसा पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से पिछले 3 महीने में छह लोगों को असाध्य रोगों के इलाज के लिए 15 लाख रुपये की राशि दी गई है। मरीजों का इलाज कर रहे अस्पतालों को उनके बेहतर इलाज के लिए यह राशि भेजी गई है। सांसद ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। जिन लोगों को राहत कोष से राशि मिली है, वे सभी रांची लोकसभा क्षेत्र के निवासी हैं। हटिया निवासी रिद्धिका तिवारी, कोकर निवासी सानवी राय, रातू रोड निवासी आशीष तिग्गा और हरमू निवासी अभिजीत कुमार चंद्रवंशी को 3-3 लाख रुपये इलाज के लिए दिये गये हैं। इनके अलावा पंडरा निवासी राजाराम सिंह को 2.5 लाख और खलारी निवासी उमा देवी के लिए 50 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। इनमें 2 कैंसर के मरीज हैं। इन सभी का उपचार सीएमसी वेल्लोर, मुंबई, पुणे, कोलकाता जैसे महानगरों में बड़े अस्पतालों में चल रहा है।

# हूल क्रांति की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है राज्य की गठबंधन सरकार : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य की वर्तमान सरकार हूल क्रांति की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने प्रदेश कार्यालय में हुल दिवस के अवसर पर वीर शहीद सिदो कान्हो, चांद भैरव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर सपूतों ने अपनी अस्मिता, सांस्कृतिक पहचान को बचाने, अपनी जमीन की रक्षा के लिए शोषण और अत्याचार के खिलाफ अपनी शहादत दी थी। उन्होंने कहा कि आज झारखंड जमीन खान खनिज के लूट की भूमि बन गई है। गरीबों की जमीन सरकार के संरक्षण में दलाल, बिचौलिए लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठिए केवल संथाल परगना की धरती की डेमोग्राफी ही नहीं बदल रहे जनजाति समाज की बहन बेटियों की इज्जत से खेल रहे। उनकी हत्या कर रहे और राज्य सरकार मौन बैठी है। श्री प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार अमर शहीद सिदो कान्हो के वंशज रामेश्वर मुर्मू को भी सुरक्षा नहीं दे सकी। अपराधियों ने उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आदिवासी के नाम पर केवल अपनी कुर्सी बचाना चाहती है।

### अंग्रेजों के खिलाफ प्रथम विद्रोह का बिगुल संथाल परगना से फूंका गया : बाबूलाल

भाजपा नेता विधायक दल एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शहीद सिदो कान्हो को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जब आम समाज अंग्रेजी दासता के खिलाफ बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहा था उसके बहुत पहले ही जनजाति समाज के वीर सपूतों सिदो कान्हो चांद भैरव ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अंग्रेजो से लड़ाई लड़ी और अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि उनके सपने अभी अधूरे हैं। उसे पूरा करके ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

**हूल दिवस झारखंड के इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा :कर्मवीर सिंह**

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि हुल दिवस झारखंड के इतिहास का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि 30जून 1855 को संथाल परगना के 400 गांवों से 50 हजार लोगों ने सिदो कान्हो चांद भैरव के नेतृत्व में अंग्रेजों के खिलाफ मेरी माटी छोड़ो का नारा दिया था। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में गंगोत्री कुजूर, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव, पवन साहू, सीमा शर्मा, उषा पांडेय, केके गुप्ता, वरुण साहू, बलराम सिंह, रविनाथ किशोर, अरुण झा, संदीप वर्मा, शोभा यादव, संजय जायसवाल, कमाल खान, लक्ष्मीचंद्र दीक्षित, प्रमोद पांडेय आदि उपस्थित थे।

## चेक और कैश के साथ-साथ अब क्यूआर कोड से भी कर सकेंगे दान

# पहाड़ी बाबा हुए डिजिटल, इस सोमवारी से श्रद्धालुओं से लेंगे ऑनलाइन दान

सुधीर

**रांची।** अपने पहाड़ी बाबा भी अब डिजिटल हो गए हैं। पहली बार इस सोमवारी से बाबा भक्तों से ऑनलाइन दान भी लेंगे। पूर्व में चेक और कैश के साथ-साथ रसीद के माध्यम से बाबा पर चढ़ावा चढ़ाया जाता था परंतु अब, डिजिटल भारत में पहाड़ी बाबा ऑनलाइन भी दान लेंगे। इसके लिए रांची के पहाड़ी मंदिर पर क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है। पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सह रांची के डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर पहाड़ी मंदिर विकास समिति के सचिव सह अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार दुबे और कोषाध्यक्ष सह पंडरा बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने पहाड़ी मंदिर के मुख्य द्वार और प्रवेश द्वार पर क्यूआर कोड से दान लेने की व्यवस्था की है। दूसरे फेज में अन्य पांच जगहों पर और क्यूआर कोड की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि भक्तों को ऑनलाइन दान देने में कहीं कोई परेशानी न हो।



**दान पेटी से मिलते रहे हैं विदेशी नोट** : पहाड़ी मंदिर की दान पेटी से पहले भी विदेशी सिक्के और नोट मिलते रहे हैं। अभी हाल में भी गिनती के दौरान नेपाली नोट मिला था। इसके अलावा यूरो और डॉलर में भी बाबा को चढ़ावा मिल चुका है। इतना ही नहीं बाबा को नाग और बेलपत्र के अलावा धातु के बने कई आभूषण चढ़ाए जाते रहे हैं। परंतु अब, क्यआर कोड उपलब्ध कराये जाने से बाबा के दानदाताओं के साथ-साथ-साथ बाबा को चढ़ाये जानेवाले चढ़ावा में भी इजाफा होगा।

### दान के लिए रखी गयी है 21 दान पेटियां

पूर्व में पहाड़ी मंदिर पर दान देने के लिए 21 दान पेटियां रखी गई है। इनके अलावा काउंटर पर 10, 20, 50 और 100 रुपये के कूपन के साथ-साथ दान के लिए रसीद की भी व्यवस्था की गई है। इतना कुछ होने के बाद भी वैसे भक्त, जो डिजिटल कारोबार करते करते हैं। उनके लिए ऑनलाइन दान देने की व्यवस्था की गई है। उन्हीं के डिमांड पर क्यूआर कोड की व्यवस्था की गई है। अब वह क्यूआर कोड के माध्यम से दान दे सकेंगे। कोषाध्यक्ष ने बताया कि दान पेटी में दान देने के समय कई भक्त ऑनलाइन दान देने की डिमांड करते थे। उन्हीं के डिमांड पर समिति के अध्यक्ष ने ऑनलाइन दान देने की व्यवस्था कराई है। अब वक्त घर बैठे भी पहाड़ी बाबा पर क्यूआर कोड के माध्यम से चढ़ावा चढ़ा सकते हैं।

पहले फेज में मुख्य मंदिर और सबसे नीचे में क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। दूसरे फेज में और 5 अन्य जगहों पर क्यआर कोड की व्यवस्था दी जायेगी।
**उत्तम कुमार, कोषाध्यक्ष, पहाड़ी मंदिर विकास समिति, रांची।**

# व्यवसायी की हत्या के बाद 21 माह फरार रहा लोकेश चौधरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये राजधानी में हुए बहुचर्चित अग्रवाल बंधु दोहरे हत्याकांड के दोषी लोकेश चौधरी धर्मेंद्र तिवारी और सुनील सिंह को उम्रकैद की सजा सुनायी। हत्याकांड के बाद से आरोपी लोकेश चौधरी करीब 21 माह तक फरार रहा था। इस दोहरे हत्याकांड में दोषियों को सजा दिलाने में कई गवाहों की अहम भूमिका रही। जिन गवाहों ने ठोस गवाही दी उसमें बासुदेव बनर्जी, प्रीति अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, ओम प्रकाश अग्रवाल, शेखर कुमार अग्रवाल, सूरज कुमार पासवान, उदित नारायण, सुमीत नारायण, राकेश कुमार, शरदेंदु शेखर, डॉ. रतनेश कुमार, पंकज कुमार, डॉ. मनोज कुमार कोरह, अमरनाथ सिंह, निर्णय कुमार सिन्हा, इंस्पेक्टर राजीव रंजन लाल, जांच अधिकारी बिनोद कुमार का नाम शामिल है।

उल्लेखनीय है कि 6 मार्च 2019 को अशोक नगर के एक निजी न्यूज चैनल के दफ्तर में दो भाइयों हेमंत अग्रवाल और महेन्द्र अग्रवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना का अंजाम देने के बाद लोकेश चौधरी ने झारखंड छोड़ दिया था। पुलिस की कई कोशिशों के बावजूद उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। फरारी रहते हुए उसने अग्रिम जमानत याचिका निचली अदालत से लेकर हाईकोर्ट तक दाखिल की। लेकिन कहीं भी उसे राहत नहीं मिली। पुलिस भी उसकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार दबिश बनाए हुई थी। कोविड-19 महामारी शुरू होने के 15 दिन पहले ही उसने पुलिस की दबिश पर 9 मार्च 2020 को अदालत में सरेंडर किया। जहां से उसे अदालत ने जेल भेज दिया। तब से वह लगातार जेल में ही है।

बता दें कि छह मार्च 2019 को अग्रवाल बंधु की हत्या हुई थी और उस दिन अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। वहीं 9 मार्च 2019 लोकेश को छोड़ अन्य की गिरफ्तारी हुई थी।

# मांग और मजबूरी

किसान संगठन कानूनी गारंटी की मांग कर रहे हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि एमएसपी पर गारंटी कानून बना दिया जाए, तब भी इसे पूरा करना संभव नहीं है ।कानून बनने के बाद भी सरकार पूरा अनाज खरीद पाने में सक्षम नहीं होगी। सब्सिडी का ढांचा ढह जाएगा और निजी व्यापारी भी उसे खरीदने के लिए आगे नहीं आएँगे। यदि कोई ऐसा नियम बन भी जाए तो निजी व्यापारी ऐसा करके घाटा उठाने के बजाय अनाज के आयात को प्राथमिकता दे सकते हैं। निसंदेह कृषि कानूनों की वापसी के बाद अब कृषि विकास की योजनाओं व कार्यक्रमों को तेजी से बढ़ाना होगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक पिछले 6-7 वर्षों में सरकार ने फसलों की एमएसपी में लगातार वृद्धि की है। कृषि का बजट पाँच गुना किया गया है। कृषि उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के कार्यक्रमों के अच्छे परिणाम दिखाई देने लगे हैं। किसानों को पानी की सुरक्षा देने के लिए बड़ी संख्या में सिंचाई परियोजनाएं शुरू कीं गई हैं। दशकों से लटकी करीब-करीब 100 सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने का अभियान चलाया जा रहा है। किसानों की जमीन को सुरक्षा देने के लिए, उन्हें अलग-अलग चरणों में 11 करोड़ सॉयल हेल्थ कार्ड दिए गए हैं। 2 करोड़ से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। एक लाख करोड़ रुपये का एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड, सोलर पावर से जुड़ी योजनाएं खेत तक पहुंचाने, 10 हजार नए किसान उत्पादन संगठन और देश के 70 से ज्यादा रेल रूटों पर किसान रेल चलने से छोटे किसानों के कृषि उत्पाद कम ट्रांसपोर्टेशन के खर्चे पर देश के दूरदराज के इलाकों तक पहुंच रहे हैं। पीएम किसान योजना के अंतर्गत अगस्त 2021 तक 11.37 करोड़ किसानों के बैंक खातों में डायरेक्ट बेनिफेट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिये 1.58 लाख करोड़ रुपये जमा किए जा चुके हैं।

# मोदी की लोकप्रियता

अमेरिकी अखबार इकॉनमिस्ट ने गत सप्ताह अपने अंक में आधा दर्जन रिपोर्ट एक भारतीय पैकेज में पेश कीं जिसकी आवरण कथा में अपरिहार्य बन चुके भारत को अमेरिका का नया बेहतरीन दोस्त बताया गया है, मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता बताया गया है, भारतीय प्रवासियों को सबसे बड़ा और दुनिया का सबसे प्रभावशाली समुदाय बताया गया है और तेजी से बढ़ते रक्षा और सुरक्षा समझौतों का जिक्र किया गया है। निश्चित तौर पर अमेरिका में रहने वाले भारतीयों ने 15 वर्ष पहले परमाणु समझौते के लिए लॉबीइंग की थी और अब वे तादाद और संपत्ति के लिहाज से इतने महत्त्वपूर्ण तो हैं कि अमेरिकी राजनेता उनकी अनदेखी न करें। परंतु यह दलील दी जा सकती है कि अगर श्रेष्ठ अमेरिकी भारतीय विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने आएं तथा भारतीय पासपोर्ट पाने के लिए लाइन लगाएं तब अवश्य इसे सही मायनों में भारत की सॉफ्ट पावर कहा जा सकता है।सक्षम भारतीय अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ने जाते हों, रोजगार के अवसर अमेरिकी टेक कंपनियों में हों, उन्हें अमेरिकी वित्तीय तंत्र की ताकत पर यकीन हो, वहां जीवन जीना सहज हो और अमेरिकी की लोकप्रिय संस्कृति उन्हें लुभाती हो। यह बात भारतीय व्यवस्था की कमियों को ही दिखाती हैं। भारत का बढ़ता सैन्य और आर्थिक कद और उसके बाजार की संभावना। इंडिगो और एयर इंडिया ने ढेर सारे विमानों का जो ऑर्डर दिया है वह तो इसका केवल एक प्रमाण है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्दी ही वह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार अमेरिकी अर्थव्यवस्था के 15 फीसदी के बराबर है लेकिन वैश्विक वृद्धि में उसका योगदान अमेरिकी योगदान के 60 फीसदी के बराबर है क्योंकि वह चार गुना तेजी से वृद्धि हासिल कर रहा है।

# समय की जरूरत है समान नागरिक संहिता



**देश** लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि समान नागरिक संहिता संविधान सम्मत है। भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि अब सरकार समान नागरिक संहिता पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन से पारित करवाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदम साफ कहा कि कुछ विरोधी दल जो तुष्टिकरण करते हैं तथा मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं, वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पाएगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार- बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने हमेशा इसका विरोध किया है।

उधर, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये हैं, उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है ताकि उसका विरोध ठंडा हो जाये। यही कारण है कि सबसे पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके सुझाव व विचार मांगे गये हैं ताकि भारत के सभी नागरिकों, समाजों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अपने मोबाइल, लैपटाप आदि के माध्यम से विधि आयोग की वेबसाइट पर जाकर आने विचार साझा कर सकती है। विधि आयोग की यह पहल सार्वजनिक होते ही मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली सभी संस्थाओं, नेताओं, सांसदों व विधायकों ने झूठ पर आधारित बयान देने की श्रृंखला प्रारम्भ कर दी है और यह अनवरत जारी है।



– मृत्युजय दीक्षित

> उधर, देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये हैं, उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है।

भाजपा की स्थापना के समय से ही समान नागरिक संहिता उसके तीन मूल ध्येयों में से एक रहा है। 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक वह दो प्रमुख ध्येय प्राप्त कर चुकी है। पहला अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राममंदिर का निर्माण प्रगति पर है और दूसरा जम्मू- कश्मीर से अनुच्छेद -370 की समाप्ति हो चुकी है। अब सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है।

वर्तमान में समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है जबकि गुजरात व उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है। उत्तराखंड में एक आयोग इस विषय पर आम जनता से मंत्रणा कर रहा है और उसकी रिपोर्ट 30 जून तक आ जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि उत्तराखंड की जनता से किया गया हर वादा हर हाल में पूरा किया जायेगा और राज्य में जल्द ही समान नागरिक संहिता को लागू किया जायेगा। गुजरात और उत्तराखंड में विधानसभा चुनाव से ऐन पहले भाजपा ने समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए आयोग गठित करके जनता को एक संदेश दिया था जिसका लाभ भी भाजपा को चुनावों में मिला था।

केंद्र सरकार ने इससे पूर्व भी 21वें विधि आयोग से समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे थे तब विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि, अभी देश में समान नागरिक संहिता की जरूरत नहीं है। लेकिन अब 22वें विधि अयोग ने एक बार फिर समान नागरिक संहिता पर अपनी पहल प्रारम्भ की है। इससे पूर्व 1985 में शाहबानो प्रकरण और फिर 2015 में भी सुप्रीम कोर्ट समान नागरिक संहिता पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कानून बनाने की बात कह चुका है। संविधान के अनुच्छेद -44 में भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही गयी है। इस अनुच्छेद का उद्देश्य संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक गणराज्य के सिद्धांत का पालन करना है। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारत के संविधान के भाग- 4 के अनुच्छेद 44 में है। इसमें नीति निर्देश भी दिया गया है कि समान नागरिक संहिता कानून लागू करना हमारा लक्ष्य होगा।

संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने भी संविधान सभा की बैठकों में समान नागरिक संहिता के पक्ष में जोरदार बहस की थी किंतु नेहरू जी की वजह से उनका प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया था। बाबा साहब ने कहा था, मैं व्यक्तिगत रूप से समझ नहीं पा रहा हूं कि क्यों धर्म को इस विशाल व्यापक क्षेत्राधिकार के रूप में महत्व दिया जाना चाहिए जो असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरा है जो हमारे मौलिक अधिकारों के साथ संघर्ष कर रहा है? हमारी सामाजिक व्यवस्था में सुधार करने के लिए हमें यह स्वतंत्रता प्राप्त हो रही है, हम क्या कर रहे हैं इस स्वतंत्रता के लिए?

समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद नागरिकों में समानता का भाव आएगा। इसका सबसे अधिक लाभ मुस्लिम महिलाओं को होगा पुरुषों को चार शादियों का अधिकार, हलाला, उत्तराधिकार जैसे विषयों में उन्हें अन्य महिलाओं के समान ही अधिकार मिलेंगे। समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद मजहब आधारित पर्सनल ला बोर्ड समाप्त हो जाएंगे। हिजाब और फतवों की राजनीति मंदी पड़ेगी। यही कारण है कि धर्मनिरपेक्षता का पाखण्ड करने वाले सभी दल गोलबंद होकर मुस्लिम समाज को भड़काने के लिए निकल चुके हैं।

भारत में समान नागरिक संहिता का विरोध केवल मजहबी आधार पर व मजहबी राजनीति को चमकाने के लिए किया जा रहा है जबकि यह अमेरिका, आयरलैंड, बांग्लादेश, मलेशिया, तुर्की, इंडोनेशिया, सूडान, मिस्त्र आदि जो धर्मनिरपेक्ष देश है जहां पर भी समान नागरिक संहिता लागू है। भारत में ही क्यों विरोध हो रहा है, यह समझने व समझाने की आवश्यकता है।

## खास बात

## डॉक्टर पर भरोसा



**डॉ कुलदीप कुमार**

सम्मान, भरोसे और भावनाओं से गुथा हुआ रिश्ता होता है डॉक्टर और मरीज का। जब कभी भी मुसीबत आती है तो हम डॉक्टर पर ही भरोसा करके उस बुरे वक्त से बाहर निकलते हैं। वहीं मरीज के विश्वास के बल पर ही डॉक्टर्स का मनोबल बढ़ता है और अपने काम में सफल होते हैं। जानिए, कुछ ऐसी बातें जो मरीज और डॉक्टर के रिश्ते को मजबूत बना सकती हैं। डॉ. कुलदीप कुमार बता रहें हैं इन बातो के बारे में...

विश्वास

विश्वास डॉक्टर और मरीज के रिश्ते की नींव है। समस्या से लेकर निदान तक का सफर विश्वास की सीढ़ियों से गुजरता है। संभव है कि, एक जैसी लगने वाली बीमारी के उपचार के तरीके अलग-अलग हों।

ऐसे में बेहद जरूरी है कि, मरीज उपचार के तरीकों को न आंके। विश्वास रखिए की आपकी तबीयत में आए सुधार को देखकर डॉक्टर्स को न सिर्फ खुशी मिलती है, बल्कि उनका मनोबल भी बढ़ता है।

व्यवहार

मरीज को जिज्ञासा होती है कि, वह अपनी हर तकलीफ डॉक्टर को बताए व बीमारी के बारे में पूर्ण जानकारी पाए। वहीं डॉक्टर खुशी-खुशी मरीज को सुन ले और उसे कह दे कि ठीक हो जाओगे तो वह आधा दुरुस्त हो जाता है।

डॉक्टर मरीज को ठीक करने की हर संभव कोशिश करता है, इसके बाद भी अगर वो सफल नहीं हो पाता तो इसके लिए डॉक्टर से बुरा व्यवहार करना गलत है।

इंटरनेट ज्ञान

ज्यादातर मरीज आजकल डॉक्टर को दिखाने से पहले इंटरनेट पर बीमारी के बारे में पता करके जाते हैं और डॉक्टर के डायग्नोस के बाद इंटरनेट और डॉक्टर के बयान की तुलना करते हैं।

वे डॉक्टर की लिखी दवाइयों को भी खाने से पहले इंटरनेट पर देखते हैं और उनके अच्छेबुरे प्रभाव जानकर दवाई लेना खुद ही बंद कर देते हैं। मरीजों का यह व्यवहार डॉक्टर को परेशान करता है।

(सदर अस्पताल, कोडरमा)

# शूर्पणखा का विलाप

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**शूर्पनखा** ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारब्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्धारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम

**काफी** अकेला हूं !
या
अकेला काफी हूं...!

नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए .... :

**– अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें उन विभूतियों के सपनों को याद करने का संदेश दिया है,जो देश की आजादी के लिए जिये या शहीद हुए, जिन्होंने हमें संविधान दिया।

**–अन्नपूर्णा देवी, सांसद**





**फाइलों** पर जलेबियां बनाने की परिपाटी का अंत इसी आधुनिक तकनीक के जरिये संभव होगा, पारदर्शी और जिम्मेवार शासन लोगों को इसी व्यवस्था से सुलभ होगा, डिजिटल गैप खत्म करें।

**–महेश पोद्दार सांसद**

# हजारों निर्दोष मुस्लिमों की जान लेने वाले ओबामा की भारत को सीख

## सामयिक

**मनोज शर्मा**

अमेरिका के राजकीय दौरे पर गये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में जब राष्ट्रपति जो बाइडन तथा उनका पूरा प्रशासन पलक पांवड़े बिछा रहा था उसी समय पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने सीएनएन को दिये एक साक्षात्कार के जरिये सनसनी फैला दी। इस साक्षात्कार में उन्होंने भारत के मुसलमानों की स्थिति पर चिंता जताई। साक्षात्कार में ओबामा ने कहा कि अगर मैं प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत करता तो मैं उनसे कहता कि अगर वह अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा नहीं करेंगे, तो भारत के टूटने की संभावना बनी रहेगी। ओबामा ने राष्ट्रपति जो बाइडन को भी सलाह दी कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान उनसे भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर बात करें।

देखा जाये तो ओबामा के इस साक्षात्कार की टाइमिंग को लेकर तो सवाल उठे ही हैं साथ ही इसके जरिये वह टूलकिट भी सामने आ गयी है जिसके जरिये मोदी को अल्पसंख्यकों से जुड़े मुद्दे को लेकर निशाने पर लेने का प्रयास किया जाता है। विदेशी मीडिया का इस संबंध में खूब सहारा लिया जाता है। बीबीसी गुजरात दंगों के 20 साल बाद उस पर डॉक्यूमेंट्री बनाती है। अमेरिकी अखबार वाल स्ट्रीट जनरल की पत्रकार सबरीना सिद्दीकी को भारत में हो रहे विकास या मजबूत होती भारतीय अर्थव्यवस्था के संबंध में प्रश्न पूछने की बजाय सिर्फ अल्पसंख्यकों की चिंता सताती है। आप जरा सभी घटनाओं को जोड़ कर देखेंगे तो आपको सारी कड़ियां जुड़ी हुई नजर आयेंगी। भारतीय प्रधानमंत्री की घेराबंदी करने के लिए धर्म का धंधा करने वाले टूलकिट से जुड़े लोगों ने मोदी के अमेरिका आगमन से पहले कुछ भारत विरोधी अमेरिकी सांसदों से एक पत्र अमेरिकी राष्ट्रपति को लिखवाया और उनसे मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाने का आग्रह किया। भारत विरोधी कुछ अमेरिकी सांसदों ने मोदी के स्वागत समारोह और अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में मोदी के संबोधन का बहिष्कार भी किया। यह लोग मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्वीट और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर पोस्ट भी करते रहे ताकि मोदी विरोधी अभियान को गति मिलती रहे। इसके अलावा, एक ओर उमर खालिद को रिहा करने की मांग संबंधी पोस्टर अमेरिका में लहराये गये तो दूसरी ओर खालिस्तान समर्थकों ने भी भारत विरोधी नारे लगाये। इस बीच, सबके सुर से सुर मिलाते हुए बराक ओबामा ने सीएनएन को साक्षात्कार देकर माहौल गमार्ने का प्रयास कर अपना भी योगदान दे दिया।

देखा जाये तो बराक हुसैन ओबामा के मन में मोदी विरोधी भावना आज से नहीं बल्कि शुरू से ही है। ओबामा को 2014 में यह कतई नहीं भाया था कि आम चुनावों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की इतनी प्रचंड विजय हुई कि गुजरात के मुख्यमंत्री पद से सीधे मोदी भारत के प्रधानमंत्री बन गये। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ओबामा प्रशासन इस बात के लिए मजबूर हो गया था कि वह भारत के प्रधानमंत्री को अमेरिका यात्रा का वीजा प्रदान करे। यही नहीं, 2015 में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जब ओबामा भारत आये तो अपने एक संबोधन में मोदी सरकार को मानवाधिकारों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर उपदेश देना नहीं भूले थे। अमेरिका में जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बने तो मोदी से उनकी गहरी दोस्ती ओबामा को कतई पसंद नहीं आती थी इसलिए 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ओबामा ने जो बाइडन के लिए जमकर प्रचार भी किया। जो बाइडन को अमेरिका स्थित मुस्लिम संगठनों का पूरा समर्थन दिलाने में भी ओबामा की बड़ी भूमिका रही थी।

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### कार सेवा का आग्रह

**मुसलमानों** ने श्रीराम मंदिर के निर्माण के लिए कार-सेवा करने का प्रस्ताव रखा है। यह निश्चित रूप से एक स्वागतयोग्य कदम है। देश में भाईचारे को बढ़ावा देने वाले ऐसे कार्यों को बढ़ावा देने का हरसंभव प्रयास होना चाहिए। वहां मस्जिद के साथ-साथ सर्व धर्म समभाव को बढ़ावा देने वाला एक केंद्र भी स्थापित किया जायेगा। धर्म सदैव जोड़ता है तोड़ता नहीं यह तय है। **– राजीव सिंह, कोडरमा**

### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की।राम मंदिर को सभी का मंदिर बनाया जाए ऐसा माहौल देश हित में होगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती।

**– सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# डॉक्टर समाज के रक्षक सम्मान के पात्र है

(राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस/01 जुलाई/विशेष)

**अनुष्का चौधरी**

**दुनियाभर** में डॉक्टर्स कोरोना महामारी के भयावह दौर में अपनी जान की परवाह किए बिना करोड़ों लोगों के जीवन की रक्षा करते नजर आ चुके हैं।विकट दौर में देश में ड्यूटी के दौरान सैकड़ों चिकित्सकों की मौत हुई। फिर भी चिकित्सक जी-जान से लोगों की जान बचाने में जुटे नजर आए। कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान तो बहुत से चिकित्सकों और चिकित्सा स्टाफ को अपनी छुट्टियां रद्द कर प्रतिदिन कार्य करना पड़ा। बहुत से चिकित्साकर्मी महीनों-महीनों तक अपने परिवार और छोटे बच्चों से भी दूर रहे। समाज के प्रति चिकित्सकों के ऐसे ही समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए कृतज्ञता और आभार व्यक्त करने तथा मेडिकल छात्रों को प्रेरित करने के लिए ही प्रतिवर्ष देश में पहली जुलाई को ह्यराष्ट्रीय चिकित्सक दिवसञ्ञ मनाया जाता है। गंभीर बीमारियों से जूझते मरीजों की जान बचाने का हरसंभव प्रयास करने वाले चिकित्सक वाकई सम्मान के सबसे बड़े हकदार हैं। चिकित्सक दिवस मनाने का मूल उद्देश्य चिकित्सकों की बहुमूल्य सेवा, भूमिका और महत्व के संबंध में आमजन को जागरूक करना, चिकित्सकों का सम्मान करना और साथ ही चिकित्सकों को भी उनके पेशे के प्रति जागरूक करना है।

## समाज

दरअसल कुछ चिकित्सक ऐसे भी देखे जाते हैं, जो अपने इस सम्मानित पेशे के प्रति ईमानदार नहीं होते लेकिन ऐसे चिकित्सकों की भी कमी नहीं, जिनमें अपने पेशे के प्रति समर्पण की कोई कमी नहीं होती। चिकित्सक दिवस की शुरूआत भारत में वर्ष 1991 में हुई थी। पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री और जाने-माने चिकित्सक डॉ. बिधान चंद्र रॉय के सम्मान में चिकित्सकों की उपलब्धियों तथा चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने वाले डॉक्टरों के सम्मान के लिए इसका आयोजन होता है। वे एक जाने-माने चिकित्सक, प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और वर्ष 1948 से 1962 में जीवन के अंतिम क्षणों तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने पश्चिम बंगाल में दुगार्पुर, बिधाननगर, अशोकनगर, कल्याणी तथा हबरा नामक पांच शहरों की स्थापना की थी। संभवतः इसीलिए उन्हें पश्चिम बंगाल का महान वास्तुकार भी कहा जाता है। कलकत्ता विश्वविद्यालय से मेडिकल की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 1911 में एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से ली। उन्होंने एक साथ फिजिशयन और सर्जन की रॉयल कॉलेज की सदस्यता हासिल कर हर किसी को अपनी प्रतिभा से हतप्रभ कर दिया था। वर्ष 1911 में भारत में ही एक चिकित्सक के रूप में उन्होंने अपने चिकित्सा करियर की शुरूआत की। वे कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शिक्षक नियुक्त हुए। वर्ष 1922 में वे कलकत्ता मेडिकल जनरल के सम्पादक और बोर्ड के सदस्य बने। 1926 में उन्होंने अपना पहला राजनीतिक भाषण दिया और 1928 में अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के सदस्य भी चुने गए।

डॉ. बिधान चंद्र रॉय ने 1928 में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के गठन और भारत की मेडिकल काउंसिल (एमसीआई) की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कई बड़े-बड़े पदों पर रहने के बाद भी वे प्रतिदिन गरीब मरीजों का मुफ्त इलाज किया करते थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### अग्रसेन स्कूल में मना खो-खो दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में शुक्रवार को खो-खो दिवस मनाया गया। इस अवसर पर चल रहे इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। जिसमें लड़कियों में सीवी रमण हाउस ने मदर टेरेसा हाउस को 28-19 अंक से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। बिरसा मुंडा हाउस तीसरे और आरएन टैगोर हाउस चौथे स्थान पर रहा.लड़कों में बिरसा मुंडा हाउस ने आरएन टैगोर हाउस को 22-17 से हराकर जीत दर्ज की। सीवी रमण हाउस तीसरे और मदर टेरेसा हाउस को चौथा स्थान मिला। मौके पर स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि खो-खो का अपना एक समृद्ध इतिहास रहा है। यह खेल स्फूर्ति और उच्च ऊर्जा वाला खेल है, जो खिलाड़ियों को शारीरिक फिटनेस देता है। साथ ही त्वरित निर्णय लेने की क्षमता भी प्रदान करता है। खेल शिक्षक प्रकाश ओझा ने खिलाड़ियों को खो-खो का इतिहास और इससे जुड़े नियमों की जानकारी दी।

### झामुमो ने मनाया हूल दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो कार्यालय भुरकुंडा में शुक्रवार को सिद्धो-कान्हु का 132वां हूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सिद्धो-कान्हु के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही सिद्धो-कान्हु, चांद-भैरो एवं फुलो-झानो अमर रहें का नारा भी बुलंद किया गया। प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, मुकेश राउत, जयराम बेदिया, उदय मालाकार, टिंकु बेदिया, बिरेंद्र यादव, चरकू गंझू, गणेश बेदिया, कामेश्वर करमाली, राजन करमाली, अनिल एक्का, नकुल सिंह, अमृत कुमार सिंह, राजू बेदिया, कुलेश्वर राम, धरमदास राम, सत्यनारायण यादव, मुखलाल बेदिया आदि मौजूद थे।

### सिद्धो-कान्हु को दी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मतकमा चौक भुरकुंडा में शुक्रवार को वीर शहीदों को याद करते हुए हूल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्व पार्षद झरी मुंडा ने मतकमा चौक स्थित सिद्धो-कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद सभा हुआ। झरी मुंडा ने कहा कि सन् 1855 के महानायक सिद्धो-कान्हु, चांद-भैरो एवं फुलो-झानो की शहादत भुलाया नहीं जा सकता। अंग्रेजो व महाजनो के खिलाफ लड़ाई लड़कर इनसबों ने देश की जनता को सुरिक्षत किया। उन्होंने कहा कि इन जन महानायकों ने जल, जंगल व जमीन की लड़ाई लड़कर हक-अधिकार व मान-सम्मान की रक्षा की। इनके अधूरे सपनों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री मुंडा ने जन महानायको के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए इनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व पार्षद दर्शन गंझू, माले नेता सरयु मुंडा, पूर्व मुखिया रामदास बेदिया, मनोज मांझी, प्रेम साव, दशाराम मांझी, तुलसी बेदिया, महादेव मांझी, रोहित मुंडा, ब्रह्मदेव मुर्मू, गीता मांझी, निता सोरेन, शीला देवी, छोटकी देवी, रिया मुर्मू, अमतीका मुर्मू, प्रिन्सी मुर्मू सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

### झामुमो का सम्मान समारोह आज



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय भुरकुंडा में हुई। शनिवार को सयाल अम्बेडकर भवन में झामुमो का मिलन सह सम्मान समारोह होगा। इस समारोह में सयाल उत्तरी पंचायत के पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव के नेतृत्व में सयाल उत्तरी पंचायत के वार्ड नंबर 10 से लगभग 500 लोग झामुमो में आस्था व्यक्त करते हुए और उनके कार्यों से प्रेरित होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामेंगे। झामुमो नेताओं ने बताया कि कार्यक्रम में झामुमो के महासचिव सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया और पार्टी के रामगढ़ जिलाध्यक्ष बिनोद किस्कु मुख्य रूप से उपस्थित होंगे।इस समारोह में झामुमो के तमाम गणमान्य नेता और सम्मानित कार्यकर्तागण सहित पतरातू प्रखंड से सैकड़ों लोग इसमें शामिल होंगे। मौके पर पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, जिला संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, केंद्रीय सदस्य मुकेश राउत, उदय मालाकार, अनिल एक्का, चरकू गंझू, कामेश्वर करमाली, गणेश बेदिया, सत्यनारायण यादव, नकुल सिंह, राजन करमाली, राजू बेदिया आदि मौजूद थे।

### पोचरा में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग

**रामगढ़।** पोचरा ग्राम वासियों ने वंजारी मंदिर के निकट स्ट्रीट लाइट लगाये जाने की मांग की है। इस संबंध में लोगों ने कहा की वंजारी मंदिर नो इंट्री जोन क्षेत्र में रात में खड़े भारी वाहनों के कारण आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं। कहा की दुर्घटनाओं का कारण वहां पर स्ट्रीट लाइट नही होना है। लोगों ने कहा की यदि वहां पर स्ट्रीट लाइट लग जाए तो इन हादसों को रोका जा सकता है।

### भाजपा ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**कुजू।** भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू व भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू के संयुक्त नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने शुक्रवार को कुजू ट्रांसपोर्ट नगर, रामनगर आदि स्थानों में जाकर डोर टू डोर जन संपर्क अभियान चलाया। नरेंद्र मोदी के 9 साल बेमिसाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण अभियान के तहत इन सालों में केंद्र सरकार के द्वारा किये गये विकास कार्यों की जानकारी देते हुए 2024 में फिर से राज्य व केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रंजीत सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, आशीष कुमार, सुधान सिंह सोनू कुमार सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# डीसी और एसपी ने सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदानों को याद किया।

उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी समाज,सभ्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिद्धू कान्हु चांद भैरव के योगदानों को हमेशा याद रखा जाएगा। 30 जून 1855 को मौजूदा साहेबगंज ज़िले के भोगनाडीह गांव में वीर सिदो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में 400 गांवों के लगभग 50000 लोगों ने उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंका था।

मौके पर आदिवासी समाज के अध्यक्ष रमेश कुमार हेम्ब्रोम, रामकिशोर मुर्मू, महेन्द्र बेक,बालकृष्ण टुडू,मनोज टुडू,सुशील ओड़िया,नीरज कुमार बेसरा,बटेश्वर प्रसाद मेहता, जगन कच्छाप, फूलवा रानी, शिक्षक सुन्दर राम, बबलू मुर्मू, महेंद्र टोप्पो, पप्पू एक्का, हीरालाल किस्कू,महादेव सोरेन ,महालाल हंसदा,शिवजी टुडू ,मथुरा हेम्ब्रोम रतन केरकेट्टा, महेंद्र कुजूर, प्रदीप मुर्मू,आदि उपस्थित रहे।



# रामगढ़ में दिनदहाड़े युवती से झपट्टा चेन

- महाविद्यालय के समीप पंचवटी अपार्टमेंट के समक्ष वारदात सीसीटीवी कैद हुई पूरी घटना
- पुलिस ने शहर में तीन स्थानों पर चलाया चेकिंग अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ महाविद्यालय के निकट स्थित पंचवटी अपार्टमेंट के समक्ष टहल रही एक युवती से बाइक सवार उचक्के ने चेन छीन लिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है।

पुलिस ने रामगढ़ शहर में तीन स्थानों बिजुलिया, रामगढ़ कॉलेज के निकट तथा थाना चौक में चेंकिंग अभियान चलाया। चेन छिनतई की घटना सीसीटीवी में कैद होने के बाद भी अभी तक महिला या उनके परिजनों के द्वारा पुलिस को किसी भी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई है। सीसीटीवी में यह स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि जैसे ही युवती मेन रोड छोड़कर पंचवटी अपार्टमेंट रोड में पहुंची। वैसे ही पीछे से एक बाइक सवार आया और थोड़ी दूर आगे आने के बाद बाइक मोड़ कर तेजी से युवती के पास पहुंचा और झटके से गले में हाथ डाल कर चेन छीनकर तेजी से फरार हो गया। बाइक सवार अपराधी ने अपने मुंह में रुमाल बांध रखा था। साथ ही इस छिनतई में जिस बाइक का उपयोग किया गया है, उसमें नंबर भी नहीं था।



### महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह राणा हुए सेवानिवृत्त

**दारू।** इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, सीमा सुरक्षा बल, ने 05जनवरी 2023 को प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय मेरू कैम्प हजारीबाग का पदभार ग्रहण किया था। शुक्रवार को अपने 37 वर्ष सेवाकाल पूर्ण करने के उपरांत से इंद्रजीत सिंह राणा सेवानिवृत हुए। इंद्रजीत सिंह राणा का जन्म वर्ष 1963 में दिल्ली में हुआ था । राणा ने वर्ष 1983 में स्नातक की डिग्री प्रथम श्रेणी मे उर्त्तीण करने के उपरांत सीमा सुरक्षा बल में सहायक कमाडेंट के पद से देश सेवा आरम्भ की थी। राजस्थान, जम्मू काशमीर, पंजाब, असम, में अर्तराष्ट्रीय सीमा पर कर्तव्यो का निर्वाहन किया, व उग्रवाद ग्रस्त दुर्गम क्षेत्रो में एवं एंटी नक्सल आपरेशन में बल के विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की है। इन इलाको में आपने सीमा प्रबंधन, आतंकवाद तथा उग्रवाद विरोधी कार्यवाहियों व आतंरिक सुरक्षा डयूटी में सक्रिय भूमिका निभाई है।

### मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन : देवेन्द्र सिंह

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन द्वारा पूर्व में दिए गए 12 सूत्री मांग-पत्र के आलोक में शुक्रवार को उरीमारी पीओ कार्यालय में यूनियन व प्रबंधन के बीच वार्ता हुई। यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह व उरीमारी पीओ दिलीप कुमार मुख्य रूप से शामिल थे। वार्ता के दौरान शनिचर बाजार से उरीमारी पीओ कार्यालय तक सड़क बनाने, सौंदा बी साइडिंग से सेंट्रल सौंदा साइडिंग टिपला तक प्रतिदिन सड़क पर पानी का छिड़काव करने, सेंसिटिव पोस्ट पर लंबे समय तक जमे लोगो का टेबुल ट्रांसफर करने, परियोजना कार्यालय में वाटर फिल्टर मशीन लगाने व शौचालय को दुरुस्त कराने, कार्यालय में टेबल, कुर्सी व अलमीरा उपलब्ध कराने, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने, यातायात नियमों का पालन करने आदि मांगों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

## सांसद ने चलाया महा जनसंपर्क अभियान

**कुजू।** नयामोड़ चौराहे में सांसद जयंत सिन्हा ने पीएम नरेंद्र मोदी सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान चलाया। महा जनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन सांसद समेत कई भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नयामोड़ स्थित कई दुकानों में जाकर संचालक, ग्राहक और राहगीरों को पर्ची देते हुए लिखे नंबर पर मिस कॉल करने की बात कही। साथ ही, एनडीए सरकार की उपलब्धियों को बताया। मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, महामंत्री अशोक कुमार, छोटन सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, मंडल मंत्री डिम्पल प्रजापति, भाजयुमो महामंत्री पंचीत महतो, धर्मेन्द्र सिंह, सूरज महतो, हरि महतो, ज्ञानी साव, सुधान सिंह, गणेश सोनी, छोटन प्रजापति, जागो महतो, जतरू महतो, राहुल पटेल, सोनू केशरी, सुनील सिंह, वीरेंद्र महतो, कैलाश महतो समेत कई भाजपाई शामिल रहे।



## आईलेक्स पब्लिक स्कूल में शहीदों को किया नमन

**बरही।** आईलेक्स पब्लिक स्कूल में हूल दिवस मनाया गया। सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बबलू कुमार, रिंकू कुमार और रवि सिंह ने बच्चों को हुल दिवस की जानकारी दी। हूल क्रांति दिवस के अवसर पर उन वीर आदिवासियों की शहादत को नमन किया जा रहा है, जिन्होंने महज तीर-धनुष से अंग्रेजों के गोले-बारूदों का सामना किया था। यह 1857 की क्रांति से भी पहले किया गया विद्रोह था। इस विद्रोह का मूल कारण आदिवासियों ने अंग्रेजी शासन के अधीन महाजनी प्रथा व बंदोबस्ती नीति के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। आमतौर पर 1857 की क्रांति को ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ पहला विद्रोह माना जाता है, लेकिन इससे पहले भी 1855 को संथाल विद्रोह ने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाकर रख दी थी। इस विद्रोह का मूल कारण आदिवासियों से 50 से 500 प्रतिशत तक खेती-कर वसूलना था।विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने भी बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन में जादुई शक्ति है।जिसके तहत तूफान को नही मरोड़ा जा सकता हूं। अंग्रेजों के इस शोषण के खिलाफ आदिवासियों ने संगठितरूप से एकजुट होकर आवाज उठाई और तय कर लिया खुद को स्वतंत्र घोषित करेंगे और भू-राजस?व नहीं देंगे। इसकी प्रतिक्रिया में अंग्रेजी सरकार की तरफ से आए स्थानीय जमींदार, पूंजीपतियों, सूदखोरों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने अपना नारा जुमीदार, महाजन, पुलिस राजदेन आमला को गुजुकमाड़ यानी कि जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो, बुलंद किया। कहा कि अगर आप अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित होते हो तो सीमित साधनों में भी सफलता पाई जा सकती है। हमें इतिहास की घटनाओ से निरंतर सिखने का प्रयास करना चाहिए।



### आजसू ने हूल के वीरों को किया नमन

रामगढ़। आजसू पार्टी ने शुक्रवार को जिला कार्यालय में हूल दिवस को जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दिवस के रुप में मनाया ।हूल क्रांति नायकों सिद्धू, कान्हू, चांद ,भैरव व बहन फूलो झानो के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके सिद्धान्तों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि सिद्धू और कान्हू के साथ जितने भी महान शहीदों ने बलिदान दी वह निश्चित ही हमारे लिए प्रेरक है।आज कंपनियां जमीन, जंगल, जल को लूटने को खड़ी है। हूल दिवस हमें पुराने इतिहास का स्मरण करा रहा है और बता रहा है कि स्थिति अब बहुत ज्यादा सुधरी नहीं है।

## शारीरिक रूप से सजग रहने की जरूरत: किशोर सिन्हा

- गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में आत्म सुरक्षा कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित
- कराटे के मास्टर्स ने प्रशिक्षुओं को सिखाया आत्मरक्षा के गुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज, हजारीबाग में शुक्रवार को आत्म सुरक्षा कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव पर आयोजित इस कार्यक्रम में आशिहारा कराटे के मास्टर्स ने ऑपरेशन हेड किशोर कुमार सिन्हा के नेतृत्व में प्रशिक्षुओं को आत्म रक्षा के कई गुर सिखाए।

इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आत्म सुरक्षा के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी है। इसके जरिए किसी भी प्रकार के चुनौतियों से निपटा जा सकता है। मौके पर ऑल इंडिया आशिहारा कराटे के केंद्रीय सदस्य सह ऑपरेशन हेड किशोर कुमार सिन्हा ने हूल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में शारीरिक गतिशीलता में कमी आई है। कंफर्ट जोन से निकलकर ही चुनौतियों का सामना संभव है। निरंतर अभ्यास से ही सफलता हासिल की जा सकती है। नॉक डाउन कराटे की प्रत्यक्षा प्रिया ने बताया कि एक कलम भी सेल्फ डिफेंस का सबसे बड़ा हथियार है। लड़कियों के पास मौजूद 'क्लिप' से भी बचाव संभव है। बता दें कि प्रत्यक्षा प्रिया का एक दुर्घटना में पैर चोटिल होने के बाद भी आज वे उच्च मानसिक व शारीरिक क्षमता के बल पर कराटे का प्रशिक्षण दे रहीं हैं। वीनू कुमारी ने किसी के बाल पकड़े जाने से छुड़ाने के तरीके सुझाए। टीम में शामिल पुष्पा कुमारी ने गला दबोचे जाने से बचाव कैसे किया जाए उसके बारीक पहलुओं पर प्रदर्शन कर तरीके बताए। टीम की सदस्य रानी कुमारी ने नुकीली चीजों के प्रहार से बचने के गुर सिखाए। वहीं प्रशिक्षुओं के भी सवालों का जवाब कराटे प्रशिक्षकों ने दिए। धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता कुमारी अंजली ने किया। मौके पर सहायक पुष्पा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ बसुंधरा कुमारी, परमेश्वर यादव, अशोक कुमार सिन्हा, गुलशन कुमार, महेश प्रसाद, दीपमाला, दिलीप कुमार सिंह, रचना कुमारी, जागेश्वर रजक, अनिल कुमार, दशरथ कुमार, संदीप खलखो, कनकलता, संदीप कुमार सिन्हा, अंजन कुमार, नंद किशोर कुमार, संजय वर्मा, ज्योति हेम्मा एक्का व अन्य उपस्थित थे।



## एक नजर में

### विधायक ने कामाख्या मंदिर में टेका माथा



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल विंध्याचल और काशी विश्वनाथ में पूजा-अर्चना किया था और अब आसाम के गुवाहाटी स्थित मां कामाख्या देवी मंदिर में शुक्रवार को अपने सुपुत्र करण जायसवाल, भाई प्रशांत जायसवाल और जीजा विवेक जायसवाल के साथ पूजा-अर्चना करने पहुंचे। विधायक मनीष जायसवाल ने बड़ी आत्मीय भाव से प्रमुख शक्तिपीठों में से एक मां कामाख्या देवी मंदिर में पूजा- अर्चना कर माथा टेका और हजारीबाग वासियों के लिए सुख- स्वस्थ और समृद्धि की कामना की ।प्रसिद्ध शक्तिपीठों में से एक गुवाहाटी का यह मां कामाख्या मंदिर को को लेकर धार्मिक मान्यता है कि माता सती के योनि का भाग इस स्थान पर गिरा था। कहा जाता है कि ब्रह्मपुत्र नदी का पानी यहां लाल हो जाता है ।

### अंबा प्रसाद ने घायल को दिया 50 हजार रुपया

**बड़कागांव।** बड़कागांव विधायक सह सदस्य सरकारी आश्वासन समिति एवं निवेदन समिति ने सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के डाड़ीकला निवासी मोहम्मद एनुल हक, पिता स्वर्गीय इसाक मियां, उम्र लगभग 40 वर्ष को बेहतर इलाज के लिए 50 हजार की सरकारी मदद उपलब्ध कराई और राशि की चेक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की पत्नी को हजारीबाग स्थित आवास में सौंप दिया गया। वही अंबा प्रसाद ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की। ज्ञात हो कि विगत दिनों मोहम्मद एनुल हक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका इलाज मां रामप्यारी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रांची मे चल रहा था।

### बच्चों के बीच पाठ्य सामाग्री का वितरण

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के रमुआ प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के बीच पाठ्य सामाग्री का वितरण किया गया। वितरण बेडा हरियारा मुखिया रामचंद्र यादव के द्वारा किया गया। बच्चों को, रबर, कटर,पेंसिल, पेन, के अलावे इंस्ट्रूमेंट बॉक्स दिया गया । वितरण के पूर्व मुखिया ने विद्यालय के पठन पाठन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों के आइक्यू टेस्ट के लिए बच्चों से कुछ सवाल भी पूछे गए जिसमें सत प्रतिशत बच्चों ने मुखिया के सवाल का जवाब दिया, जिससे मुखिया भी गद गद नजर आयें। बच्चों के ड्रेस के मामले पर शिक्षिक ने कहा कुछ नए बच्चें है जो विदाउट ड्रेस है। मुखिया ने कई बातें बता कर बच्चों का मनोबल भी बढ़ाया। श्री यादव ने बच्चों को मेहनत और मन लगाकर पढ़ने की बात कही। पाठ्य सामग्री पाकर बच्चे भी प्रफुल्लित दिखें मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रमोद कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुलचंद प्रजापति, शिक्षिका उमा देवी, प्रतिमा वर्मा उपस्थित थे ।

### आजसू कार्यालय में मनाया गया हूल दिवस

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के गुरु चट्टी स्थिति आजसू कार्यालय में हूल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा व संचालन तपेश्वर कुमार तापस ने किया। इस आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि आजादी उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के महत्वपूर्ण योगदान के द्वारा मिली है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर अंग्रेजो के खिलाफ लड़ाई छिड़ी और भारत देश में अंग्रेजों को भगाने पर मजबूर किया आज हम उन सभी स्वतंत्रा सेनानियों की जितनी भी प्रशंसा करें उतनी कम है जो देश प्रेमी होता है वह हूल दिवस के शुभ अवसर पर शहीदों को याद करके नमन करते हैं। प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि फुल दिवस और स्वतंत्रता सेनानियों की याद में मनाया जाता है जिनके द्वारा भारत देश को आजादी दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। एवं भारत देश को आजादी दिलाने के लिए झारखंड राज्य के आदिवासियों के द्वारा अंग्रेजो के खिलाफ एक आंदोलन शुरू किया गया था जिस आंदोलन को फूल आंदोलन नाम दिया था इस आंदोलन को हुल क्रांति कहा गया। जिसमें बढ़-चढ़कर चांद भैरव सिंधु कान्हु ने इस आंदोलन का नेतृत्व किया एवं अंग्रेजों के विरुद्ध आदिवासी लोगों ने मिलकर अंग्रेजों से डटकर सामना किया। वही सिंधु द्वारा एक नारा दिया गया था करो या मरो अंग्रेजी हमारी मिट्टी छोड़ो, मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड प्रवक्ता तपेश्वर कुमार तापस,तुलेश्वर राम,सुरेश महतो,कमलेश कसेरा,शिव शंकर कुमार,प्रकाश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

### खाटू वाले श्याम प्रभु का हुआ कीर्तन



**कुजू।** आषाढ़ कृष्ण पक्ष, देवशयनी एकादशी पर नाग कन्या मंदिर कुजू बस्ती स्थित कुणाल केशरी के आवास में गुरूवार की रात्रि खाटू वाले श्याम प्रभु का कीर्तन किया गया। इस दौरान रामगढ़ के प्रसिद्ध गायक चंदन कुमार चौधरी, प्रिया कुमारी व ध्रुप सिंह के द्वारा गणेश वंदना के साथ भजन-कीर्तन का शुभारंभ किया गया। कलाकारों ने एक गजानंद आपकी दरबार है, श्याम प्यारे का सजा दरबार है, किशमत वाले के घर में श्याम आते है आदि गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को सराबोर कर दिया। मौके पर रामअवतार साव, कृष्णा केशरी, कन्हैया केशरी, विनोद केशरी, शुभम केशरी, संजय केशरी, विजय केशरी, दीपक केशरी, विक्की, आरव केशरी, पिंकु आदि मौजूद थे।

### मांडू में हूल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**मांडू।** हेसागड़ा में शुक्रवार को हूल दिवस के शुभ अवसर पर चुनूराम बेसरा और प्रेम टुडू के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हूल दिवस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फागु बेसरा, दर्जा प्राप्त मंत्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हम सबों को वीर शहीद सिद्धू, कान्हू के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कहा की सिद्धू और कान्हू ने अंग्रेजों से लोहा लेते हुए देश के लिए खुद को शहीद कर दिया। वे हमेशा लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। मौके पर रामजी बेसरा, चुनूराम बेसरा, अमित हंसदा, प्रेम टुडू, सनु मदन सोरेन, शनिचार मांझी, धनीराम मांझी आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## चान्हो : सड़क हादसे में एक की मौत

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के बिजूपाड़ा स्थित मुख्य पथ पर राहुल धारा पेट्रोल पंप के निकट शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बेजांग गांव निवासी चालीस वर्षीय धनेश्वर महली के रूप में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनेश्वर की मानसिक स्थित ठीक नही थीए वह घर में न रहकर बिजुपाडा चौक के निकट इधर उधर भटकता रहता था। शुक्रवार को भी वह पेट्रोल पम्प के निकट सड़क पार कर रहा थाए इसी दौरान पिकअप वैन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद तेजगति से आरहे एक मारुति कार ने रोड में पड़ा शव को घसीटता हुआ कुछ दूर ले गया। उधर धनेश्वर को धक्का मार भाग रहे पिकअप वैन को मांडर टॉल प्लाजा के पास पकड़ा गयाए जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। दूसरी ओर सूचना मिलने पर भी काफी देर से घटनास्थल पहुंची चान्हो पुलिस ने प्रारंभिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## घायल को वन विभाग ने दी मुआवजा राशि

**राहे।** प्रखंड के दोकाद पंचायत के झोपड़ीकोचा गांव में भालू से हमले से 75 वर्षीय हलधर महतो घायल हुआ था। जिसका इलाज रिम्स में किया जा रहा है। घटना गुरुवार रात 8 बजे की थी। इधर वन विभाग प्रभारी वनपाल राजू कुमार ने शुक्रवार को गांव पहुंच कर इनके परिजन की इलाज के लिये मुआवजा की अग्रिम राशि 5 हजार रुपये दिये। प्रभारी वनपाल ने कहा कि इलाज में जरूरत के अनुसार कागजी करवाई के बाद बाकी राशि भी दिया जायेगा। मौके ओर जिला परिषद सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, समाजसेवी देवगुण महतो आदि मौजूद थे।

## दुलमी पंचायत में मना हूल दिवस

**सोनाहातू।** प्रखंड के दुलमी पंचायत सचिवालय में आदिवासी विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान मे हुल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ हुल के अमर शहीदों सिद्धू-कान्हु, चांद-भैरव, फूलो-झानू को याद कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिये। सभी ने एक स्वर में कहा हमारे कानून व्यवस्था पर हो रही सेंधमारी के खिलाफ हुल.2 की जरूरत हैए इसके लिए सब तैयार रहें। मौके पर भोलेश्वर सिंह मुंडा, मनोहर सिंह मुंडा, करम सिंह मुंडा, खगेश सिंह मुंडा, रविन्द्र सिंह मुंडा, अश्विनी सिंह मुंडा, बुद्धेश्वर सिंह मुंडा, बिरेंद्र सिंह मुंडा मौजूद थे।

## सिकिदिरी में भाजपा का जनसंपर्क अभियान

**सिकिदिरी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नौ साल बेमिसाल सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के तहत शुक्रवार को भाजपा सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो के नेतृत्व में हेसातू के जलिमाएभदरभंगा व सिकिदिरी में महिलाओं एवं पुरुषों से जनसंपर्क कर नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में विकास के किए गए कार्य की जानकारी दी। जनसंपर्क में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा ने आने वाले चुनाव में भाजपा को मजबूत करने का आह्वान किया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि, सुजित कुमार सोनी, नंदलाल राम, रघुनाथ मुंडा, धनेश्वर बेदिया, मनमोहन भोगता, बालक महतो, शिवधर रजवार, सत्यपाल राउत, ओमप्रकाश मनोज साहु, मदन महतो, शमसाद खान उपस्थित थे।

## दुकान की एसबेस्टस छत तोड़ मोबाइल और नकद की चोरी

**ठाकुरगांव।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू बाजारटांड़ स्थित एक मोबाइल दुकान का एस्बेस्टस शीट तोड़कर गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरो ने कई मोबाइल सेट तथा नकदी चोरी कर लिया। जानकारी के अनुसार जिलानी अंसारी गुरुवार की शाम दुकान बंद करके घर चला गया। शुक्रवार की सुबह दुकान आने पर घटना की जानकारी मिली। भुक्तभोगी के अनुसार चोरों ने लगभग 1.5 लाख के नए मोबाइल शेट चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कृष्णा कुमार ने दुकान का जायजा लिया।

# हूल क्रांति : अंग्रेजों की हुकूमत को हिला दिये थे सिदो-कान्हू

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** रायडीह में शुक्रवार को हुल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले संथाली विद्रोह के अगुआ वीर शहीद सिद्धु कान्हु के चित्र पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि कर नमन किया। इस दौरान आजसू पार्टी वरीय महासचिव सुकरा सिंह मुंडा ने कहा कि 1855 में सिद्धु कान्हु ने अंग्रेजी हुकूमत और महाजनी व्यवस्था के खिलाफ तथा जल, जंगल और जमीन एवं अपनी अस्मिता के लिए लड़ाई लड़ी थी। अंग्रेजों के साथ लड़ाई के दौरान उन्हें पकड़ कर भोगनाडीह में फांसी दे दी गई थी। इन्हीं वीर शहीदों के स्मृति में हुल दिवस मनाया जाता है। मौके पर आजसू पार्टी के वरीय महासचिव सुकरा सिंह मुण्डा जिला सचिव ताराचंद सिंह मुण्डा जिला सचिव भयभंजन महतो तमाड़ पश्चमी जिप सदस्य विजय सिंह मानकी बुण्डू जिला परिषद सदस्य परमेश्वरी शांडिल तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो आजसू पार्टी बुण्डू जेएसएस अध्यक्ष देवनाथ महतो महिला प्रखंड अध्यक्ष राधिका देवी प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो सचिव संतोष महतो जेएसएस सचिव राजकिशोर सिंह मुण्डा उपाध्यक्ष कालीपद महतो आदि मौजूद थे।



## हूल दिवस पर भाजपाइयों ने सिदो-कान्हू को किया नमन

**रातू।** भाजपाइयों ने तिगरा गरिया टोली में हूल दिवस मनाया। पार्टी नेता मृत्युंजय शर्मा ने सिदो.कान्हूए चांद.भैरव और फूलों.जानो की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शोषण व महाजनों के अत्याचार से तंग आकर सिद्धू कान्हू के नेतृत्व में 30 जून 1855 को अंग्रेजी सत्ता के खिलाफ विद्रोह किया गया। इससे शासन की नींद उड़ गयी थी। बाद में उन्हें फांसी दे दी गई। नेत्री सुमन मिश्रा और शशिकांत सिंह ने भी अपनी बातें रखी। मौके पर अनीता देवीए सुमेश उरांव, तुलसी उरांव, शीतल, जितनी देवी, रेखा देवी, नुनहू, रंजीत तिर्की, दिलीप मिंज, सुकर मनी देवी व सुशीला देवी आदि मौजूद थे। इधर झामुमो नेता महावीर विश्वकर्मा के नेतृत्व में मुरगू में कार्यक्रम आयोजित कर हुल क्रांति के जनक सिद्धो और कान्हू की चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी।

## जल, जंगल, जमीन की रक्षा की ली शपथ

**सोनाहातू/राहे।** झारखंड राज्य किसान सभा एवं माकपा के तत्वावधान में राहे प्रखंड के नुरू गांव में तथा सोनाहातू बाजार में हुल दिवस मनाया गया तथा जल जंगल जमीन की रक्षा का शपथ लिया। इस दौरान सभी ने सिद्धू-कान्हु, चांद-भैरव, फूलों-झानु को याद करते हुये पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किये अमर रहे। हूल के शहीदों अमर रहे आदि नारे लग रहे थे। वक्ताओं ने इनके सपनों को साकार करने करने के लिये संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया। मौके पर राहे में सुफल महतो, श्रवन मुंडा, बिरबल मुंडा मधुसूदन मुंडा, सोनाहातू में उमेश महतो, घूरन पातर, डोमन सिंह मुंडा, मनिया महतो आदि मौजूद थे।

## सभी वर्ग के उत्थान के लिए भाजपा कर रही काम : सांसद



**बेड़ो।** संपर्क से समर्थन अभियान के तहत लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत ने प्रखंड के बारीडीह गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नागपुरी कवि सह कलाकार क्षितिज कुमार राय व आधुनिक नागपुरी के गीतकार राज राय अंग वस्त्र व केंद्र की भाजपा सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं के पत्रक वितरित किए। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रदेश में महा जनसंपर्क अभियान शुरू हुआ है। इसके तहत घर.घर जनसंपर्क कर सरकार की योजनाओं के बारे में आमजन को बताया जाएगा। मैं जनसंपर्क करने के लिए निकला हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल बेमिसाल हैं। नौ साल में देश.प्रदेश बदल रहा है। पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ रहा है।मोदी सरकार के कामों को हम जन.जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सेवाए सुशासनए गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की साफ नीयत और ईमानदार सोच के चलते आज हितग्राहियों को हर योजना का पूरा लाभ मिल रहा है।

# केंद्र सरकार गरीबों के लिए समर्पित : दीपक प्रकाश

## प्रदेश भाजपा ने गुडू में किया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य सभा सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपक प्रकाश तथा सचिव सह हटिया विधायक नवीन जायसवाल की अगुआई में कार्यकताओं ने पंचायत ग्राम गुडू में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर ग्रामीणों को उपलब्धियां गिना उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गयी। श्री प्रकाश ने दावा किया कि केंद्र सरकार गरीबों के लिये समर्पित है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा और कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण समाज के कमजोर वर्ग तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है। श्री प्रकाश ने राज्य की यूपीए सरकार को निकम्मी और अदूरदर्शी बताया। वहीं श्री जायसवाल ने लोगों से आने वाले लोक और विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इससे पूर्व बांटे गये विकास कार्ड पर कई लोगों ने चुटकी भी ली। आदिवासी महिलाओं ने पेंशन का मुद्दा उठाया।



### कार्यक्रम में लिया हिस्सा

कामेश्वर महतो, रुपेश गोप, देवेंद्र सिंह, जेम्स खलखो, अनिल तिर्की, गिरधारी महतो, अर्जुन महतो, विगल पाहन, सिकंदर महतो, संजय महतो, सुधाकर चौबे, अमित गोप, प्रभु लोहार, मोती लाल महतो, राधिका महतो, कामेश्वर महतो, दुर्गा महतो, दीनबंधु महतो, लीलाचंद्र महतो, रीता देवी, लाछो देवी व गोपाल महली आदि।

## भाजपाइयों ने घर-घर जाकर किया जनसंपर्क

**अनगड़ा।** चिलदाग मे भाजपा अनगड़ा मण्डल द्वारा पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान चलाया गया स इससे पूर्व हुल दिवस के अवसर पर सिदो कान्हो, चांद-भैरव, और फुलो झानों समेत सभी वीर शहीदों को शत शत नमन किया गया स कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के नौ साल बेमिसाल उपलब्धि को घर घर जाकर बताया गया। इस अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राम कुमार पहान भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर अमर चौधरी के साथ भाजपा ओबीसी मोर्चा रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नरेश साहू रामनाथ महतो सुरेंद्र चौधरी मुखिया दुर्गा पाहन राम कुमार नायक छबि लाल महतो वीर सिंह नायक समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांग्रेस सेवादल के जिला उपाध्यक्ष बने साबिर अंसारी

**कांके।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष नेली नाथन ने रांची जिला अध्यक्ष अमजद अंसारी के विशेष आग्रह पर कांग्रेस पार्टी के युवा नेता सह समाजसेवी ग्राम करमाए इरबाए ओरमांझी निवासी साबिर अंसारी को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस सेवादल का जिला उपाध्यक्ष व सूरज कुमार महतो कदमाए कांके निवासी को रांची जिला यंग बिग्रेड सेवा दल का संयोजक बनाया है। इससे संबंधित नियुक्ति पत्र जारी कर कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश अध्यक्ष नेली नाथन ने साबिर अंसारी व सूरज कुमार महतो को दिया। बताते चलें कि साबिर अंसारी लगभग दो वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। संगठन में अच्छे कार्य को देखते हुए इन्हें प्रदेश कांग्रेस सेवादल में प्रमुख स्थान दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष नेली नाथन ने कहा हैं कि अपने कर्तव्य का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक पार्टी हितों के लिए करेंगे।

एक नजर में

## विधायक ने किया पीसीसी सड़क और चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास



**राहे।** विधायक सुदेश महतो ने शुक्रवार को राहे प्रखंड के सोसो गांव में सरना स्थल घेराबंदी को लेकर चाहरदीवारी निर्माण कार्य तथा बेला नदीधार में 500 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। इस अवसर पर इन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने को है। सभी जनमानस के चेहरे पर मुस्कान लाना और प्रदेश के प्रत्येक घर में सेवा करना है। कार्यक्रम में आजसू पार्टी जिला सचिव सह पंचायत प्रभारी धनंजय महतो, महिला प्रखंड अध्यक्ष मीरा महतो, बुद्धिजीवी मंच के प्रखंड अध्यक्ष जलेश्वर महतो, पंचायत अध्यक्ष केशव महतो, वरीय नेता मोहन महतो, योगेंद्र महतो बीरेंद्र महतो, नूनी देवी, सरस्वती देवी, रामप्रसाद महतो, राजकुमार महतो, बुद्धिजीवी मंच के भुवनेश्वर महतो, चूल्हा प्रमुख महेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

## महेशपुर में लगा नया ट्रांसफारमर



**अनगड़ा।** विधायक राजेश कच्छप के प्रयास से महेशपुर गांव में आवंटित 200 केवीए के नए बिजली ट्रांसफॉर्मर का शुक्रवार को उदघाटन कांग्रेस कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए विधायक जी के प्रति आभार जताया। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी शिवदास गोस्वामी प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम बबलू खान रब्बानी खान जाकीर खान रुस्तम खान उरांव अजय आर्या कृष्णा महली अजय मुन्डा बाली महली सेजय नायक शमीम खान विजय उरांव जॉन तिग्गा उपस्थित थे।

## गोंदली पोखर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**अनगड़ा ।** प्रखण्ड के गोंदली पोखर में शुक्रवार को ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो के निदेर्शानुसार तैयारी बैठक अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुंडा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई स बैठक में आगामी चार जुलाई मंगलवार को अनगड़ा के डाक बंगला में होने वाले कांग्रेस जन समेलन पर विशेष चर्चा किया गया स बैठक मे सभी शामिल कार्यकताओं के द्वारा अपनी अपनी बातें रखी गई स बैठक में मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव बिश्राम महतो प्रखंड अध्यक्ष नारायण मुंडा प्रखंड महासचिव मिन्हाज आलम मंडल अध्यक्ष बरतु मुंडा उपाध्यक्ष मुन्ना मुंडा समसाद अंसारी वरिष्ठ कार्यकर्ता मुमताज खान विजय खलखो नरसिंग उरांव सनी पहानए अब्बास अंसारी आदि उपस्थित थे।

## सीआइपी में मना राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस

**कांके।** शुक्रवार को सीआईपी में झारखंड सांख्यिकी सोसायटी के सहयोग से राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जो शोधकताओं के लिए सांख्यिकी विषय पर आधारित थी। सांख्यिकी और आर्थिक योजना के क्षेत्र में प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करने के लिए हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। भारतीय सांख्यिकी के जनक के रूप में जाने जाने वाले प्रोफेसर महालनोबिस महालनोबिस दूरी विकसित करने के लिए प्रसिद्ध हैं।

# अवैध संबंध के शक में गयी थी सोहन भगत की जान

## पैर और सिर विहिन शव की हुई पहचान तीन दिन में खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के करगे पंचायत अंतर्गत हत्मा जंगल में तीन दिन पूर्व (27 जून) को मिले पैर व सिर विहीन शव की पहचान पुलिस द्वारा कर ली गई है। वह शव मलती निवासी सोहन भगत का था। साथ ही थाना प्रभारी विनय कुमार यादव द्वारा हत्याकांड को अंजाम देनेवाले आरोपी और उसकी महिला मित्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त डंडा और टांगी तथा लाश को तीन टुकड़े में काटकर उसे अलग-अलग जगह पर ठिकाने लगाने में इस्तेमाल की गयी साइकिल को भी बरामद कर लिया गया है।

### क्या है मामला

मलती निवासी 58 वर्षीय अल्बर्ट एक्का गांव में अपने परिवार को छोड़ गांव से थोड़ी दूर पर टोंका टोली में रहता था। उसके साथ पिछले चार साल से ब्राम्बे गांव की एक महिला लिव इन रिलेशनशिप में रहती थी। सोहन भगत उक्त महिला के पास हमेशा आना-जाना करता था, जिसके चलते अल्बर्ट एक्का को संदेह था कि महिला से उसका अवैध संबंध है। पांच दिन पूर्व 25 जून की शाम को करीब साढ़े सात बजे सोहन उसके टोंकाटोली स्थित घर पहुंचा, पूछने पर उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो अल्बर्ट एक्का ने सोहन के सिर पर डंडे से कई वार किये जिससे वहीं पर उसकी मौत हो गयी। लाश को छिपाने की नीयत से उसने घर में ही टांगी से सोहन का सिर काटकर शरीर के दो और टुकड़े किये और साइकिल पर लादकर अहले सुबह सिर को एक पत्थर के साथ बोरा में डालकर टोंका टोली के निकट एक कुएं में तथा धड़ को तीन किलोमीटर दूर ले जाकर हात्मा के समीप जंगल में एवं उसके नीचे के हिस्से को मांडर बाजारटांड़ के निकट पतरा कोना में ले जाकर फेंक दिया। उसे उम्मीद थी कि अलग-अलग जगह से शव के टुकड़े मिलने से पुलिस उस तक नहीं पहुंच पाएगी।

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अल्बर्ट ने हत्या की बात कबूल कर ली है। उसके बयान के आधार पर शुक्रवार को तीन जगहों से मृतक के शरीर का अन्य हिस्सा तथा हत्या में प्रयुक्त सारे सामानों को भी बरामद कर लिया गया है। उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही महिला चरिया उरांईन ने भी अपने सामने ही हत्या की बात कबूल की है। उसे भी हिरासत में ले लिया गया है।

**विनय कुमार यादव, थाना प्रभारी**



## खलारी : ताइक्वांडो टीम ने लहराया परचम

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** डीएवी स्कूल खलारी के 18 सदस्यीय ताइक्वांडो टीम ने देवघर में 27 एवं 28 जून को हुई दूसरी झारखंड राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्णए तीन रजत एवं सात कांस्य पदकों पर कब्जा किया। छठी कक्षा की भाव्या और 11वीं कक्षा की पायल सिंह ने स्वर्ण पदकए सातवीं कक्षा की अवनी सोनीएआठवीं कक्षा की चंचल कुमारी एवं 11वीं कक्षा की वर्षा भगत ने रजत पदक हासिल किया तो वहीं छठी कक्षा की आनंदिता सिंहए तीसरी कक्षा की वंशिका राजए सातवीं कक्षा की अंकिता एक्काए 11वीं कक्षा की ईभा कुमारीए आठवीं कक्षा के राजवीर सिंहए चौथी कक्षा के आयु कुमार और दसवीं कक्षा के शिवम कुमार चौहान ने कांस्य पदकों पर कब्जा किया । स्वर्ण पदक विजेता दोनों खिलाड़ी भाव्या और पायल सिंह राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेंगे। विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने उनकी जीत को लेकर शुभकामनाएं दी है।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों से मिलेगा जनसमर्थन

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांवों में चलाया जन संपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय जनता पाटी की महाण्जनसंपर्क अभियान के अंतिम दिन शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपक अभियान चला कर 2024 लोकसभा व विधानसभा चुनाव के लिए जनसमर्थन की मांगा की गई। पाटी की झंडा के साथ टोपी पटा लगाकर जनसंपर्क अभियान में निकले कायर्क्रता चकला ओरमांझी सहित कई पंचायतों के टोलाए मुहल्ला में घरण्घर जाकर लोगों को नरेंद्र मोदी सरकार के नौ साल बेमिषाल की उपलबिधयां बताई। जनसंपक से जनसमथर्न कायर्क्रम के तहत नरेंद्र मोदी सरकार के सेवाए सुशासन और गरीब कल्याण योजनाओं की जानकरी दी गई। चकला के शक्ति केंद्र बूथ संख्या 44 45 46 47 व 48 में घर घर जाकर भाजपा सरकार के अभूतपूव उपलब्धियों व जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए 2024 में होने वाले चुनाव में समथर्न करने की अपील की गई। कायर्क्रम में किसान मोचा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चैधरीए मंडल सायोंजक बालक पहानए महामंत्री अलखनाथ महतोए वरिष्ठ कायर्कता कृष्ण कुमारए अल्पसंख्यक मोचा के मंडल अध्यक्ष आफताब आलमए मोती महतोए जलेश्वर महतोए श्रवण महतोए बिमला देवीए बिनोद महतोए सरजू महतोए कंतू महतोए जितेंद्र शामिल थे।



ओरमांझी में जनसंपर्क अभियान चलाते भाजपा कार्यकर्ता।

## भाजपा ने चलाया घर-घर जनसंपर्क अभियान

**पिपरवार।** लोकसभा चुनाव .2024 की तैयारियों के क्रम में भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकर्ता और पदाधिकारी जनता के बीच पहुंचने लगे हैं। भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल पूरे होने पर जनसंपर्क जनसमर्थन एवं घर घर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को कार्यकताओं ने घर घर जाकर लोगों को सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक बांटा। भाजपा की टोपी और अंगवस्त्र पहनकर सम्मानित किया और मोदी सरकार के समर्थन में 9090902024 पर मिस कॉल कर समर्थन मांगा। जिला मंत्री रीना देवी ने बताया कि यह अभियान बचरा बीसूझापा, काली मंदिर 64 कॉलोनी, माइनस कोलोन में चलाया गया।

## पूर्व विधायक ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के तुको गांव में शुक्रवार को भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजुर ने जन संपर्क अभियान चलाया। जहां उन्होंने वरिष्ठ कार्यकताओं व समाज सेवी लोगों से मिली और आमजन को केंद्र की मोदी सरकार की नौ साल की जनहितैषी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही पत्रकों का वितरण कर योजनाओं की जानकारी दी। लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ ही अंग वस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर भोगेन सोरेनए भीखा उरांवए सुखदेव कच्छपए बलराम सिंहए राजेश कुमुद वर्माए खेदुवा उरांवए रोशनी उरांवए आदित्य ताम्रकारएभागवत ताम्रकारए शक्ति रामए मंगरा उरांव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अच्छी पैदावार के लिए ग्रामीणों ने की आषाढ़ी पूजा



**पिपरवार।** कोयलांचल क्षेत्र के किचटो पंचायत अंतर्गत तरवां गांव में अच्छी वर्षा एवं उन्नत फसलों की पैदावार को लेकर परंपरागत रूप से आषाढ़ी पूजा का आयोजन किया गया। इस पूजा के दौरान गांव के पाहन द्वारा गांव के मडेर स्थित सरना स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के बीच पाहन द्वारा विधि विधान के साथ अच्छी बारिश और उन्नत फसलों की पैदावार को लेकर विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो प्लांट में लगी आग, उत्पादन प्रभावित

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के इस्पात गलनशाला दो में विगत रात लगभग 10ण्30 बजे इस्पात उत्पादन के क्रम में लेंडल के माध्यम से टुंडीश कार से कॉस्टर 2 में हॉट मेटल लाया जा रहा था। टुंदिश कार से हॉट मेटल का रिसाव होने के कारण विस्फोट हुआ और आग लग गयी। वहां कार्यरत कर्मचारी जान बचाकर भागे। कोई कर्मचारी हताहत नहीं हुआ। प्लांट का उत्पादन बाधित रहा। तीन घंटे के मशक्कत के बाद अग्निशमन विभाग आग पर काबू पा सका। जानकारी के अनुसार इलेक्ट्रिक केबल, टुंडीश कार पूरी तरह जल चुके हैं। घटना की जांच हेतु प्रबंधन द्वारा कमिटी गठित कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

### बोकारो थर्मल : हाइवा में लगी आग, क्षतिग्रस्त

**बेरमो/बोकारो थर्मल।** कुरपनिया मुख्य मार्ग पर स्थित पिलपिलो. मोरमगढ़ा के पास 29 जून गुरूवार की रात एक चलती हुई हाइवा में शॉर्ट.सर्किट से आग लग गईण इस हादसे में हाइवा का अगला हिस्सा पूरी तरह से जलकर खाक हो गयाए हालांकि चालक भुवनेश्वर यादव और खलासी बाल.बाल बच गएण बताया जाता है कि हाइवा ट्रक तुपकाडीह स्थित खुटरी से छाई गिराकर वापस नूरीनगर लौट रहा थाण पिलपिलो. मोरमगढ़ा के पास रात लगभग डेढ़ बजे ड्राईवर ने मिरर में देखा कि डीजल टैंक के पास आग की लपटें उठ.रहीं थीण आनन.फ़ानन में सड़क के किनारे हाइवा खड़ा कर ड्राइवर व खलासी ने कूदकर अपनी जान बचायी।

### उत्पाद विभाग ने जब्त की 15 पेटी शराब

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखण्ड के बंगाल के सटे इलाके सेवती मुख्य सड़क पर उत्पाद विभाग ने एक ओटो मालवाहक संख्या जेएच 24 ए 6301 को पकड़ उसपर लाडे विभिन्न ब्रांडों के 15 पेटी बियर जब्त किया है। विभाग ने मालवाहक के चालक सहित मौके पर दबोचे गए शराब के कारोबारी कमल कुमार साहू को भी हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाई आरंभ कर दी है।

### सरयू राय ने सिदो-कान्हू को किया नमन

**जमशेदपुर।** सिद्धू कान्हू चौक में एसटी शंकर कर्मकार की अध्यक्षता में हूल दिवस मनाया गया। मुख्य रूप से विधायक सरयू राय उपस्थित हुए और सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष सूरह हेमब्रोम द्वारा विधायक राय को पारंपारिक पगड़ी पहना कर उनका स्वागत किया गया। राय ने कहा की आज ही के दिन 30 जुन 1855 को सिदो-कान्हू, चांद- भैरव व फूलों-झानों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फुंका था और हजारों की संख्या में लोग शहीद हुए थे। राय ने बिरसानगर स्थित सिदो-कान्हू प्रतिमा स्थल को स्मारक के रूप में विकसित करने की घोषणा की।

### चांडिल में मंत्री चंपई ने शहीदों को किया नमन

**चांडिल।** एनएच 33 गोलचक्कर में शुक्रवार को अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह के प्रतीक हूल दिवस पर झारखंड सरकार के परिवहन सह कल्याण मंत्री चंपई सोरेन, चांडिल एसडीएम रंजीत लोहरा, एसडीपीओ संजय कुमार सिंह, सीओ प्रणव अंमष्ट, ईंचागढ के विधायक सविता महतो, जिला परिषद पिंकी लायेक, पूर्व जिप सदस्य ओमप्रकाश लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, पप्पू वर्मा सहित कई लोगों ने सिदो-कान्हू के मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया।

### नारायण आइटीआइ में हूल दिवस मनाया गया

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को नारायण प्राइवेट आईटीआई संस्थान में सिदो-कान्हू के तस्वीर पर सभी कर्मचारियों के दौरा तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर हुल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के संस्थापक डा जटा शंकर पांडे ने कहा सिदो-कान्हू मुर्मू का जन्म भोगनाडीह नामक गांव में एक संथाल आदिवासी परवार में हुआ था जो कि वर्तमान में झारखण्ड के साहेबगंज जिला के बरहेट प्रखंड में है।

## जमकर चले लाठी-डंडे, पत्थर और बम भी चले, कई घरों में हुई तोड़फोड़

# दो समुदायों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**टोटो के चार्जर चोरी के बाद जलने से बचा कतरास**

● **छाताबाद पुलिस छावनी में तब्दील**

### जुम्मे की नमाज के बाद माहौल को सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** धनबाद जिले का बाघमारा प्रखंड जिसे कुछ वर्षों पूर्व गांधी प्रखंड के नाम से जाना जाता था। शांति प्रिया लोग थे, शांति प्रिया इलाका था। शुक्रवार को एक छोटी सी बात को लेकर कतरास थाना क्षेत्र के छाताबाद कैलुडीह में बहुत बड़ा बवाल खड़ा हो गया। बताते चलें कि छाताबाद हदहदिया के पास जनार्दन यादव नामक व्यक्ति टोटो चलाता है, और प्रत्येक दिन अपने घर के बाहर टोटो को चार्ज में लगा था। इसी दौरान बीती रात किसी ने उसके टोटो से टोटो चार्ज करने वाले चार्जर को चुरा लिया यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके बाद इसकी सूचना कतरास पुलिस को दी गई। मौके पर कतरास पुलिस ने पहुंचकर छानबीन शुरू किया। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया। मामले का लिखा पढ़ी हो ही रहा था ,तभी जनार्दन यादव के द्वारा अपने साथियों के साथ आरोपी के घर से उसे पकड़ कर लाया जाने लगा इसी मामले को लेकर मुस्लिम पक्ष के लोगों ने विरोध कर दिया तू तू मैं मैं होने लगी। जिसके बाद बात बढ़ती ही चली गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने लगी। खूब पत्थरबाजी हुए, लाठी-डंडे चले, बम भी चले कई लोग घायल हुए। इस घटना में जनार्दन यादव का टोटो वाहन विजय यादव का टोटो वाहन एवं रोहित यादव का टेंपो तथा दो स्कूटी को उपद्रवियों तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। वही यादव बस्ती के लोगों ने बताया कि मुस्लिम पक्ष के लोगों ने प्रशासन से यह कहा कि एक घंटा के लिए प्रशासन को हटा दीजिए अभी बस्ती को हम लोग बांग्लादेश बना देंगे। वही इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों की ओर से लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को पार्षद प्रतिनिधि मासूम खान एवं कतरास पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही कतरास थानेदार रणधीर सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में किया।

#### लाठीचार्ज के बाद मामला शांत

मामला को बढ़ता देख बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू के द्वारा पुलिस को उपद्रवियों के ऊपर लाठीचार्ज करने का आदेश दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर उपद्रवियों को खदेड़ा।

#### जमकर हुई तोड़फोड़

दिन में लगभग 1:00 बजे मुस्लिम समुदाय हदहदिया के लोगों के द्वारा स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि का पुतला छाटाबाद मेन रोड मस्जिद वाली गली के सामने यह बोल कर जलाया गया कि अभी तक पार्षद प्रतिनिधि घटना की जानकारी लेने के लिए नहीं पहुंचा। जिसके बाद यह भीड़ फिर से एक बार यादवों की बस्ती की ओर घुस गई, और जमकर तोड़फोड़ किया, उत्पात मचाया, गोवंश को नुकसान पहुंचाया गया, एक बछड़ा को जलाने का प्रयास किया गया, घर में आग लगाने का प्रयास किया गया। बाघमारा डीएसपी एवं कई थाना के थानेदारों की मौजूदगी में टोटो वाहन पर हमला किया गया, टोटो वाहन को तोड़कर छतिग्रस्त कर दिया गया। ड्राइवर को मारकर घायल कर दिया गया। पूरा छाता बाद मेन रोड की सड़क पत्थरों और ईंट से लाल हो गई थी वही बगल केक चाय दुकान को उपद्रवियों के कोपभाजन का शिकार बनना पड़ा पूरे दुकान को तहस-नहस कर दिया गया।

#### प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

ग्रामीणों की माने तो पुलिस की लापरवाही के कारण छोटी सी घटना ने इतना बड़ा रूप ले लिया। अगर पुलिस चाहती तो सुबह 9:00 बजे जब घटना घटी थी तो उसी वक्त अगर फोर्स मंगा लिया जाता तो बात इतना आगे नहीं बढ़ता ,और इतना नुकसान किसी पक्ष का नहीं होता। वही जेएमएम नेता बबलू अंसारी एवं समाजसेवी मोहम्मद शहाबुद्दीन के द्वारा लोगों को समझा-बुझाकर माहौल शांत करने का प्रयास किया जा रहा था। वही स्थिति को नियंत्रण करने के लिए बाघमारा अनुमंडल के सभी थाने की पुलिस को मौका ए वारदात पर बुला लिया गया था। इसके साथ ही किसी अनहोनी की आशंका को लेकर प्रशासन के द्वारा दो दमकल वाहनों को भी घटनास्थल पर बुला लिया गया था।खबर लिखे जाने तक स्थिति नियंत्रण में थी। मौका ए वारदात पर बाघमारा डीएसपी सुश्री निशा मुर्मू कतरास थानेदार रणधीर सिंह बाघमारा अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह के अलावा दर्जनों थाने की पुलिस मौजूद है।

### बोकारो : सेवा भारती के सचिव के घर डुगडुगी बजा लगा नोटिस



बोकारो। बोकारो सेवा भारती के सचिव रामबचन सिंह के घर पुलिस पहुंची और डुगडुगी बजाते हुए उनके हाजिर होने का नोटिस चिपकाया। ज्ञातव्य है कि इन पर सहयोगियों के साथ स्थानीय सेक्टर 12 के निकट स्थित वन भूमि को विभिन्न अवैध हथकंडों को अपनाते हुए बिक्री कर देने का आरोप है। इस अवैध भू कारोबार में आरएसएस की अनुषांगिक इकाई सेवा भारती के सचिव रामबचन सिंह सहित धनंजय प्रसाद फौलाद, उपेंद्र कुंवर, सुधाकर एवं विश्वनाथ चौधरी पर भी आरोप है जिस संबंध में झारखंड उच्च न्यायालय ने इन लोगों द्वारा दायर जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। पिंड्राजोरा थाना केस नंबर- 42/2020 के तहत इन सभी पर अंडर सेक्शन 467, 468, 471, 406, 420 धारा के अंतरगत अविलंब हाजिर होने की नोटिस का इश्तिहार इनके आवास पर पुलिस ने चिपकाया है।

### डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने दिखाये हुनर



**बोकारो/चास।** डीपीएस चास में प्री नर्सरी, नर्सरी, प्रेप व कक्षा-1 के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अलग-अलग विषयों पर कई प्रकार की एक्टिविटी कराई गईं। प्री नर्सरी में डॉक्टर्स डे परए प्रेप में मिल्क डे विषय पर तो कक्षा-1 में लेमन जूस पर एक्टिविटी के माध्यम से चिकित्सीय सहायता, डॉक्टर के महत्व, मिल्क व मिल्क प्रोडक्ट सहित गाय के विषय में जानकारी एवं नींबू से मिलने वाले विटामिन.आदि की जानकारी दी गयी। मौके पर डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉण् हेमलता एसण मोहन ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है। डीपीएस चास की कार्यवाहक प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने कहा कि इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चे में पढ़ाई के अलावा मौजूद विशेष प्रतिभा का पता चलता है जिसे बढ़ावा देकर उसका सर्वांगीण विकास हो सकता है।

## झरिया : सीबीआइ का छापा, पूर्व निदेशक का आवास सील

**सिंफर में 140 करोड़ के मानदेय घोटाले का मामला**

### सीएसआइआर ने सीबीआइ को सौंपा जिम्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** देश की शीर्ष शोध इकाइयों में शुमार धनबाद के केंद्रीय खनन एवं इंधन अनुसंधान संस्थान में हुए 140 करोड़ के मानदेय घोटाला मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की।सिंफर के पूर्व निदेशक डॉ पीके सिंह के धैया स्थित फ्लैट को सील कर दिया गया।इसके बाद सीबीआई ने छापेमारी की तो दूसरी ओर उनके आवास को भी सील करने की सूचना है।



सीएसआईआर ने इसे घोटाला मानकर जांच का जिम्मा सीबीआई और सीवीसी को सौंप दिया था। सीबीआइ ने जांच पूरी कर 26 जून को पूर्व निदेशक डॉ पी के सिंह व चीफ साइंटिस्ट डॉ एके सिंह को नामजद कर अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई के अनुसार, सिंफर में इस अनियमितता को वर्ष 2016 से 2021 के बीच अंजाम दिया गया था। आज इसी मामले में सीबीआई ने पूर्व निदेशक और चीफ साइंटिस्ट के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है।

#### क्या है मामला

सिंफर में एक अरब 39 करोड़ 79 लाख 97 हजार 871 रुपए का घोटाला हुआ है। धनबाद सीबीआई ने इस घोटाले को उजागर किया है। सीबीआई के अनुसार कोयले की थर्ड पार्टी सैंपलिंग में विभिन्न कोल कंपनी और पावर कंपनियों से प्राप्त राशि को सिंफर के पूर्व निदेशक डॉ पी के सिंह और चीफ साइंटिस्ट डॉ एके सिंह ने मनमाने तरीके से हड़प ली थी।साथ ही 553 अन्य विज्ञानी, तकनीकी अधिकारी, सहायक व कर्मचारियों में भी करोड़ों की रकम बांट दी थी। पूर्व निदेशक ने 15 करोड़ 34 लाख और चीफ साइंटिस्ट ने 09 करोड़ 04 लाख खुद रख लिए थे।

### सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष को मातृशोक

**सिंदरी ।** सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष मो जावेद की 80 वर्षीय माताजी मैमून निशा का निधन शुक्रवार की सुबह हृदयगति रुकने के कारण हो गया। सिंदरी के पुराने व्यापारी व पटना स्टोर्स के संचालक रहे स्व मो सलीम की पत्नी थीं। बड़ा बेटा मो जावेद विदेश में कार्यरत हैं। उनके निधन की खबर पर उनके आवास एल 249 में लोगों का तांता लगा हुआ है और सभी श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। चेंबर सचिव द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मृतका का सुपुर्द ए खाक शनिवार को किया जाएगा।

## ससुर ने परिजनों संग मिलकर दामाद को उतारा मौत के घाट

### तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र से सटे लेढा ठेसा टोंगरी के समीप से शुक्रवार की सुबह पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया। जिसकी शिनाख्त दुर्गा खड़िया के रूप में की गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं तत्काल एसपी के निर्देश पर एक टीम का गठन किया गया।

टीम ने छापामारी अभियान चलाया और मृतक के परिजनों सहित आसपास के लोगों से पूछताछ के उपरांत पांच लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्याकांड में शामिल मृतक दुर्गा खड़िया के ससुर पैरु खड़िया, शिवा खड़िया और रंथु खड़िया को गिरफ्तार किया। शुक्रवार की शाम गुमला थाना में प्रेस वार्ता का आयोजन कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक दुर्गा खड़िया का अपनी पत्नी से झगड़ा झंझट चल रहा था और दुर्गा खड़िया ने दूसरी शादी कर लिया था। जिस कारण मृतक के ससुर पैरु खड़िया एवं उनके परिवार वालों सहित पड़ोसी ने मिलकर हत्याकांड की घटना को अंजाम दिया। छापामारी टीम में एसडीपीओ के अलावा थाना प्रभारी मनोज कुमार, पुअनि विवेक चौधरी, बुलेट गोराई, प्रेम सागर सिंह, सुदामा राम सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## जमसं समर्थक पर फायरिंग, खोखा बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** शालीमार में गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग होते ही लोग अपने घरों में दुबक गए। चार राउंड फायरिंग की गई। फायरिंग करते हुए युवक भाग खड़े हुए। हमला शालीमार निवासी रामबचन सिंह के पुत्र शंकर सिंह पर की गई थी।

शंकर सिंह ने किसी तरह भागकर जान बचाई। जोड़ापोखर पुलिस पहुंची। घटनास्थल से दो जिंदा कारतूस, एक खोखा बरामद किया है। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल हीरो होंडा शाइन भी बरामद किया है। फायरिंग करने वाले युवकों की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना के बाद से रामबचन सिंह का पूरा परिवार सहमा हुआ है। शंकर सिंह ने बताया कि रात करीब 10 बजे अपने घर आ गए थे। करीब साढ़े दस बजे विनोद नामक एक युवक घर के पास आकर मोबाइल से फोन किया और बुलाया। ज्यो ही घर के बगल की गली में पहुंचा तो अचानक फायरिंग शुरू हो गई। कहा कि हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की है। उसने बताया कि सूशी आउटसोर्सिंग जयरामपुर में जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम के लिए काम करता है। कहा कि आउटसोर्सिंग का काम छुड़वाने के लिए ही किसी ने घटना को अंजाम दिया है। उसने अपनी जान को खतरा बताया है।

#### मामला दर्ज कर होगी कार्रवाई

जोड़ापोखर पुलिस का कहना है कि पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद हुआ है। बाइक भी बरामद की गई है। छानबीन की जा रही है। वहीं इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। थाना प्रभारी विनोद उरांव का कहना है कि अभी तक लिखित शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई होगी। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास

**बेरमो/बांध कथारा।** हजारीबाग के जिला न्यायालय द्वारा पत्नी की हत्या मामले के दोषी सरकारी शिक्षक पति को बीते 28 जून को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार बोकारो जिला के कथारा स्टॉफ कॉलोनी निवासी सेवानिवृत सीसीएल कर्मी स्वर्गीय एस एन प्रसाद की पत्नी बसंती देवी द्वारा अपने दामाद पर उनकी पुत्री की दहेज के लिए की गई हत्या मामले में न्यायालय ने उनके दामाद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।जानकारी के अनुसार 3 मई 2015 को कथारा स्टाफ कॉलोनी निवासी स्वर्गीय सच्चिदानंद प्रसाद की पत्नी बसंती देवी द्वारा सदर थाना हजारीबाग में पुत्री की हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए अपने दामाद संजय कुमार सिन्हा के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कराया था।जिसमें कहा गया कि 27 अप्रैल 2009 को उनकी पुत्री दीप्ति माला सिन्हा का विवाह आश्रम रोड हजारीबाग निवासी सरकारी शिक्षक संजय कुमार सिन्हा से किया गया था। शादी के बाद से ही उनकी पुत्री के साथ उसके सासए जेठानीए जेठ अशोक कुमार सिंह द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित किया जाता था। प्राथमिकी में बसंती देवी ने कहा कि 3 मई 2015 की रात लगभग 2 बजे दामाद संजय कुमार सिन्हा द्वारा उनकी बेटी के बेहोश होने की सूचना दी गई।सूचना के बाद हजारीबाग पहुंचने पर उन्होंने अपनी पुत्री को मृत पायी।

## गुमला में ट्राईबल आर्टिजन मेला आज अफसरों ने तैयारी की समीक्षा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** ट्राईफेड और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को शहर के नगर भवन में ट्राइबल आर्टिजन मेला आयोजित किया जाएगा। इस मेले में जनजातीय मामले मंत्रालय के अधिकारी, ट्राईफेड के अधिकारी तथा जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा इस मेले में पहुंचे जिले भर के जनजातीय कारीगरों की कृतियों को देखा जाएगा। विभिन्न मानकों की कसौटी पर देखने के बाद जिनका चयन किया जाएगा। जिन कारीगरों के उत्पादों में कुछ कमी पाई जाएगी उन्हें जरूरी सुझाव तथा प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। उक्त मेले की तैयारियों को लेकर समीक्षा के दौरान नगर भवन में मौजूद ट्राईफेड दिल्ली के सहायक प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि जिन कारीगरों के उत्पादों को एंपैनल किया जाएगा। उन्हें न केवल ई-कॉमर्स कंपनियों के माध्यम से देश स्तर पर प्लेटफार्म मुहैया कराया जाएगा बल्कि 24 देशों के दूतावासों के माध्यम से उनके उत्पादों को देश से बाहर भी बेचने में मदद की जाएगी। जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि इस मेले में 100 से अधिक स्थानीय जनजातीय कारीगर अपने द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। तैयारियों की समीक्षा के दौरान नगर परिषद प्रशासक संजय कुमार, ट्राईफेड के सेल्स एग्जीक्यूटिव सुनील कुमार मालाकार व अन्य मौजूद थें।

# अखंड तिरंगा यात्रा-2024 में आ सकती हैं राष्ट्रपति

## नमन के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने राष्ट्रपति से मिल कर दिया आमंत्रण पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** नमन संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली पहुंच कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट की। भेंट के दौरान काले ने जहां राष्ट्रपति को नमन, अर्पण एवं हर हर महादेव सेवा संघ के सामाजिक कार्यो का विवरण दिया, वहीं दूसरी ओर सालाना आयोजन एवं 23 मार्च 2024 को निकाले जाने वाले विशाल एवं भव्य अखंड तिरंगा यात्रा में शिरकत करने के लिए आमंत्रण पत्र दिया। यद्यपि राष्ट्रपति कार्यालय को तय करना है कि राष्ट्रपति इस कार्यक्रम में उपस्थित हो सकेंगी अथवा नहीं।



नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भेंट करते अमरप्रीत सिंह काले।

किन्तु नमन के कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर हर्ष है कि राष्ट्रपति तक उनकी अखंड तिरंगा यात्रा समेत अन्य सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विवरण पहुंच गया है। मुलाकात के दौरान अमरप्रीत सिंह काले ने राष्ट्रपति से करवद्ध प्रार्थना की कि अगले वर्ष 2024 में शहीद दिवस 23 मार्च को आयोजित होने अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान के कार्यक्रम में आप जमशेदपुर हमारे बीच पधारने की कृपा करें और अपने कर कमलों से इस यात्रा को रवाना करें। इस कार्यक्रम में युवाओं को आपके संबोधन से निश्चित रूप से एक कारगर दिशा भी मिलेगी। काले ने आगे कहा, पूर्ण विश्वास है की आपकी कृपापूर्ण उपस्थिति से आप जमशेदपुर शहर के हजारों युवाओं को अपना आशीर्वाद देंगी और उनका उत्साहवर्धन करेंगी, क्योंकि झारखंड और जमशेदपुर से आपका दिल का लगाव रहा है।

काले ने राष्ट्रपति को आदिवासी बहुल झारखंड प्रदेश, खासकर जमशेदपुर औद्योगिक शहर में शिक्षा, कला संस्कृति के संवर्धन और युवा पीढ़ी को नशा, हिंसा ,आदि भटकाव के रास्ते से बचाने के लिए अपनी संस्थाओं द्वारा किए जा रहे छोटे - छोटे प्रयासों की ओर उनका ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने बताया कि मैं हर हर महादेव सेवा संघ, नमन शहीदों के सपनों को, अर्पण, अटल विचार वाहिनी नामक संस्थाओं के जरिए अपने प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम संचालित करता रहता हूं। यह जानते- समझते हुए कि यह प्रयास नाकाफी है लेकिन जब आपका आशीर्वाद प्राप्त होगा तब गिलहरी की तरह श्री राम सेतु निर्माण में किया गया योगदान जैसा अमिट छाप छोड़ सकता है। काले ने राष्ट्रपति को बताया कि हर हर महादेव सेवा संघ हर वर्ष सावन की

## हूल दिवस के मौके पर सिदो कान्हू की प्रतिमा पर शेड लगा

**सिंदरी।** हूल दिवस पर सिंदरी बस्ती नीमटाँड़ फुटबॉल ग्राउंड स्थित सिद्बो कान्हो की आदमकद प्रतिमा के उपर बने शेड का अनावरण राजपूत विचार मंच अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश जिक्टा संरक्षक अरुण सिंह व सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी ने शुक्रवार को फीता काटकर किया। शिलापट्ट का अनावरण व सिद्बो कान्हो की आदमकद प्रतिमा को माल्यार्पण कर नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर आदिवासी समुदाय के लोगों ने आदिवासी सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर राजपूत विचार मंच अध्यक्ष सह झारखंड प्रदेश जिक्टा संरक्षक अरुण सिंह ने कहा कि देश की स्वतंत्रता संग्राम से दो वर्ष पहले झारखंड में हूल आंदोलन कर स्वतंत्रता का बिगुल फूँका था। इसका नेतृत्व करनेवाले सिद्बो कान्हो, फूल झानो और चाँद भैरव ने अपने प्राणों की आहुति देकर संथाल में अँग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह छेड़ा। सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी ने कहा कि देश ने आदिवासी समुदाय को सम्मान देते हुए देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति का पद उन्हें दिया गया है। आदिवासी समुदाय को भाजपा भी हरसंभव आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रही है। मौके पर युधिष्ठिर टुडू, रंजीत कुमार, भाजपा के नगर महामंत्री इंद्रमोहन सिंह, कुमार राकेश उर्फ मुन्ना, प्रकाश बाउरी, कुमार महतो, धर्मेन्द्र महतो, अशोक महतो, रवि शर्मा, विक्रम सिंह, दीपक रजक आदि उपस्थित थे।

### बोकारो में सिदो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**बोकारो** जिलान्तर्गत चास में मार्क्स समन्वय समिति द्वारा आयोजित हूल दिवस पर सर्व प्रथम सिद्धो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संथाल विद्रोह को याद किया गया। जिला अध्यक्ष दिलीप तिवारी ने कहा कि हूल आन्दोलन को कार्ल मार्क्स ने प्रथम जनक्रांति कहा था। सिद्धो कान्हू ने ब्रिटिश सत्ता और जमींदार के अत्याचार के खिलाफ एकजुट होकर विद्रोह का बिगुल फूंका था जिसे हूल आंदोलन के नाम से जाना जाता है। संथाल विद्रोह के क्रम में चांद मुर्मूए भैरव मुर्मू और फूलो झानो के क्रान्तिकारी सहयोग को भी हमेशा याद किया जायेगा।

## वेतनमान की मांग को लेकर सहायक अध्यापकों ने विधायक के आवास पर दिया धरना

# स्वीकृत पदों पर समायोजित कराने का करूंगा प्रयासः रामचंद्र सिंह

➲ झारखंड विरोधी मानसिकता वाले अधिकारियों ने फंसाया है पेंच: अध्यापक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** सहायक आचार्य नियुक्ति के पूर्व उचित वेतनमान दिए जाने की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से अंदोलनरत झारखंड राज्य के टेट सफल सहायक अध्यापक संघ की बरवाडीह प्रखण्ड इकाई ने शुक्रवार को हुल दिवस के अवसर पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सत्ता पक्ष के विधायक रामचंद्र सिंह के मंगरा स्थित आवास परिसर में एकदिवसीय धरना दिया। जिसके उपरांत अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम एक मांगपत्र सौंपने का काम किया है। मांगपत्र में सहायक अध्यापकों ने बताया है कि राज्य के सहायक अध्यापक पिछले बीस वर्षों से लगातार अपनी सेवा देते आ रहे हैं, और टेट पास सहायक अध्यापक एनसीटीई एवं एनईपी के तमाम अहताओं को पूर्ण करते हैं।



विधायक को मांगपत्र सौंपते सहायक अध्यापक।

झारखंड सरकार के महाधिवक्ता द्वारा राज्य सरकार को दी गई लिखित राय के साथ-साथ पिछले दिनों कई उच्च स्तरीय कमेटी के द्वारा भी टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे वेतनमान देने की अनुशंसा की गई है। बावजूद सहायक अध्यापकों को वेतनमान से वंचित रखा गया है। वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव में माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन महीने के अंदर वेतनमान देने का घोषणा किया था, लेकिन आज साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी हम सभी को वेतनमान नहीं मिल रहा है। जिससे झारखंड के सभी सहायक अध्यापकों में काफी आक्रोश व्याप्त है। जिसके कारण क्षुब्ध होकर हम सब आंदोलन करने को विवश हैं।

### 15 जुलाई को सीएम हाउस का होगा घेराव

सहायक अध्यापकों ने यह भी कहा कि झारखंड विरोधी मानसिकता वाले अधिकारी यह नहीं चाहते कि झारखण्ड में शिक्षकों की भर्ती समायोजन की प्रक्रिया से हो क्योंकि यदि ऐसा होता है तो आधे से अधिक पदों पर जो बाहरी लोगों की नियुक्ति होती रही है, उस पर संकट खड़ा हो जाएगा। यही कारण है कि वेतनमान देने में आरक्षण रोस्टर के पेंच का हवाला देकर लंबे अरसे से इस बहुप्रतीक्षित मांग को टालने का काम किया जा रहा है। आक्रोशित शिक्षकों ने कहा कि राज्य के सोलह हजार टेट पास सहायक अध्यापक अपनी मांगों को लेकर आगामी 15 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास का घेराव करेंगे।

### विधायक ने सार्थक प्रयास करने का दिया भरोसा

विधायक रामचंद्र सिंह ने सहायक अध्यापकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के बाद उनके मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक कर वह इस मुद्दे को प्रमुखता से रखने का काम करेंगे और टेट पास पारा शिक्षकों को स्वीकृत पदों पर समायोजित करने तथा उचित वेतनमान दिलाने को लेकर सार्थक प्रयास करेंगे।

## मालगाड़ी से कटकर युवक की मौत

**चंदवा।** बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत टोरी जंक्शन से पश्चिमी दिशा पर स्थित गुलायची बाबा मंदिर के समीप डाउन लाइन पोल संख्या 186/10-12 के समीप शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से कट कर अज्ञात युवक की मौत हो गई, जिसके बाद उक्त रेलखंड पर परिचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद टोरी आरपीएफ व पीडब्ल्यूआई कर्मी घटनास्थल पहुंचे व शव को रेलवे ट्रैक से हटाया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हुआ। टीआई संजय कुमार ने बताया कि इस दौरान लगभग 50 मिनट तक उक्त रेलखंड पर परिचालन पूरी तरह से बाधित रहा। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नही हो पाई थी साथ ही युवक आत्महत्या किया है या फिर दुर्घटना का शिकार हुआ है इसका भी पता नही चल पाया था। टोरी आरपीएफ के अधिकारियों के द्वारा इसकी सूचना जीआरपी बरकाकाना को दे दी गई है व मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास में जुट गयी है।

## झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बसिया, धांधु, शेरेगड़ा, मसियातु समेत कई गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों को झारखंड मुक्ति मोर्चा से जोड़ा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उरांव ने बताया कि यह सदस्यता अभियान राज्य कमेटी के निर्देश पर सभी जगह पर चलाया जा रहा है। बालूमाथ प्रखंड में अब तक 600 से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान के तहत जोड़ा गया है। मौके पर युवा झामुमो नेता औरंगजेब खान मुकेश उराँव, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## मनातू गांव निवासी अशोक साव का अपहरण का चर्चा, सुरक्षित घर वापस



जानकारी देते अशोक साव।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** बारियातू थाना क्षेत्र के सबसे अंतिम छोर वाले अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत मनातू ग्राम निवासी अशोक साव(45) वर्षीय पिता बालदेव साव की अपहरण का चर्चा जोरों पर चल रहा था परन्तु अशोक साव सुरक्षित घर वापस आ गए। सीसीएल प्रभावित क्षेत्र के आरकेटीसी कम्पनी के सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत अशोक साव की जब अपहरण होने की चर्चा जोरों पर होने लगी तो संवाददाता सच का प्रताल करने उनके घर पहुंचे। उपरोक्त सम्बन्ध मे अशोक साव ने जानकारी देते हुए बताया की मुझे कोई अपहरण नहीं हुआ था। अपने कार्य से बाहर गए थे। मेरा मोबाइल भूलबस कहीं दूर छुट गया था। जिसके कारण घर से संपर्क नहीं हो पा रहा था। मुझसे संपर्क नहीं हो पाने के कारण घर के परिजन को संदेह हो गया था की मेरा अपहरण हो गया और काफी परेशान हो गए। हम अपना ऑफिसियली काम कर सुरक्षित घर वापस आ गए। ज्ञात हो की अशोक साव बुधवार रात्रि को फोन मे बात करते घर से बाहर निकले और गायब हो गए थे। जिसको लेकर अपहरण होने की चर्चा जोरों पर चल रहा था। उक्त सम्बन्ध मे थाना प्रभारी मुकेश चौधरी से दूरभाष पर बात किए जाने पर बताया की अशोक साव का अपहरण नहीं हुआ था। कुछ पारिवारिक विवाद को लेकर इस तरह की बात आई है। अशोक स्वयं सकुशल घर वापस आ गया। हालांकि कुछ बिन्दुओ पर पुलिस गहनता से जाँच कर रही है। जांच के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पायेगा।

## हूल दिवस पर याद किये गये सिद्धू कान्हू, चांद-भैरव व फूलों-झानो

➲ आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का पहला बिगूल फूंका था: वैद्यनाथ राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मौके पर उपस्थित जेएमएम कार्यकर्ता।

**लातेहार।** लातेहार जिले में हुल दिवस पर विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों ने वीर स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू- कान्हू, चांद-भैरव एवं फूलो-झानो के अमर शहादत को याद किया। इस मौके पर लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यालय में हुल दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं कार्यकर्ता जुटे व शहीदों के याद में जोरदार नारेबाजी करते हुए बारी-बारी से अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में जेएमएम विधायक बैधनाथ राम भी पहुंचे और शहीदों के तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक वैद्यनाथ राम, जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव व अन्य वक्ताओं ने कहा कि अंग्रेजो के खिलाफ बगावत करने में झारखंड के बीर शहीद अग्रणी रहे हैं। भारत के इतिहास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 में सिपाही विद्रोह को बतलाया गया है, परंतु देश का बच्चा-बच्चा जानता है, कि सिपाही विद्रोह के पूर्व ही 1855 में अमर शहीद सिद्धू- कान्हू, चांद-भैरव और फूलो-झानों के नेतृत्व में साहेबगंज के भोगनाडीह में 50 हजार संगठित आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का पहला बिगूल फूंका था और लगभग 20 हजार आदिवासियों ने अमर शहीदों के नेतृत्व में अपने प्राणों की आहुति दी थी। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरुण कुमार दुबे, जिला सचिव शमसुल होदा, केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, मनोज चौधरी, सीतमोहन मुंडा, माणिक गंझू, गोपाल सिंह, वारिश अंसारी, बिपिन तिवारी, अशोक कुमार पांडेय, सुरेश गंझु, मो तौकीर मियां, सिकेश्वर राम, पॉल एक्का, बासुदेव यादव, आरती देवी, सीता देवी, मोहन लोहरा, अहसान अंसारी, इमरान अंसारी, मो एजाजुल, आलोक कु मंटू, मोहन राम, रिंकू कच्छप, सरिता देवी, सुनैना कुमारी, ममता कुमारी, संदीप उरांव, राजेंद्र गंझू, ऐश्वर्या उरांव, सुरेश गंझू, परमेश्वर गंझू समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### भाजपा के 9 साल बेमिसाल पंपलेट का वितरण



वितरण करते कार्यकर्ता।

**लातेहार।** महाजनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत प्रखंड बालूमाथ के झाबर पंचायत के झाबर टोला, सुईया टोला, टोंगरी टोला, ईचाक टोला, टोंका टोला में ग्राम के विभिन्न घरों में जाकर ग्रामीणों के बीच में भाजपा 9 साल बेमिसाल पत्रिका एवं पम्पलेट वितरण किया गया एवं पोस्टर को चिपकाया गया। मुख्य रूप से उपस्थिति भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार मण्डल, महामंत्री रामकुमार गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, शक्ति केंद्र सह संजयोक गंजेंद्र, हिमांशु, नंदलाल पासवान, भारत नारायण तिवारी, गजबंदन तिवारी, राजेंद्र प्रसाद, रविंद्र गंझु , महादेव उरांव, रामू उरांव, रामदयाल उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 3 दिन बाद भी नहीं हो पाई है केंदवाही जंगल मे मिली अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त



पोस्टर चिपकाती पुलिस।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के सिकनी से केंदवाही जाने वाले मार्ग पर जंगल में बीते बुधवार को मिली अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त अब तक नहीं हो पायी है। जिसके बाद चंदवा पुलिस ने पहल करते हुए मृतका की शिनाख्त को लेकर चंदवा के विभिन्न चौक चौराहों, पेट्रोल पंप और सार्वजनिक स्थानों पर मृतका का पोस्टर चिपका कर लोगो से मदद की अपील की है। पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार बताया कि बीते बुधवार की शाम केंदवाही जाने वाले मार्ग पर स्थित जंगल में उक्त महिला का शव लावारिश हालत में मिला था, जिसकी शिनाख्त अब तक नहीं हो पाई है। उक्त महिला से संबंधित कोई जानकारी हो तो चंदवा थाना में इसकी सूचना दे सकते हैं या फिर फोन न. 7903010481 व 9431706275 पर भी सूचना दे सकते हैं। पहचान करके सूचित करने वाले व्यक्ति को प्रशासन की ओर से उचित इनाम भी दिया जाएगा।

### बेतला पार्क में 30 सितंबर तक इंट्री बंद



बेतला नेशनल पार्क।

**बेतला।** बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों का प्रवेश शुक्रवार से आगामी 30 सितंबर तक प्रवेश वर्जित रहेगा। इस आशय की सूचना पीटीआर वन प्रबंधन ने पार्क मेन गेट समेत अन्य जरूरी के जगहों में नोटिस सटवाकर दे दी है। साटे गए विभागीय नोटिस में मॉनसून ऋतु वन्य प्राणियों का प्रजनन काल होने का हवाला देते हुए एक जुलाई से 30 सितंबर तक पार्क में पर्यटकों का प्रवेश वर्जित किए जाने का उल्लेख है। इस बारे में रेंजर शंकर पासवान ने वन नियमावली के तहत मॉनसून ऋतु में विभागीय आदेश से आगामी तीन माह तक पार्क में पर्यटकों का प्रवेश वर्जित होने की बात बताते उक्त अवधि के दौरान पार्क में रख रखाव की दृष्टि से सिर्फ विभागीय वाहनों और वनकर्मियों का प्रवेश की अनुमति होने की जानकारी दी। वहीं अन्य किसी वाहनों या व्यक्ति का पार्क में प्रवेश सख्त वर्जित बताया। नतीजतन पार्क के मेन गेट में नो इंट्री का विभागीय नोटिस चिपका दिए जाने से अब पर्यटक आगामी 30 सितंबर तक बेतला नेशनल पार्क का दीदार नहीं कर सकेंगे। वहीं रेंजर ने पर्यटकों के लिए आगामी एक अक्टूबर को पुन: पार्क खोल दिए जाने की बात कही। इधर पिछले दिनों की अपेक्षा शुक्रवार को बेतला में पार्क घूमने वाले पर्यटकों की संख्या अधिक देखी गई।

## सीसीएल ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ चलाया अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अभियान में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत संचालित मगध कोल परियोजना में शनिवार को स्वछता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्लास्टिक के प्रयोग को कम करने के उद्देश्य से लोगों के बीच जागरूकता फैलाई जा रही है। इस संबंध में सीएसआर नोडल आफिसर दिग्विजय कुमार ने बताया कि महाप्रबंधक निपेन्द्र नाथ के निर्देश अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर आस-पास के ग्रामीण ईलाकों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो मे प्लास्टिक का इस्तेमाल नही करने समेत साफ सफाई के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी के तहत शनिवार को विद्यालयों में प्लास्टिक के प्रति ड्राइंग व एसए कम्पीटिसन कराया गया। फुलबसिया और हहुरवा गाँव मे कुवें की सफाई की गई। चमातू पिट आफिस समेत कई आस पास के क्षेत्रों में करीब 200 पौधे लगाए गए। वही ग्रामीणों के बीच 1000 जुट बैग का वितरण किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वही परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण ने लोगों को बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक यानी एक ही बार इस्तेमाल के लायक प्लास्टिक, प्लास्टिक की थैलियां, प्याले, प्लेट, छोटी बोतलें, स्ट्रॉ और कुछ पाउच सिंगल यूज प्लास्टिक हैं। ये दोबारा इस्तेमाल के लायक नहीं होते हैं। इसलिए एक बार इस्तेमाल के बाद इनको फेंक दिया जाता है। प्लास्टिक की वजह से मिट्टी का कटाव काफी होता है। इसके अंदर का केमिकल बारिश के पानी के साथ जलाशयों में जाता है, जो काफी खतरनाक है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक की थैले इस्तेमाल नही करने, आस पास साफ सफाई रखने की अपील की। मौके पर स्टाफ ऑफिसर कार्मिक संजय कुमार चौबे, सिबिल एस एम भास्कर,ई. एंड. एम नालिम चंद, जीएम माइनिंग नवीन कुमार, जीएम ऑपरेशन संजय कुमार झा, स्टाफ ऑफिसर पी.एंड.पी, आर के सिन्हा, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक नागा स्वामी, प्रबधक कार्मिक माणिक कुजूर समेत कई अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने मनाया हूल दिवस




**लातेहार।** जिला मुख्यालय के चटनाही स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में आजसू कार्यकर्ताओं ने हुल दिवस मनाया। इस अवसर पर सिधु-कान्हू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित पांडेय ने कहा कि हूल क्रांति बेहद प्रभावशाली विद्रोह था। भले ही हम 1857 के सिपाही विद्रोह को पहला विद्रोह मानते हैं, लेकिन संथाल के आदिवासियों का हूल विद्रोह भी बेहद प्रभावशाली रहा था। तब संथाल विद्रोह मुट्ठी भर आदिवासियों ने शुरू किया था, जो बाद में जन आंदोलन बन गया। संथालियों ने अपने परंपरागत हथियारों के दम पर ही ब्रिटिश सेना को पस्त कर दिया था। 1855 के संथाल विद्रोह में 50 हजार से अधिक लोगों ने अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का आह्वान किया था। विद्रोह के नायक सिद्धो, कान्हू, चांद और भैरव चार भाई थे। ब्रिटिश शासन, जमींदार, महाजन, बनिया तथा साहूकार की शोषण नीति के खिलाफ आदिवासियों की व्यापक गोलबंदी हुई। कर्ज अदा नहीं करने पर पूरे परिवार को बंधुआ मजदूर बना लेना, मालगुजारी नहीं देने पर उनकी जमीन नीलाम कर दी जाती थी। ऐसे क्रांतिकारी विचारधारा को हमे अपने अंदर समाहित कर गलत के खिलाफ आवाज उठाना चाहिए। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रावण पासवान, विजेंद्र दास, नब्बू भुईया, प्रीतम गुप्ता, दीपक दुबे, विकास साहू, राहुल जयसवाल, रोहित समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दालचुआ, धेंगरा टांड़ टटबिनवा में नही है आवागमन का रास्ता: जतरु मुंडा

## बरसात के दिनों में कट जाता है मुख्यालय से संपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** आजादी के 7 दशक बाद भी चंदवा प्रखंड के कई ऐसे गांव हैं जो आज भी सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसा ही एक गांव चंदवा प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित माल्हन पंचायत अंतर्गत गनियारी गांव का दालचुआ, धेंगरा टांड़ व टटबिनवा टोला है जहां आज भी आवागमन का कोई रास्ता नही है। ग्रामीण बताते हैं कि रास्ता नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में टोलों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है व गांव के ग्रामीण गांव में ही कैद होकर रह जाते हैं ऐसे में ग्रामीण की तबीयत खराब हो गई तो स्थिति विकट हो जाती है, क्योंकि गांव में एंबुलेंस पहुंच ही नहीं पाती है।समस्या को देखते हुए गनियारी वार्ड सदस्य नागमणी देवी ने स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा को प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम पत्र सौंपा, जिसके बाद मुखिया जतरु मुंडा गांव का दौरा कर जमीनी हकीकत जानी, जहां ग्रामीणों ने बताया कि रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों का आवागमन करने व विद्यार्थियों को पढ़ाई करने के लिए स्कूल आने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की बातों को सुनने के बाद मुखिया मुंडा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जिला प्रशासन उपायुक्त को इन समस्या से आवेदन देकर आवागत कराया जायेगा। मौके पर नागमणी देवी, रितन गंझू, दिनेश गंझू, दशरथ गंझू, धनेसर गंझू, कुंदा मलार, पिंटू मलार, छोटू मलार, बजरंगी मलार, रघु गंझू, जीतन गंझू, रविंद्र गंझू, सोनी कुमारी, सुनीता देवी, सारो देवी, सविता देवी, मनिता देवी, सरिता देवी, हेमंती देवी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



जानकारी देते ग्रामीण।

### हनुमान मंदिर के पास पुलिया क्षतिग्रस्त विद्यार्थी समेत आमजनों को आवागमन में हो रही परेशानी



क्षतिग्रस्त पुल।

**चंदवा।** एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग से जुड़कर चंदवा के प्रमुख विद्यालय प्लस 2 उच्च विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय, खीस्त राजा विद्यालय, ग्रीन फील्ड एकेडमी जाने मार्ग पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के समीप पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया है। जिस कारण विद्यार्थियों को स्कूल आने-जाने व आमजनों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगो को दो पहिया, चार पहिया वाहन पार करने में काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगो ने बताया कि विगत वर्ष बरसात में उक्त बह गई थी, जिसके बाद ग्रामीणों ने मिट्टी भरकर पथ को तत्काल आवागमन योग्य बना दिया था साथ ही विभिन्न अखबारों के माध्यम से उक्त समस्या को प्रशासन तक पहुंचाया था, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलिया नही बन पायी, अब बरसात शुरू होने के बाद पुलिया के किनारों से मिट्टी का कटाव होना शुरू हो गया है, जिस कारण पुलिया कभी भी बाह सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से उक्त स्थान पर पुलिया निर्माण कराने की मांग की है।

### जेएमएम कार्यकताओं ने हुल दिवस पर आजादी के महानायकों को किया याद



श्रद्धांजलि अर्पित करते जेएमएम नेता व अन्य।

**बरवाडीह।** शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पंचायत अंतर्गत जुरुहार स्थित नीलांबर-पीतांबर जमटिया जुरूहार विद्यालय के प्रांगण में हुल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता शशि भूषण तिवारी सहित अन्य लोगों ने वीर शहीद सिदो-कान्हू और चांद-भैरव के छायाचित्र पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। जहां श्री तिवारी ने कहा कि अपने देश की आजादी के लिए झारखंड के वीर शहीदों के दिए गए योगदान को हम सभी कभी भुला नहीं सकते है। उन्होंने बताया कि 30 जून 1855 को अंग्रेजों के विरूद्ध किए गए विद्रोह को हूल क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्रोह का नेतृत्व जहां सिदो-कान्हू के द्वारा किया गया था। वहीं विद्रोह में लगभग 20 हजार आदिवासियों ने अपनी जान गवाई थी। कहा कि हूल दिवस अन्याय के खिलाफ संघर्ष की प्रेरणा देता है। अगर हम सब इन शहीदों के संघर्ष की गाथा को भुला देंगे तो झारखण्ड का विकास नहीं हो पाएगा। कार्यक्रम में जेएमएम नेता देवनाथ सिंह खरवार, विजय सिंह, कृष्णा किशोर सिंह, सविता देवी और संजय ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## तेतरियाखांड़ में होती है अवैध उगाही, सीसीएल व प्रशासन मौन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में इन दिनों विस्थापित के नाम पर अवैध उगाही होना आम बात हो गया है। कोलियरी परिसर में एक जगह नहीं बल्कि कई स्थानों पर विभिन्न माध्यम से पैसे की उगाही की जाती है। कई ट्रक चालकों ने बताया कि ट्रक प्रवेश के समय बैरियर के समीप सुरक्षा प्रहरी मौजूद होने के बावजूद कई लोगों ने बैरियर को अपने कब्जे में कर रखा है, और प्रत्येक ट्रक से 50 से 200 की उगाही की जाती है। इस तरह देखा जाए तो एक दिन में लगभग 200 ट्रकों का प्रवेश कराया जाता है। जिसमें लगभग 20 हजार रुपये प्रत्येक दिन की उगाही की जाती है और देखा जाए तो महीने में छह लाख तक की उगाही होना आम बात है। वहीं दूसरा अवैध उगाही लोडिंग पॉइंट पर की जाती है। अच्छा कोयला देने के नाम पर होलपेक से कोयला गिराया जाता है और इसके एवज में 1000 से 2000 प्रत्येक ट्रक से उगाही की जाती है। और देखा जाए तो यह एक दिन में डेढ़ से दो लाख रुपये प्रत्येक दिन और महीने में 35 से 40 लाख रुपए की अवैध उगाही की जाती है। वहीं तीसरा अवैध उगाही लोडर के नाम पर 1500 से 5000 प्रति ट्रक तक उगाही की जाती है। जो प्रत्येक दिन तीन से पांच लाख तक की उगाही की जाती है। सीसीएल का प्रावधान है कि ट्रकों में कोयला लोड करने के लिए डीओ होल्डर लोडिंग का पैसा सीसीएल को एडवांस में भुगतान कर देती है। लेकिन विस्थापित द्वारा रंगदारी करते हुए अपना-अपना लोडर को लगाकर जबरन ट्रक चालकों से उगाही किया जाता है। वहीं चौथा उगाही कांटा घर के समीप सीसीएल के कांटा बाबू द्वारा की जाती है। ट्रक चालकों ने बताया कि एक सौ रुपये प्रति ट्रक से कांटा कराने के नाम पर लिया जाता है। इस तरह देखा जाए तो कोलियरी परिसर में कुल 70 से 80 लाख रुपए प्रत्येक माह अवैध उगाही हो रहा है। इस अवैध उगाही की सूचना सीसीएल पुलिस प्रशासन को भी है।



तेतरियाखांड़ कोलियरी।

लेकिन इन लोगों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं करने से पुलिस प्रशासन व सीसीएल पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होता नजर आ रहा है। इस संबंध में कोलयरी मैनेजर विनोद कुमार दीपक से पूछने पर कोलियरी परिसर में अवैध उगाही से इंकार किया। वही परियोजना पदाधिकारी के एल यादव ने कहा कि मैं अभी नया नया आया हूं और अगर अवैध उगाही हो रही है तो जांच कराऊंगा। सही पाए जाने पर कार्रवाई करूंगा।

# हूल दिवस के अवसर पर सिदो-कान्हू क्रॉस कंट्री दौड़ के विजेताओं को सीएम ने किया पुरस्कृत

## उपायुक्त राम निवास यादव एवं पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोत्ता प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी ने दिखाई हरी झंडी

विजेता प्रतिभागियों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय- पवन कुमार-गिरिडीह, रंजीत किस्कू-दुमका, तोनय मुर्मू- पाकुड़ को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एलसीडी ट्रॉफी, सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जनता को संबोधीत करतें सीएम हेमंत सोरेन

**साहेबगंज।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग, झारखंड, रांची एवम जिला प्रशासन, साहेबगंज तथा झारखंड एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान में हूल दिवस के अवसर पर 30 जून को प्रातः 7:00 बजे पचकठिया शहिद स्थल से सिदो-कान्हू जन्म स्थली भोगनाडीह पार्क, बरहेट तक पुरुष वर्ग के लिए राज्य स्तरीय सिदो-कान्हू क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। जिसको उपायुक्त, साहेबगंज राम निवास यादव एवम पुलिस अधीक्षक अनुरंजन किस्पोत्ता, बरहेट प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री सोमनाथ बनर्जी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी अमित कुमार, खेल प्रशिक्षक योगेश यादव, अशोक कुमार, माधव चंद्र घोष, अनिल टुडू, अभिजीत पात्रा, बमबम कुमार, बिरेंद्र कुमार समेत झारखंड एथलेटिक्स संघ के तकनीकी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### परिणाम

- पवन कुमार - गिरिडीह
- रंजीत किस्कू - दुमका
- तोनय मुर्मू - पाकुड़
- ब्रेंटुश मुर्मू - दुमका
- राकेश मुर्मू - दुमका
- प्रदीप कुमार - हजारीबाग
- मोती लाल मुर्मू - पाकुड़
- श्यामदेव चौरी - गोड्डा
- जानकी कुमार - देवघर
- सोनोत मरांडी - साहेबगंज
- लॉरेंस टुडू साहेबगंज
- अभिषेक कुमार - दुमका
- सिमोन बेसरा -साहेबगंज
- सोकोल किस्कू -दुमका
- सुनीराम रॉय -पाकुड़
- राम हेंब्रम -साहिबगंज
- साहिल भुईया- बोकारो
- मुकेश हांसदा -दुमका
- मथीयस मरांडी - पाकुड़
- बिपिन कुमार -साहेबगंज

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड के तीन खिलाड़ी आमंत्रित




**रांची।** 07जुलाई से 13अगस्त तक साईं सेंटर बैंगलौर में आयोजित जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप के लिए झारखंड के तीन खिलाड़ियों दीपिका सोरेंग, महिमा टेटे और काजल बड़ा को आमंत्रित किया गया है।तीनो ही खिलाड़ी सिमडेगा जिला के है। दीपिका सोरेंग और महिमा टेटे इसी माह जापान में आयोजित जूनियर महिला एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम की सदस्य थी और शानदार प्रदर्शन किए थे। दीपिका सोरेंग और काजल बड़ा सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड अंतर्गत करगागुड़ी की रहने वाली है वही महिमा टेटे सिमडेगा जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत बरकिछापर की रहने वाली है।झारखंड के तीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय कैंप में आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी है।

# भारत ने ईरान को हराकर आठवीं बार जीता एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब

**एजेंसी**



जीत का जश्न मनाते भारतीय टीम

**बुसान।** पवन सहरावत के सुपर 10 और असलम इनामदार और अर्जुन देशवाल के बहुमूल्य योगदान से भारत ने शुक्रवार को ईरान को 42-32 से हराकर एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। यह भारत का आठवां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब है।

भारतीय टीम ने मैच में शानदार प्रदर्शन किया, खासकर भारतीय रेडरों का प्रदर्शन काफी बेहतरीन रहा, जिससे भारतीय टीम को अंक जुटाने में मदद मिली और टीम पूरे खेल में हमेशा ईरान से छह से सात अंक आगे रही।

सईद गफरी, मोईन शफागी और अमीरमोहम्मद के साथ-साथ मोहम्मदरेजा शादलूई चियानेह ने ईरान के लिए बेहतर किया, लेकिन ईरानी आक्रमण अपने भारतीय समकक्ष की क्षमता और निरंतरता से मेल नहीं खा सका।

मैच में ईरान ने आक्रामक शुरूआत की, लेकिन भारत इस महत्वपूर्ण फाइनल में मजबूती से खड़ा रहा। कप्तान पवन सहरावत ने दो टच प्वाइंट के साथ ईरानी टीम को ऑल-आउट किया और स्कोर 10-4 कर दिया। भारत ने ईरानियों पर दबाव बनाना जारी रखा और एक और ऑल-आउट किया। पहले हाफ की समाप्ति पर भारतीय टीम 23-11 से आगे रही।

ईरानी ऑलराउंडर मोहम्मदरेजा चियानेह ने दूसरे हाफ में ईरानी टीम को वापसी दिलाने की वापसी की; हालाँकि, उनका प्रदर्शन काम न आ सका और टीम एक बार फिर ऑल आउट हो गई और स्कोर 33-14 हो गया। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले में दोनों टीमों ने अपना पूरा जोर लगाया, लेकिन अंत में भारत ने ईरान को 42-32 से हराकर आठवीं बार खिताब अपने नाम किया।

## 32वीं सीनियर नेशनल वुशु प्रतियोगिता झारखंड के अविनाश गंझू को कांस्य

**पुणे।** पुणे के बालवाड़ी स्थित बॉक्सिंग हॉल में चल रही 32वी सीनियर नेशनल प्रतियोगिता के चौथे दिन झारखंड के ताऊलू खिलाड़ी अविनाश गंझू ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया । इसके पूर्व भी अविनाश झारखंड के लिए पदक जीत चुके है। इसकी जानकारी देते हुए झारखंड वुशु एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि प्रतियोगीता कल तक चलेगी।झारखंड दल की सफलता पर डॉ प्रदीप वर्मा सहित चंचल भप्ताचार्य, डॉ कविता सिंह, डॉ अंशु साहू, प्रियदर्शी अमर, उदय साहू, शशिकांत पांडे, मिथलेश साहू, शैलेन्द्र दुबे, गोकुलानंद मिश्रा, आजाद पाठक, रत्नेश कुमार, मनोज साहू, राजेश साहू, वाहिद अली, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, रजि अहमद आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## सन्यास लेने का इरादा फिलहाल नहीं : छेत्री



**बेंगलुरु।** फुटबाल की दुनिया से सन्यास की अटकलों को विराम देते हुये भारत के करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि उन्हे लगता है कि टीम को उनकी सेवाओं की जरूरत है, इसलिये फिलहाल उनका सन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। 38 वर्षीय भारतीय कप्तान ने शुक्रवार को कहा मुझे नहीं पता कि देश के लिए मेरा अंतिम मैच कब होगा। मैंने कभी भी लंबे समय के लक्ष्य नहीं बनाये, मैं अगले मैच के बारे में सोचता हूं, अगले 10 दिन के बारे में सोचता हूं।संन्यास तो एक न एक दिन जरूर लेना पड़ेगा मगर फिलहाल मै उस दिन के बारे में नहीं सोचता।

# प्रोफेसर रामचंद्र प्रसाद यादव भाजपा में शामिल



**पटना।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री चन्द्रशेखर के भाई प्रोफेसर रामचंद्र प्रसाद यादव भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये हैं। पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को उन्हें भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। रामचंद्र प्रसाद यादव के भाजपा में शामिल होने के बाद ये कयास लगाये जा रहे हैं कि भाजपा उन्हें मधेपुरा से लोकसभा चुनाव का टिकट दे सकती है। एनडीए को मुकाबला करने के लिए एक मजबूत उम्मीदवार की जरूरत थी। रामचंद्र यादव भाजपा की यह कमी पूरी कर सकते हैं। मधेपुरा सीट पर यादव बिरादरी का दबदबा रहा है। मधेपुरा से चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि क्यों नहीं। यदि पार्टी हमें मौका देती है तो लड़ेंगे चुनाव। छोटे भाई और बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की ओर से बार-बार रामचरित मानस पर सवाल खड़े करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब वही देंगे कि आखिर वो क्यों इस तरह की बात करते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रो. रामचंद्र हाल ही में डीयू के सत्यवती कॉलेज से सेवानिवृत हुए हैं। ये दिल्ली विवि के सत्यवती कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर थे। रिटायरमेंट के बाद राजनीतिक पारी भाजपा के साथ शुरू किया है।

## बॉक्सिंग प्रतियोगिता का फाइनल आज

**रांची।** 30 जून को 16वां राज्यस्तरीय जूनियर/सब जूनियर बालक, बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आगाज किया गया। स्थानीय बॉक्सिंग हॉल खेलगांव में रांची में उदघाटन के मौके पर झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के उत्तम सिंह शामिल हुए। बता दें कि उदघाटन के बाद जूनियर गर्ल्स, बॉयज, सब जूनियर गर्ल्स बॉयज प्रतिभागियों के बीच प्रतिस्पर्द्धा शुरू हो चुकी है। अब तक 27 फाइट हो चुके हैं। सेमिफाइनल का मैच जारी है। शनिवार को फाइनल खेला जाएगा। उदघाटन सत्र में पहुंचे उत्तम सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास बॉक्सिग को आगे बढ़ाने का रहा है और आज झारखंड के बॉक्सर खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। टाटा कंपनी की ओर से हमलोगों को बेहतर सुविधा अपने बॉक्सर को देने का प्रयास कर रहे हैं। कई खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से भी नौकरी मिल रही है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता के जरिये राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को परखा जाएगा और उन्हें उचित प्लेटफार्म भी दिया जाएगा।

# मैरी कॉम ग्लोबल इंडियन आइकन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** बॉक्सिंग लीजेंड मैरी कॉम को दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड के विंडसर में वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स में ग्लोबल इंडियन आइकन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

छह बार की विश्व चैंपियन ने गुरुवार रात एक भव्य समारोह में यूनाइटेड किंगडम में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी से पुरस्कार स्वीकार करते हुए अपनी 20 साल की यात्रा के बारे में बात की और कहा कि मुक्केबाजी उनके लिए सब कुछ है।

40 वर्षीय पूर्व राज्यसभा सदस्य मैरी कॉम ने कहा, मैं 20 साल से लड़ रही हूं, अपने जीवन में मुक्केबाजी में बहुत प्रयास और कड़ी मेहनत कर रही हूं, यह बहुत मायने रखता है। मैं वास्तव में इस मान्यता के लिए अपने दिल की गहराई से धन्यवाद देती हूं।

मैरी कॉम के अलावा ऑस्कर-नामित 'एलिजाबेथः द गोल्डन एज' के निमार्ता शेखर कपूर को यूके-इंडिया वीक के हिस्से के रूप में आईजीएफ (इंडिया ग्लोबल फोरम) द्वारा आयोजित पुरस्कारों में दोनों देशों में सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला।बता दें कि यह पुरस्कार, जो अब अपने पांचवें वर्ष में है, व्यापार, पेशेवर सेवाओं, सरकार, संस्कृति और सामाजिक प्रभाव में नेताओं के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है।

# तीन साल बाद टेनिस में लौटीं कैरोलिन वोज्नियाकी

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय टेनिस से संन्यास लेने वाली पूर्व विश्व नंबर 1 कैरोलिन वोज्नियाकी ने गुरुवार को अपनी वापसी की घोषणा की। उन्होंने 2020 में खेल से संन्यास लिया था।

परिवार शुरू करने के लिए तीन साल से अधिक समय तक एक्शन से दूर रहने के बाद, कैरोलिन को इस साल के अंत में होने वाले यूएस ओपन में वाइल्डकार्ड प्रवेश दिया गया है।

32 वर्षीय कैरोलिन 71 सप्ताह तक विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर रहीं। उनके पास 30 एकल खिताब हैं - जिसमें 2018 में ऑस्ट्रेलियन ओपन का ताज भी शामिल है।

उन्होंने ट्विटर पर लिखा, खेल से दूर इन पिछले तीन वर्षों में मुझे अपने परिवार के साथ बिताए गए समय की भरपाई करने का मौका मिला, मैं मां बनी और अब मेरे दो खूबसूरत बच्चे हैं जिनके लिए मैं बहुत आभारी हूं। लेकिन मेरे पास अभी भी लक्ष्य हैं जिन्हें मैं पूरा करना चाहती हूं। मैं अपने बच्चों को दिखाना चाहती हूं कि आप अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं, चाहे आपकी उम्र या भूमिका कुछ भी हो। मैं खेलने के लिए वापस आ रही हूं और मैं और इंतजार नहीं कर सकती!

उन्होंने 29 साल की उम्र में 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा की। कैरोलिन ने कहा था कि वह अपने पति, पूर्व एनबीए खिलाड़ी डेविड ली के साथ एक परिवार शुरू करना चाहती थीं और अब उनकी एक बेटी ओलिविया और बेटा जेम्स है।

# इंडियन सुपर लीग: जमशेदपुर एफसी ने चार विदेशी खिलाड़ियों को किया रिलीज

**एजेंसी**




**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने अपने टीम से चार विदेशी खिलाड़ियों - डिफेंडर डायलन फॉक्स, मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो, फॉरवर्ड हैरी सॉयर और जे इमैनुएल-थॉमस को रिलीज कर दिया है।

थॉमस और सॉयर 2022-23 सीजन की शुरूआत से पहले क्लब में शामिल हुए थे, जबकि क्रिवेलारो और फॉक्स सीजन के बीच में विंटर ट्रांसफर विंडो में क्लब से जुड़े।

आईएसएल में पदार्पण करने वाले थॉमस ने जमशेदपुर के लिए 21 मैच खेले और आईएसएल और सुपर कप में दो गोल करने में सफल रहे। मुख्य कोच ऐडी बूथरॉयड के निर्देशन में 32 वर्षीय थॉमस को उनकी बहुमुखी प्रतिभा के कारण सेंटर-फॉरवर्ड से लेकर सेंट्रल मिडफील्डर तक खेलने का मौका मिला। अपने फुटबॉल करियर का अधिकांश हिस्सा ऑस्ट्रेलिया में खेलने के बाद, सॉयर ने भी अपना आईएसएल डेब्यू जमशेदपुर एफसी के साथ किया। उन्होंने जमशेदपुर के लिए 22 मैच खेले और आईएसएल और सुपर कप में पांच गोल किये और पांच गोलों में सहायता की। इस बीच, क्रिवेलारो ने 2019-20 सीजन में चेन्नईयिन एफसी के अविश्वसनीय फाइनल तक पहुंचने में निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके बाद उन्होंने 2022-23 सीजन के मध्य में जमशेदपुर एफसी में कदम रखा। ब्राजीलियाई क्रिवेलारो ने आईएसएल और सुपर कप में अपनी टीम के लिए 13 मैचों में दो गोल और चार सहायता के साथ बूथरॉयड के तहत अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। डायलन फॉक्स पिछले सीजन में एफसी गोवा से जमशेदपुर एफसी पहुंचे। फॉक्स ने 2022-23 सीजन में जमशेदपुर के लिए एक भी मैच नहीं खेला।

### पेज एक का शेष

## लोकेश समेत तीन को उम्रकैद की सजा...

इससे पूर्व सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ एवं अनंत कुमार विज ने अनुरोध किया कि यह उनका पहला अपराध है। अच्छे परिवार से आता हैं, इसे ध्यान में रखते हुए कम से कम सजा दी जाये। एपीपी वेद प्रकाश ने इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि अभियुक्तों ने जघन्य अपराध किया है, ऐसे फांसी की सजा दी जाये। अदालत ने दोनों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि केस जघन्य से जघन्यतम श्रेणी में नहीं आता है। इसको देखते हुए तीनों को उम्र कैद की सजा सुनायी जा रही है। 26 जून को अदालत ने तीनों को उक्त आरोप में को दोषी ठहराया था।

**क्या है मामला :** अरगोड़ा थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार न्यूज चैनल संचालक लोकेश चौधरी ने व्यवसायी बंधु हेमंत और महेंद्र अग्रवाल को 6 मार्च 2019 को दफ्तर में बुलाया था। पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद होने लगा। इसी बीच लोकेश चौधरी ने दोनों भाइयों को गोली मार दी। दोनों की वहीं मौत हो गयी थी। लोकेश चौधरी ने अग्रवाल बंधु से पांच लाख रुपये का लोन लिया था। उसी लोन की वसूली के लिए दोनों भाई अशोक नगर स्थित साधना न्यूज चैनल के कार्यालय गये थे। कमरे के अंदर दोनों के बीच जबरदस्त हिंसक झगड़ा हुआ। बंगले में तैनात गार्ड बासुदेव बनर्जी ने देखा और सुना था। गार्ड ने दोनों भाईयों को लोकेश के कमरे में घुसते देखा था। घटना का अंजाम देने के तुरंत बाद कमरे का दरवाजा लोकेश ने बंद कर दिया था। इसके बाद वह फरार हो गया। मामले में गिरफ्तारी को पुलिस ने इश्तेहार से लेकर घर को कुर्क किया। बावजूद 21 महीने तक फरार रहा था।

## इडी दफ्तर पहुंचे जेल अधीक्षक हामिद अख्तर...

इडी के अधिकारियों ने जेलर नसीम खान से भी पूछताछ शुरू की। सूत्रों के अनुसार जेलर ने कहा कि वह तो सिर्फ अपने अधिकारियों के आदेश का पालन भर करते हैं। पांच मई को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और जेल में बंद आरोपी प्रेम प्रकाश की जेल में मुलाकात को लेकर जेलर नसीम खान को समन किया गया था। इडी सूत्रों के मुताबिक, जेलर के पास ही सभी सेल की चाभियां होती हैं, ऐसे में सभी सेल बंद किए जाने के बाद किसके आदेश से प्रेम प्रकाश के सेल को खोलकर उसकी मुलाकात अपर डिविजन सेल में बंद छवि रंजन से करवाई गयी, इस संबंध में ईडी जेलर से पूछताछ कर रही है। पहले इडी ने 26 और 27 जून को भी हामिद अख्तर को मनी लाउंड्रिंग केस में गवाही के लिए समन किया था, लेकिन वह उपस्थित नहीं हुए थे। ऐसे में इडी ने नयो सिरे से हामिद अख्तर को समन किया था। शुक्रवार को दिन के 11 बजे उन्हें रांची जोनल ऑफिस में हाजिर होने का नोटिस इडी ने दिया था, लेकिन जेल अधीक्षक तीसरे समन के बाद इडी के सवालों का जवाब देने के लिए हाजिर हुए हैं।

## पुतिन ने की मोदी से बात...

रूस के राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा, बातचीत का स्वरूप सार्थक एवं रचनात्मक रहा। दोनों ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) और जी20 के भीतर अपने देशों के सहयोग पर भी चर्चा की। नेताओं ने रूस और भारत के बीच विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता दोहराई और संपर्क जारी रखने पर सहमति व्यक्त की। रूसी राष्ट्रपति ने मोदी को कूटनीति के माध्यम से संघर्ष को सुलझाने से यूक्रेन के स्पष्ट इनकार के बारे में सूचित किया। मोदी के साथ एक टेलीफोन कॉल में यूक्रेन के आसपास की स्थिति और मॉस्को ने सशस्त्र भाड़े के विद्रोह को कैसे हल की, इस पर चर्चा की। बयान में बताया गया है कि पीएम मोदी ने क्रेमलिन द्वारा पिछले शनिवार को वैगनर भाड़े के समूह द्वारा विद्रोह से निपटने में रूसी नेतृत्व की निर्णायक कार्रवाई के लिए समर्थन व्यक्त किया था। ये एक ऐसा विद्रोह था, जिसने पुतिन की इज्जत और उनकी मजबूत छवि को बहुत नुकसान पहुंचाया।

## निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर होगी कार्रवाई, पीड़ितों को दिलायेंगे न्याय : थाना प्रभारी

पीड़ितों को न्याय दिलाने छपरा पहुंचीं दलित सेना की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष इंद्रा कुमारी



**रांची/पटना।** झारखंड श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ सह प्रदेश अध्यक्ष दलित सेना व अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार की प्रदेश सचिव इंद्रा कुमारी ने सारण (छपरा) थाना बनियापुर के थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने गांव के दलितों पर हो रहे शोषण की जानकारी दी। कहा कि हमारा देश आजाद है। इस कारण हर देशवासी को स्वतंत्रता का अधिकार है। बावजूद दलित परिवार का आज भी शोषण ही रहा है, जो कहीं से जायज नहीं है। उन्होंने कड़ी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने को कहा। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अरुण कुमार सिंह ने भी आश्वस्त किया कि वे निष्पक्ष जांच करायेंगे और दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# ललन सिंह को हराने के लिए सामान्य कार्यकर्ता ही काफी, बाहरी की जरूरत नहीं: सुशील मोदी

**एजेंसी**



सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि विकास योजनाओं और कर्मचारियों के वेतन तक के लिए जब बिहार केंद्रीय सहायता और कर्ज से प्राप्त राशि पर पूरी तरह निर्भर है तब जदयू अध्यक्ष ललन सिंह किस झूठ पर गाल बजा रहे हैं? मुंगेर में ललन सिंह को हराने के लिए हमें किसी बाहरी प्रत्याशी की जरूरत नहीं, बल्कि भाजपा के टिकट पर सामान्य कार्यकर्ता भी उनका अहंकार तोड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि जिस नल-जल योजना का दंभ भरा जा रह है, उसे बिहार को केंद्रीय करों में प्राप्त हिस्सेदारी और 15वें वित्त आयोग की सिफारिश पर मिली धनराशि से पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार में 8 नये मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रही है और मोकामा में गंगा पर राजेंद्र सेतु के समानान्तर महासेतु बन रहा है। क्या यह केंद्र सरकार का योगदान नहीं है?

मोदी ने कहा कि बिहार सरकार का कुल बजट 2.61 लाख करोड़ का है। इसमें राज्य सरकार के राजस्व संग्रह का योगदान मात्र 53000 करोड़ यानी 25 फीसदी है। केंद्र सरकार ने 8,350 करोड़ की लागत से बरौनी कारखाने का आधुनिकीकरण कर यूरिया का उत्पादन फिर से शुरू कराया। यह कारखाना उस कांग्रेस के राज में बंद हुआ था, जिसकी गोद में बैठने से जदयू को केंद्र का काम नहीं दिखता। नीतीश कुमार और ललन सिंह को केंद्र सरकार के काम नहीं दिखते। जनता सब देख रही है और वह 2024 में भी भाजपा की झोली भरेगी।

स्पीड न्यूज

## एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेंगे जिनपिंग

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले सप्ताह भारत की मेजबानी में होने वाले शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। चुनयिंग ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर राष्ट्रपति शी चार जुलाई को एससीओ के प्रमुखों की 23वीं परिषद बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत की मेजबानी में होने वाले इस शिखर सम्मेलन में शी के हिस्सा लेने के बारे में यह पहली आधिकारिक घोषणा है।

## मेक्सिको में भीषण गर्मी से 112 की मौत

**मेक्सिको सिटी।** इस समय समूचा मेक्सिको भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले दो सप्ताह में देश में तेज गर्मी से कम से कम 112 लोगों की मौत हो गई है। देश के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य सचिव जॉर्ज अल्कोसेर वेरेला ने संवाददाताओं को दी। इस महीने मेक्सिको में भीषण गर्मी से ऊर्जा की खपत अचानक बढ़ गई। इस वजह से कई क्षेत्रा में आपूर्ति प्रभावित हुई।

## पाक में नमाज के दौरान 17 कैदी फरार

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत की चमन जेल से बकरीद की नमाज के दौरान 17 कैदी फरार हो गए जबकि एक कैदी की जेल के सुरक्षाकर्मियों द्वारा चलायी गयी गोली लगने से मौत हो गई। बलूचिस्तान के कारागार महानिरीक्षक मलिक शुजा कासी ने बताया कि हिंसा और गोलीबारी में कुछ पुलिस गार्ड और कैदी घायल भी हुए हैं।

## दिल्ली मेट्रो में शराब ले जाने की मिली अनुमति

**नयी दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपने संशोधित नियमों के तहत मेट्रो के अंदर प्रति व्यक्ति शराब की दो सीलबंद बोतलें ले जाने की अनुमति दे दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि मेट्रो परिसर के अंदर शराब पीना अभी भी वर्जित है।

## सुकमा में दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों के सामने दो नक्सलियों उईका मल्ला और सोड़ी हुंगा ने सरेंडर किया।

## विपुल ऑर्गेनिक 100 लोगों की करेगी भर्ती

**मुंबई।** विपुल ऑर्गेनिक्स अगले 12-18 महीनों में विभिन्न खंडों में लगभग 100 लोगों को नियुक्त करने की योजना बना रही है। इससे कंपनी में कुल कर्मियों की संख्या 450 हो जाएगी। विशेष रसायन बनाने वाली कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि यह नियुक्ति कंपनी की अगले तीन से पांच साल में पूंजी निवेश और वृद्धि की योजनाओं का हिस्सा है।

## आंध्र : दवा कंपनी में धमाका, सात झुलसे

**अच्युतापुरम ।** आंध्र प्रदेश में अनकापल्ली जिले के अच्युतापुरम स्थित सहिती फार्मा कंपनी में शुक्रवार को हुए एक धमाके में सात लोग झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कंपनी के सॉल्वेंट रिकवरी प्लांट में सॉल्वेंट भरते समय विस्फोट हुआ। पुलिस अधीक्षक के. वी. मुरली कृष्णा ने बताया कि शायद किसी रासायनिक प्रतिक्रिया के कारण विस्फोट हुआ और आग फैल गई। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारियों ने अभी तक किसी भी मौत की पुष्टि नहीं की।

# डीयू सिर्फ विश्वविद्यालय नहीं, एक आंदोलन : मोदी

## नीतियों और निर्णयों की वजह से बढ़ रही है भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक पहचान : प्रधानमंत्री

एजेंसी

- प्रौद्योगिकी संकाय, कंप्यूटर केंद्र और शैक्षणिक ब्लॉक सहित तीन भवनों का मोदी ने किया शिलान्यास
- माइक्रोन और गूगल देश में करेंगी भारी निवेश

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आजादी में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि डीयू केवल एक विश्वविद्यालय नहीं बल्कि एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल में डीयू का लक्ष्य भारत को विकसित भारत बनाना होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को डीयू के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया।

उन्होंने डीयू के उत्तरी परिसर में बनने वाले प्रौद्योगिकी संकाय, कंप्यूटर केंद्र और शैक्षणिक ब्लॉक सहित तीन इमारतों की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर दो कॉफी टेबल बुक्स भी लॉन्च कीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा की भविष्योन्मुखी नीतियों और निर्णयों का परिणाम है कि आज भारतीय विश्वविद्यालयों की वैश्विक पहचान बढ़ रही है। उन्होंने हाल के वर्षों में आईआईटी, आईआईएम, एम्स की संख्या में हुई वृद्धि का हवाला दिया और कहा कि यह सभी संस्थान नये भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिका की अपनी हालिया राजकीय यात्रा का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की क्षमता में वृद्धि के साथ-साथ देश के युवाओं में दुनिया के विश्वास के कारण आज दुनिया में देश के सम्मान और प्रतिष्ठा में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) को लेकर हुए एक समझौते मात्र से देश के युवाओं के लिए जमीन से लेकर अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर से लेकर कृत्रिम मेधा (एआई) तक में नए अवसर पैदा होंगे। मोदी ने कहा कि भारत के युवाओं की उन प्रौद्योगिकियों तक पहुंच होगी जो कभी उनकी पहुंच से बाहर हुआ करती थीं। उन्होंने कहा कि माइक्रोन और गूगल जैसी कंपनियां देश में भारी निवेश करेंगी। उन्होंने कहा कि यह आहट है कि भविष्य का भारत कैसा होने वाला है , आपके लिए कैसे-कैसे अवसर दस्तक दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा सिर्फ सिखाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि सीखने की भी प्रक्रिया है और लंबे समय तक शिक्षा को लेकर ध्यान इस बात पर केंद्रित रहा कि छात्रों को क्या पढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लेकिन हमने फोकस इस बात पर भी शिफ्ट किया कि छात्र क्या सीखना चाहता है। आप सभी के सामूहिक प्रयासों से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार हुई है और छात्रों को यह बड़ी सुविधा मिली है कि वह अपनी इच्छा से अपनी पसंद के विषयों का चुनाव कर सकते हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को मेट्रो की सवारी की। उन्होंने कहा कियुवाओं को अपने सह-यात्री के रूप में पाकर खुश हूं।

## मणिपुर : इस्तीफा रोकने के लिए सड़क पर उतरे समर्थक

# सीएम बोले- नहीं छोड़ेंगे पद

### दंगाइयों की गोलीबारी में अब तक तीन लोगों की मौत

एजेंसी

**ताजा हिंसा के बाद इंटरनेट पर प्रतिबंध पांच जुलाई तक बढ़ा**



**इंफाल।** मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने ट्वीट कर साफ कर दिया कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री आवास के बाहर लगी समर्थकों की भीड़ छंटने लगी।

दरअसल, शुक्रवार सुबह कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मिलने का समय मांगा था। इसके बाद उनके मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की अटकलें लगने लगीं। इसके बाद उनके समर्थक इस्तीफा देने से रोकने के लिए सड़क पर उतर आए और प्रदर्शन करने लगे। काली शर्ट पहने सैकड़ों युवक और महिलाओं ने सीएम हाउस से राजभवन जाने वाली सड़क यातायात अवरुद्ध कर दिया। इस भीड़ ने राजभवन जाने के लिए निकले मुख्यमंत्री के काफिले को रोक दिया। इस पर मुख्यमंत्री को अपने आवास पर लौटना पड़ा। इसके बाद एक महिला नेता मुख्यमंत्री आवास से बाहर आईं और भीड़ को बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि वह इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। इस पर उनके आवास के बाहर लगी भीड़ धीरे-धीरे हटने लगी। इसी बीच मुख्यमंत्री सिंह ने अपने ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर साफ कर दिया कि वे इस्तीफा नहीं दे रहे हैं। जिसके बाद उनके समर्थक शांत हो गये। महिला नेता क्षेत्रमयुम शांति ने कहा कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर, बीरेन सिंह सरकार को दृढ़ रहना चाहिए और उपद्रवियों पर नकेल कसनी चाहिए। इसी अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को कांगपोकपी जिले में सुरक्षाबलों और संदिग्ध दंगाइयों के बीच गोलीबारी में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। हथियारबंद दंगाइयों ने गुरुवार को हरओथेल गांव में गोलीबारी की थी। मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बीच प्रशासन ने शुक्रवार पूरे इलाके में इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध 5 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

## राज्यपाल से मिले राहुल गांधी, शांति की अपील की

- राज्य और देश के लिए हिंसा त्रासदी व दर्दनाक

**इंफाल।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात करने के बाद हिंसाग्रस्त राज्य में शांति के लिए समाज के सभी वर्गों से शुक्रवार को अपील की और कहा कि हिंसा कोई समाधान नहीं है। उन्होंने मणिपुर की घटनाओं को एक त्रासदी बताया जो राज्य और देश के लिए दर्दनाक है। गांधी ने राजभवन के बाहर पत्रकारों से कहा कि शांति के लिए जो भी जरूरी होगा, मैं उसके लिए तैयार हूं। मैं सभी लोगों से शांति कायम करने की अपील करता हूं क्योंकि हिंसा से कभी कोई हल नहीं निकल सकता। उन्होंने कहा कि शांति ही आगे बढ़ने का रास्ता है और हर किसी को अब शांति के बारे में बात करनी चाहिए और उसकी ओर बढ़ना शुरू करना चाहिए। इस राज्य में शांति का माहौल कायम करने के लिए मैं हर संभव मदद करूंगा। गांधी ने कहा कि मैं मणिपुर के लोगों का दर्द साझा करता हूं। यह एक भयानक त्रासदी है। यह मणिपुर और देश के लोगों के लिए बेहद दुखद और दर्दनाक है। उन्होंने इंफाल, चुराचांदपुर और मोइरांग में विभिन्न राहत शिविरों के अपने दौरों और सभी समुदायों के लोगों के साथ अपनी बैठकों के बारे में बताया। गांधी ने कहा कि एक बात जो मैं सरकार से कहना चाहूंगा, वह यह है कि शिविरों में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है।



## उत्तराखंड में जल्द लागू होगा यूसीसी : धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को कहा कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिये बनाई गई समिति ने अपना कार्य पूरा कर लिया है और जल्द ही प्रदेश में इसे लागू किया जाएगा। धामी ने ट्वीट कर कहा कि प्रदेशवासियों से किए गए वादे के अनुरूप समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिये बनाई गई समिति ने शुक्रवार को अपना कार्य पूरा कर लिया है और जल्द ही देवभूमि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू किया जाएगा। इससे पहले, उच्चतम न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश और कानून का मसौदा तैयार करने वाली समिति की अध्यक्ष रंजना प्रकाश देसाई ने दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में घोषणा की थी कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार है और उसे जल्द ही उत्तराखंड सरकार को सौंप दिया जाएगा । देसाई ने कहा कि समिति ने सभी प्रकार की राय और चुनिंदा देशों के वैधानिक ढांचे सहित विभिन्न विधानों एवं असंहिताबद्ध कानूनों को ध्यान में रखते हुए मसौदा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, समिति ने उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में प्रचलित विभिन्न पारंपरिक प्रथाओं की बारीकियों को समझने की कोशिश की है। देसाई ने कहा कि उत्तराखंड के लिए प्रस्तावित समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार हो गया है।

## ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे का मोदी 8 जुलाई को करेंगे लोकार्पण

**बीकानेर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 8 जुलाई को राजस्थान के बीकानेर में अमृतसर से जामनगर के बीच ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे का लोकार्पण करेंगे। केन्द्रीय कानून मंत्री और बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्रवार को बताया कि 8 जुलाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ग्रीन एक्सप्रेस हाईवे के साथ ही केंद्र सरकार के अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। उल्लेखनीय है कि 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत से एक्सप्रेस हाईवे के बनने से अमृतसर से जामनगर के बीच 23 घंटे का सफर घटकर महज 12 घंटे रह जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे से राजस्थान के 5 जिले भी जुड़ेंगे। हाईवे के बीच में जगह-जगह मिड-वे होटल्स, टोल प्लाजा, पेट्रोल पंप व चार्जिंग सेंटर भी बनाए जा रहे हैं।

### चार राज्यों को जोड़ेगा हाईवे



यह छह लेन हाईवे पंजाब के अमृतसर से प्रारंभ होकर गुजरात के जामनगर तक कुल 1316 किलोमीटर दूरी को तय करता है। इस हाईवे की कुल लागत 20 हजार 868 करोड़ रुपये हैं। यह हाईवे चार राज्यों पंजाब, हरियाणा राजस्थान व गुजरात को जोड़गा। महत्वपूर्ण ग्रीन फील्ड परियोजना अमृतसर, बठिंडा, सनारिया, बीकानेर, सांचौर, समाखियाली, जामनगर जैसे औद्योगिक केन्द्रों को आपस में जोड़ता है।

## माफिया से मुक्त करायी गयी जमीन पर बनायें गरीबों का आशियाना : योगी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज की तर्ज पर राज्य के सभी विकास प्राधिकरणों से अपील की है कि माफिया के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर गरीबों के लिए आवास बनाएं। मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को माफिया अतीक अहमद के कब्जे से मुक्त कराई गई जमीन पर निर्मित 76 फ्लैटों की चाबी गरीबों को सौंपी। उन्होंने कहा कि सरकार आज गरीबों के साथ खड़ी है। पहले की सरकारें माफिया के साथ खड़ी होती थीं। अब प्रदेश माफिया मुक्त हो रहा है।



# शेयर बाजार में तेजी जारी

एजेंसी

- सेंसेक्स 803 अंक छलांग लगाते हुए उच्च स्तर 64,719 पर पहुंचा, निफ्टी 19,189 रिकॉर्ड ऊंचाई पर हुआ बंद

**मुंबई।** विदेशी पूंजी का प्रवाह कायम रहने और वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों ने नया रिकॉर्ड बनाना शुक्रवार को भी जारी रखा। दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अब तक के उच्चतम स्तर पर बंद हुए।

सेंसेक्स 803.14 अंक यानी 1.26 प्रतिशत की जबर्दस्त छलांग लगाते हुए अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 64,718.56 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 853.16 अंक यानी 1.33 प्रतिशत की नई ऊंचाई तक उछल गया था। एनएसई का निफ्टी भी 216.95 अंक यानी 1.14 प्रतिशत चढ़कर 19,189.05 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 229.6 अंक यानी 1.21 प्रतिशत बढ़कर 19,201.70 के अपने सर्वकालिक शिखर पर भी पहुंच गया था।



**इन कंपनियों के शेयर में तेजी :** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सर्वाधिक चार प्रतिशत की उछाल दर्ज की। इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, विप्रो, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के भी शेयर बढ़त दर्ज करने में सफल रहे। दूसरी तरफ, तेजी के इस दौर में भी आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी को नुकसान उठाना पड़ा और उनके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

# बैंक महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र के लिए अधिकृत

**इस योजना के तहत जमा राशि पर 7.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलेगा**

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों और निजी क्षेत्र के पात्र बैंकों को महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023 को लागू करने और इसकी बिक्री करने की अनुमति दे दी है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने 27 जून को जारी एक ई-गजट अधिसूचना के माध्यम से यह नियमन जारी किया।वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि इस कदम का उदेश्य लड़कियों/ महिलाओं के लिए योजना की पहुंच बढ़ाने में मदद करना है। इस तरह अब महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र योजना की सदस्यता डाकघरों के साथ पात्र अनुसूचित बैंकों में भी ली जा सकेगी। महिलाओं के बीच बचत प्रोत्साहन के लिए शुरू की गई यह योजना डाक विभाग के माध्यम से एक अप्रैल, 2023 से ही लागू है। इस योजना के तहत जमा राशि पर 7.5 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज मिलेगा जो तिमाही आधार पर जुड़ेगा। इस तरह प्रभावी ब्याज दर लगभग 7.7 प्रतिशत होगी। न्यूनतम 1000 रुपये और अधिकतम दो लाख रुपये की सीमा के भीतर 100 के गुणक में कोई भी राशि जमा की जा सकती है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# दिवाली में रिलीज होगी अक्षय कुमार की हाउसफुल 5

**मुंबई।** सुपरस्टार अक्षय कुमार ने शुक्रवार को हास्य फिल्म हाउसफुल 5 की घोषणा की। गौरतलब है कि इससे पहले हाउसफुल की चार फिल्में आ चुकी हैं। दोस्ताना और ड्राइव जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके तरुण मनसुखानी हाउसफुल 5 का निर्देशन करेंगे। फिल्म दिवाली 2024 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार के अलावा, अभिनेता रितेश देशमुख भी नजर आएंगे। फिल्म के निमार्ता साजिद नाडियाडवाला होंगे और इसका निर्माण नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जाएगा। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि तैयार हो जाइए पांच गुना पागलपन के लिए आपके लिए लेकर आ रहे हैं साजिद नाडियाडवाला हाउसफुल 5, जिसके निर्देशक तरुण मनसुखानी होंगे। 2024 की दिवाली पर सिनेमाघरों में मिलेंगे। हाउसफुल 2010 में आई थी, जिसके बाद 2012 में हाउसफुल 2, 2016 में हाउसफुल 3 और 2019 में हाउसफुल4 आई थी।



## सत्यप्रेम की कथा ने पहले दिन कमाए 9.25 करोड़

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी अभिनीत फिल्म ह्यसत्यप्रेम की कथा ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 9.25 करोड़ रुपये की कमाए की। फिल्म के निर्माताओं ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संगीत, रोमांस और ड्रामा से भरपूर इस फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता समीर विद्वांस ने किया है। समीर को 2019 मराठी ड्रामा आनंदी गोपाल के लिए खूब वाहवाही मिली थी। साजिद नाडियाडवाला और नमाह पिक्चर्स द्वारा निर्मित यह फिल्म गुरुवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



बिना ऑपरेशन किये 100% गांरटी के साथ
9155997766
बवासीर
हाइड्रोसील, भगन्दर
माँ क्लिनीक
डॉ० डी० बी० बैरागी
रातु रोड, रामबिलास पेट्रोल पम्प के सामने, राँची
फोन - 9470997766, 9155997766
रोज खुला रहता है सुबह 9 बजे से 1 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक
बीमारी ठीक नहीं होने पे पूरा पैसा वापस

# मजबूत होते भारत और अमेरिकी संबंध



राष्ट्रपति बाइडेन ने भारत को एचपीसी प्रौद्योगिकी और स्रोत कोड के अमेरिकी निर्यात में बाधाओं को कम करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस के साथ काम करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। अमेरिकी पक्ष ने भारत के उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक) के अमेरिकी एक्सेलरेटेड डेटा एनालिटिक्स और कंप्यूटिंग (एडीएसी) संस्थान के साथ सहयोग की शुरूआत के समर्थन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने का वादा किया। साथ ही, अमेरिकी नेशनल साइंस फाउंडेशन (एनएसएफ) और भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा उभरती प्रौद्योगिकियों में 35 अभिनव संयुक्त अनुसंधान सहयोग को वित्त पोषित किया जाएगा।

राष्ट्रपति बाइडेन और पीएम मोदी संयुक्त भारत-अमेरिका क्वांटम सहयोग व्यवस्था की स्थापना पर भी सहमत हुए, ताकि उद्योग, शिक्षा जगत और सरकार के बीच सहयोग को सुविधाजनक बनाया जा सके तथा एक व्यापक क्वांटम सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौते की दिशा में काम किया जा सके। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम प्रौद्योगिकियों के संयुक्त विकास और व्यवसायीकरण और भारत में उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) सुविधाओं को विकसित करने के क्रम में सार्वजनिक-निजी सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए; यूएस-भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी एकमुश्त निधि के तहत 2 मिलियन डॉलर का अनुदान कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है।

# भारत और अमेरिका ने प्रौद्योगिकी संचालित सामग्री के सहयोग युग की शुरूआत की



**डॉ. जितेंद्र सिंह**
(राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की हाल ही में समाप्त हुई संयुक्त राज्य अमेरिका यात्रा इस अर्थ में ऐतिहासिक है कि इसने आने वाले वर्षों के लिए भारत को एक प्रमुख वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर दिया है। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका प्रौद्योगिकी संचालित समान सहयोग के युग में प्रवेश कर रहे हैं और यह सहयोग उस यात्रा की शुरूआत का प्रतीक है, जिसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है, ₹आकाश ही सीमा नहीं है।

वास्तव में, इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है, जिन्होंने पिछले 9 वर्षों के दौरान कई गैर-परंपरागत और नयी राह दिखाने वाले अभिनव निर्णय लिए, जिनकी वजह से भारत प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम हुआ। उदाहरण के लिए, संयुक्त राज्य अमेरिका, जिसने भारत से कई वर्ष पहले अपनी अंतरिक्ष यात्रा की शुरूआत की थी, आज भारत को अपने भविष्य के प्रयासों में एक समान भागीदार के रूप में आमंत्रित करता है।

21 जून को वाशिंगटन स्थित विलार्ड इंटर-कॉन्टिनेंटल होटल में एक समारोह के दौरान, भारत आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वां देश बन गया।

आर्टेमिस समझौता, शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए सिद्धांतों के एक व्यावहारिक समूह की स्थापना करता है। यह भारत को चंद्रमा और अन्य खगोलीय पिंडों की खोज के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस कार्यक्रम में भाग लेने में सक्षम बनाता है। ध्यान देने योग्य है कि यह समझौता अंतरिक्ष क्षेत्र में, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक्स से संबंधित महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के आयात से जुड़े प्रतिबंधों में छूट देने का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे भारतीय कंपनियों को अमेरिकी बाजारों के लिए प्रणाली विकसित करने और नवाचार करने में लाभ होगा। यह अन्य वैज्ञानिक कार्यक्रमों में भारत को संयुक्त रूप से भागीदार बनने की सुविधा प्रदान करेगा, मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रमों समेत विभिन्न गतिविधियों में दीर्घकालिक सहयोग के लिए सामान्य मानकों तक पहुंच की अनुमति देगा और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स, क्वांटम, अंतरिक्ष सुरक्षा आदि रणनीतिक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ मजबूत भागीदारी की सुविधा प्रदान करेगा।

राष्ट्रपति बाइडेन ने एआई पर वैश्विक साझेदारी के अध्यक्ष के रूप में भारत को अमेरिकी समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों राजनेताओं ने गूगल के अपने 10 बिलियन डॉलर के भारत डिजिटलीकरण फंड के माध्यम से शुरूआती चरण के भारतीय स्टार्टअप तथा अन्य में निवेश जारी रखने के इरादे की सराहना की।

भारत का परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) प्रोटॉन इम्प्रूवमेंट प्लान-कक एक्सेलेरेटर की लॉन्ग बेसलाइन न्यूट्रिनो फैसिलिटी के सहयोगात्मक विकास के लिए अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) की फर्मी नेशनल लेबोरेटरी को 140 मिलियन डॉलर का योगदान देगा, जो अमेरिका की सबसे बड़ी अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सुविधा केंद्र होगी।

स्वास्थ्य क्षेत्र में, दोनों देशों के अनुसंधान संस्थान किफायती कैंसर प्रौद्योगिकी कार्यक्रमों पर सहयोग करेंगे, जिनमें एआई सक्षम निदान और पूवार्नुमान भविष्यवाणी उपकरणों का विकास और मधुमेह अनुसंधान शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की यात्रा के अंत में जारी संयुक्त वक्तव्य के समापन वाक्य का निष्कर्ष के तौर पर उल्लेख किया जा सकता है, ₹हमारी (भारत और अमेरिका) महत्वाकांक्षाएं और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने की हैं...।

## आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा?

**आर्टेमिस** समझौता एक गैर-बाध्यकारी समझौता है, जिसके तहत कोई वित्तीय प्रतिबद्धता नहीं है। इस समझौते पर 13 अक्टूबर, 2020 को आठ संस्थापक राष्ट्रों -ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्जमबर्ग, यूएई, यूके और संयुक्त राज्य अमेरिका ने हस्ताक्षर किए थे। इसके सदस्यों में जापान, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूके, कनाडा, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और स्पेन जैसे पारंपरिक अमेरिकी सहयोगी देश शामिल हैं, जबकि रवांडा, नाइजीरिया जैसे अफ्रीकी देश नए भागीदार हैं।

आइए, यह समझने की कोशिश करें कि आर्टेमिस समझौते में शामिल होने से भारत को क्या लाभ होगा। एक अनुमान के मुताबिक, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए वैश्विक सरकारी खर्च पिछले साल लगभग 103 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। लगभग 62 बिलियन डॉलर के साथ, अमेरिकी सरकार ने अकेले कुल धनराशि का आधे से अधिक खर्च किया। अमेरिका के बाद चीन ने लगभग 12 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो इस समूह का हिस्सा नहीं है। रूस 3.4 बिलियन डॉलर के वार्षिक खर्च के साथ 5वें स्थान पर है। भारत 1.93 बिलियन डॉलर के वार्षिक बजट के साथ 7वें स्थान पर है। हम वर्ष 2022 में ऑर्बिटल लॉन्च की संख्या के आधार पर विभिन्न देशों के अंतरिक्ष कार्यक्रमों की तुलना करते हैं। पेलोडस्पेस वेबसाइट कहता है कि पिछले साल 186 ऑर्बिटल लॉन्च के प्रयास किये गए, जिनमें अमेरिका ने 76, चीन ने 62, रूस ने 21 और भारत ने 5 ऑर्बिटल लॉन्च किए। अब, हम तीसरे प्रमुख मानक - अंतरिक्ष में उपग्रहों की संख्या - की तुलना करते हैं। उपग्रहों की निगरानी करने वाली वेबसाइट, ऑर्बिटिंग नाउ के अनुसार, 4 मई 2023 तक, विभिन्न पृथ्वी कक्षाओं में 7,702 उपग्रह सक्रिय थे। अमेरिका के पास अधिकतम 2,926 सक्रिय उपग्रह हैं, इसके बाद चीन - 493, यूके - 450, रूस - 167 आते हैं, जबकि भारत 58 उपग्रहों के साथ 8वें स्थान पर है।




# अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग



**अनुष्का चौधरी**

**भारत** का अंतरिक्ष कार्यक्रम छह दशक पुराना है और इसके सात साल बाद, 1969 में इसरो की स्थापना हुई। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग इसरो की पहचान रही है तथा इसने रूस की रुस्कोस्मोस और यूरोप की ईएसए जैसी विभिन्न लॉन्च एजेंसियों के साथ सहयोग किया है। इसरो ने 34 से अधिक देशों के 385 से अधिक विदेशी उपग्रह लॉन्च किए हैं।

2014 से पहले, इसरो कभी-कभार उपग्रह लॉन्च करता था, लेकिन पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी की शुरूआत के बाद, आज इसरो लगभग 150 निजी स्टार्टअप के साथ काम कर रहा है। सुदूर अंतरिक्ष मिशनों के लिए अरबों डॉलर की आवश्यकता होती है और इससे पूरी मानवता लाभान्वित होती है। इसलिए, यह जरूरी है कि राष्ट्र मानवता के लाभ के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करें। बिना समय गंवाए, समान विचारधारा वाले देशों को आगे आना होगा, सहयोग करना होगा और एक-दूसरे के लाभ और अनुभवों पर काम करना होगा, जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है, ₹हमें अलग-थलग होकर काम नहीं करना चाहिए!ह्व।अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-अमेरिका के बीच नए सहयोग का पहला बड़ा स्पष्ट लाभ देखने के लिए हमें शायद लंबे समय तक इंतजार नहीं करना होगा। अगले साल एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) भेजा जा सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बैठक के बाद व्हाइट हाउस में इसकी पुष्टि कर चुके हैं।

पीएम मोदी की मौजूदा यात्रा के दौरान भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि नासा अपने एक सुविधा केंद्र में भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को ₹उन्नत प्रशिक्षण₹ प्रदान करेगा।

दोनों पक्षों के समान, अन्य क्षेत्रों के लिए भी परस्पर लाभ में तेजी देखने को मिलेगी। अमेरिकी मेमोरी चिप कंपनी, माइक्रोन टेक्नोलॉजी, इंक ने गुरुवार को कहा कि वह भारत के गुजरात में एक नई चिप असेंबली और परीक्षण सुविधा इकाई के लिए 825 मिलियन डॉलर तक का निवेश करेगी, जो देश में इसकी पहली निर्माण-इकाई होगी। केंद्र सरकार और गुजरात राज्य सरकार के सहयोग से इस सुविधा केंद्र में 2.75 बिलियन डॉलर का कुल निवेश किया।

## सेमी कंडक्टर, 150 निजी स्टार्टअप के लिए सहयोग

**भारत** के प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के प्रेसिडेंट श्री जो बाइडेन ने आज पूरे विश्व के सामने दोनों देशों के बीच एक गहरी साझेदारी की पृष्टि की है । भारत और अमेरिका को आज के समय में सबसे ' निकटतम साझेदार ' माना गया है।

1)सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करनाः माइक्रोन टेक्नोलॉजी, भारत सेमीकंडक्टर मिशन के समर्थन से, भारत में 2.75 बिलियन डॉलर की नई सेमीकंडक्टर असेंबली और परीक्षण सुविधा के लिए 800 मिलियन डॉलर से अधिक का निवेश करेगी।

2) उन्नत दूरसंचारः भारत और अमेरिका ने ओपन फअठ सिस्टम के विकास और तैनाती और उन्नत दूरसंचार अनुसंधान और विकास पर सार्वजनिक-निजी संयुक्त कार्य बल लॉन्च किए हैं। भारत का भारत 6जी और यूएस नेक्स्ट जी एलायंस इस सार्वजनिक-निजी शोध का सह-नेतृत्व करेंगे। इस कार्य से लागत कम होगी, सुरक्षा बढ़ेगी और दूरसंचार नेटवर्क के लचीलेपन में सुधार होगा।

3)अंतरिक्ष में नासा-इसरो सहयोगः भारत ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जो शांतिपूर्ण, टिकाऊ और पारदर्शी सहयोग के लिए प्रतिबद्ध 26 अन्य देशों में शामिल हो गया है जो चंद्रमा, मंगल और उससे आगे की खोज को सक्षम करेगा।

4)जन-केंद्रित प्रयासः संयुक्त वक्तव्य में वीजा और छात्र आदान-प्रदान पर पहल का उल्लेख है। इसमें 200 से अधिक अमेरिकी निर्मित विमान खरीदने के लिए एयर इंडिया और बोइंग के बीच ऐतिहासिक विमानन सौदे और दोनों देशों के बीच व्यापार मुद्दों को हल करने के प्रयासों का भी जिक्र है।

5)छात्र आदान-प्रदान और छात्रवृत्तिः भारत और अमेरिका ने एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन यूनिवर्सिटीज और आईआईटी सहित प्रमुख भारतीय शैक्षणिक संस्थानों की एक नई संयुक्त टास्क फोर्स लॉन्च की है।

स्वास्थ्य पर पहल-

6)कैंसर और मधुमेह से लड़नाः यूएस नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)-सक्षम डिजिटल पैथोलॉजी प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए दो नए अनुदानों के माध्यम से अमेरिकी और भारतीय वैज्ञानिकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा, जिसका उपयोग कैंसर निदान, निदान और चिकित्सीय भविष्यवाणी के लिए किया जाएगा।

7)आतंक और नशीली दवाओं से लड़ना-संयुक्त वक्तव्य में दोहराया गया कि अमेरिका और भारत वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एक साथ खड़े हैं, और सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं।

राष्ट्रपति बिडेन और प्रधान मंत्री मोदी ने सभी संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्रवाई का आह्वान दोहराया।

दुनिया इसे 21वीं सदी को आशा, महत्वाकांक्षा और विश्वास के साथ देखने वाले लोकतंत्रों की साझेदारी कहती है।

## सिकल सेल एनीमिया

# जनजाति बहुल क्षेत्र की बड़ी समस्या पर काबू





**डॉ मनसुख मांडविया**
(केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री)

हिंदुस्तान विविधताओं का देश है और विविधताओं में एकता यह हमारी पहचान है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इन विविधताओं को सजोएं रखने के लिए एक भारत श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया है। हम एक ऐसे भारत की कल्पना को आगे बढ़ा रहे हैं, जहां पर एक - एक भारतीय को गुणवत्ता युक्त जीवन की चिंता की जाती है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक देश की आधुनकि स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचा पाएं, इसके लिए भारत सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

भारत में, लगभग 706 विभिन्न जनजातियाँ हैं, जो कुल जनसंख्या का 8.6% हैं। हमारी जनजातीय आबादी हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न अंग है। भारत के माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा है, ₹ भारत का अतीत, वर्तमान और भविष्य आदिवासी समुदाय के बिना कभी भी पूरा नहीं होगा।₹ भारत सरकार जनजातीय नैतिक मूल्य प्रणालियों, परम्पराओं, सामाजिक-आर्थिक स्थितियों और जनजातीय संगठनों का समुचित संज्ञान लेकर राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में जनजातीय आबादी के स्वास्थ्य और विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

भारत की जनजाति आबादी में सिकल सेल रोग एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। स्किल सेल एनीमिया एक आनुवांशिक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति के रक्त कणों को आकार विकृत होकर दराती जैसा हो जाता है। यह बीमारी सामान्यतः आदिवासी जनजाति में पाई जाती है। यह रोग हमारी जनजातियों के भविष्य और अस्तित्व के सामने बहुत बड़ा खतरा है, इस रोग के प्रसार को समय पर रोकना अनिवार्य है। इस अनुवांशिक बीमारी को रोकने के लिए अभी तक जितने प्रयास होने चाहिए थे, उतने प्रयास पिछले सरकारों में नहीं हुए हैं, जिसके कारण दुनिया के अन्य देश जैसे कि इटली, जापान इत्यादि ने इस रोग पर काबू कर लिया है लेकिन भारत आज भी इस रोग से लड़ रहा है। मैं खासतौर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट करना चाहूंगा जिन्होंने सिकल सेल की इस चुनौती को खत्म करने के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट में, राष्ट्रीय अभियान ह्लरूद्यह्ली डीह्लह्ल अल्लोँ एद्बेल्लं३ड्ढल्ल ट्र२२ड्ढल्ल 2047ह्व शुरू करने की घोषणा की है।

रूद्यह्ली डीह्लह्ल बीमारी 2 तरह से इंसान के शरीर में रहती है, एक रूद्यह्ली डीह्लह्ल ३१३ जिसमें मरीज को कोई बीमारी या लक्षण नहीं दिखते हैं और इंसान नॉर्मल जिंदगी जीता है। दूसरे में रूद्यह्ली डीह्लह्ल बीमारी के लक्षण पाए जाते हैं। देश के 13 राज्य राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, तेलांगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू, केरल, कर्नाटक एवं महाराष्ट्र में यह बीमारी कौँ स्र१ी५ंह्लील्लू है, जबकि देश के 4 राज्य बिहार, असम, उत्तराखण्ड, उत्तर प्रदेश में इसका स्र१३ंह्व स्र१ी५ंह्लील्लू है।

सिकल सेल रोग (एससीडी) से पीड़ित व्यक्ति को बहुत सारी स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करता हैं, जिनमें शरीर में दर्द रहना, कमजोरी रहना और खून की कमी जैसे कारणो से मरीज का पूरा जीवन बीमारी के बीच काटता हैं। सिकल सेल एनिमिया रोग को खत्म करने के लिए दो पहल पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें पहला है झ इस रोग की रोकथाम, ताकि आगे नए मरीज पैदा न हो और जो मरीज है उसके उपचार प्रबंधन और अच्छे स्वास्थ्य सुविधा कैसे उपलब्ध हो उसके लिए पूरा इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है।

भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जनजातीय मंत्रालय और राज्यों के साथ मिलकर अगले 2-3 साल में देश के 17 राज्यों के लगभग 200 जिलों में बस रही आदिवासी व अन्य समूह की 0-40 साल से कम आयु वाली 7 करोड़ जनसख्या को 3 साल में स्क्रीनिंग कर अमृतकाल में 2047 तक रूद्यह्ली डीह्लह्ल बीमारी को खत्म करने की योजना बनाई है। स्क्रीनिंग के बाद सभी को उनकी स्थानीय भाषा में स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा, जिससे शादी करने वाले लड़का और लड़की को आसानी से पता चल सकेगा कि शादी के बाद होने वाले बच्चें सिकल सेल से ग्रस्त होगें या नहीं।

इस पूरे कार्यक्रम को चलाने के लिए, जनभागीदारी को सुनिश्चित करने और बड़े पैमाने पर जागरूकता लाने के लिए अलग अलग स्तर पर मॉनिटरिंग मेकेनिज्म बनाया जाएगा। स्क्रीनिंग में बीमार पाए जाने वाले लोगों को नियमित रूप से टेस्टिंग हो, उपचार और दवाई मिले, अन्य रोगों की वैक्सीन लगे, डाइट सपोर्ट मिले और समय - समय पर काउंसिलिंग की सुविधा मिलती रहे, वह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

इस रोग से लड़ने के लिए सरकार ने पर्याप्त बजट आवंटन, उच्च तकनीक का इस्तेमाल, स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण, जरूरी इंफ्रास्ट्रचर, सामाजिक जागृति और सामाजिक हिस्सेदारी को सुनिश्चित करने के प्रयास किये हैं। यह एक मजबूत इच्छाशक्ति और नीतिगत फैसलों का परिणाम है।

पहले से ही देश में आयुष्मान भारत योजना के जरिए, देश में 1.60 लाख हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर का पूरा नेटवर्क 2014 के बाद तैयार किया गया है, जिसके जरिये हमने कोविड जैसी महामारी से लड़ाई लड़ी। यह सेंटर बाकि रोगों के साथ सिकल सेल रोग को खत्म करने में भी एहम भूमिका निभाएंगे। हमने सिकल सेल के मरीजो को बेहतर इलाज देने के लिए इन सेंटर में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित कर लिया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी 27 जून, 2023 को सिकल सेल एनिमिया उन्मूलन मिशन की लॉन्चिग मध्य प्रदेश से करेंगे। यह पहल सिकल सेल एनिमिया की लड़ाई को बहुत मजबूती प्रदान करेगी। सिकल सेल के मरीजों का पूर्ण रूप से ट्रेकिंग करने के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करते हुए एक वेब पॉर्टल बनाया गया है, जिसमें उन मरीजों का परमानेंट रिकार्ड रहेगा।

मुझे विश्वास है कि यह मिशन वर्ष 2047 तक सिकल सेल एनिमिया के उन्मूलन का मार्ग प्रसशत करेगा और भारत की जनजाति आबादी जो यह देश की विरासत को संजोए रखी है, वह आबादी का अस्तित्व सुरक्षित हो जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### लाइन डायरेक्ट होने से जनता को लाखों का नुकसान

**केतार।** बिजली विभाग के आलाकमान अफसरों की लापरवाही के कारण सब स्टेशन के तार में सही ढंग से कनेक्शन नहीं होने के चलते कभी 33 हजार तो कभी 11 हजार के फॉल्ट के कारण हमेशा लाइन गोल हो जाने के कारण जनता परेशान हो रही है। शार्ट सर्किट के कारण घर में इलेक्ट्रिक सामान जमेशा बर्बाद हो रहा है, जिससे उपभोक्ता ग्रामीणों को लाखों रुपए की क्षति हो रही है। जानकार सूत्रों के मुताबिक 33 हजार का पावर कई एस्ट्रोकारों को पार करने के बाद आउटपुट 11 हजार आना चाहिए और 11 हजार का स्ट्रोकर के बाद 440 आना चाहिए। बिजली स्टेशन, सब स्टेशन में कोई भी एस्ट्रोकर नहीं लगा है।

### यूसीसी को लेकर 3 जुलाई को बुलाई गई बैठक

**पटना।** लॉ एंड ऑर्डर मामलों की पार्लियामेंट्री कमेटी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर तीन जुलाई को एक बैठक बुलाई है। बीजेपी के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता में यह बैठक होगी। इसको लेकर शुक्रवार को सुशील कुमार मोदी ने कहा कि जो पर्सनल लॉ हैं उस पर अध्ययन करना हमारी कमेटी लॉ एंड जस्टिस के अधिकार क्षेत्र में आता है। हम लोगों ने लॉ कमीशन, भारत सरकार के प्रतिनिधियों को बुलाया है। लॉ कमीशन ने एक विमर्श पत्र रिलीज किया है। उस विमर्श पत्र में क्या चीज है? लॉ कमीशन का यूनिफॉर्म सिविल कोड पर क्या कहना है? यह सब वह बताएंगे, कमेटी के सदस्यों के सवालों का वह जवाब देंगे।

### समस्तीपुर में बागमती नदी में बढ़ा जलस्तर

**समस्तीपुर।** नेपाल में हो रही भारी बारिश के कारण समस्तीपुर से गुजरने वाली बागमती नदी के जलस्तर काफी बढ़ गया है। इससे कल्याणपुर प्रखंड में नदी के कटाव से लोग दहशत में हैं। इस प्रखंड के नामापुर के पास बागमती नदी में अब कटाव शुरू होने लगा है। हालांकि इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। नदी में हो रहे कटाव को रोकने के लिए फ्लड कंट्रोल द्वारा फ्लड फाइटिंग का काम भी शुरू कर दिया गया है। कटाव को रोकने के लिए बंडाल बनाया जा रहा है, लेकिन बागमती की धार के सामने बंडाल टिक नहीं पा रहा है। कटाव देख ग्रामीणों परेशान समस्तीपुर के कल्याणपुर प्रखंड में करीब 270 मीटर निर्माण किए गए बंडाल में 70 मीटर कटाव का भेंट चढ़ चुका है। हालांकि विभागीय स्तर पर इसकी मरम्मत की जा रही है, लेकिन ग्रामीण इस काम से खुश नहीं नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले वर्ष ही कटाव को रोकने के लिए बंडाल का निर्माण किया गया था, जो थोड़े से जलस्तर में हुई बढ़ोतरी से ही बंडाल ध्वस्त हो गया। वहीं, ग्रामीण मनोज कुमार ठाकुर का कहना है कि कटाव को रोकने के लिए कोई ठोस समाधान की जरूरत है। इस स्थल पर ईंट निर्मित कटाव रोधी काम कराया जाना चाहिए, ताकि कटाव को रोकने में आसानी हो। यहां के लगभग छह से सात हजार की आबादी प्रभावित होती है।

### वज्रपात से तीन की मौत, 4 गंभीर

**नवादा।** बिहार में तेज बारिश के दौरान वज्रपात से होने वाली मौत की घटनाएं सामने आने लगी हैं। शुक्रवार (30 जून) की दोपहर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के आजमपुर गांव में बिजली गिरने से तीन युवकों की मौत हो गई। वहीं चार युवक जख्मी हुए हैं। तीन को इलाज के लिए विम्स पावापुरी रेफर किया गया तो वहीं एक युवक का इलाज वारिसलीगंज पीएचसी में चल रहा है। बताया जाता है कि खेत में काम करने के दौरान यह घटना हुई है। मृतकों की पहचान आनंदी सिंह के 22 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार, देवनारायण सिंह के 20 वर्षीय पुत्र अजय कुमार और अनिल झा के 19 वर्षीय पुत्र सोसा कुमार उर्फ श्याम बिहारी के रूप में की गई है। सभी लोग खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान मेघ गर्जन के साथ बारिश होने लगी और वज्रपात की चपेट में सभी आ गए। घटना के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी असंभव, यह सिर्फ चाल: आरसीपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**जहानाबाद।** जिले में शुक्रवार को बीजेपी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह पहुंचे हुए थे। इस दौरान मीडिया से बातचीत के दौरान जमकर सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोला। उन्होंने एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी के कयास को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए में वापसी संभव नहीं है। सिर्फ और सिर्फ बाजार में उनका भाव बना रहे इसलिए वह इस तरह का शगुफा छोड़ते रहते हैं, जिनके साथ में गठबंधन में है उन पर अपना धौंस दिखाने के लिए इस तरह का काम वे करते हैं। वहीं, राज्यपाल हाउस में नीतीश कुमार और सुशील मोदी की मुलाकात को आरसीपी सिंह ने सिर्फ एक संयोग बताया. उन्होंने कहा कि राज्यपाल से मुख्यमंत्री मिलते रहे हैं। जेडीयू विधायकों के साथ मुख्यमंत्री की बैठक पर भी आरसीपी सिंह ने तंज



कसा और कहा कि मुख्यमंत्री से विधायक की मुलाकात तो दूर उनसे मंत्री भी नहीं मिल पाते हैं. नीतीश कुमार अपनी सुविधा के अनुसार काम करते हैं। इनसे पार्टी का कोई आदमी खुश नहीं है। दरअसल, आरसीपी सिंह जहानाबाद में पार्टी के नेता मुन्ना हुसैन के घर आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। आरसीपी सिंह का बीजेपी नेता मुकेश कुमार सिंह और सुरेश शर्मा सहित कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। वहीं, राज्यपाल से मुख्यमंत्री की मुलाकात के बाद बिहार की राजनीति गरमा गई है। इसके बाद जेडीयू के विधायकों की बैठक बुलाने के बाद बिहार में तरह-तरह के कयास लगाने शुरू हो गए हैं। बता दें कि सीएम नीतीश कुमार ने अपने विधायकों और विधान पार्षदों से शुक्रवार को आवास पर मुलाकात की। विधायकों के क्षेत्र में क्या माहौल है? जनता का मूड क्या है? विकास कार्यों से जनता संतुष्ट हैं या नहीं? इन सभी बातों को लेकर नीतीश कुमार ने जानकारी ली। वहीं, इस बैठक को लेकर कई अटकलें भी लगानी शुरू हो गई हैं।

## एक नजर में

### रोजगार के लिए एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण का आयोजन

**गढ़वा।** जन शिक्षण संस्थान गढ़वा में दिनांक 26 जून 2023 से 30 जून 2023 तक निसबड (नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डेवलपमेंट) ने पांच दिवसीय एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जन शिक्षण संस्थान द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ना एवं उद्यमी बनने हेतु प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में जिलेभर से कुल 31 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में स्टेट बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक आइबी लाल के द्वारा लोन प्रक्रिया एवं सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में निसबड के कार्यक्रम समन्वयक मनीष कुमार मुंडे जी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को उद्यम प्रारंभ करने से पूर्व तैयारी एवं आने वाली समस्याओं, प्रचार प्रसार, ऑनलाइन मार्केटिंग, एवं उद्यम के क्षेत्र में स्थायीत्व को कैसे बनाए रखें इन सारे बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद असेसमेंट का आयोजन किया गया एवं उत्तीर्ण प्रतिभागियों को समाजसेवी एवं शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अलखनाथ पांडेय ने कहा कि वर्तमान समय में कुशल कर्मियों का अभाव है, अगर आप किसी भी क्षेत्र में कौशल पूर्ण है तो बाजार में आप सफल हैं। प्रधानमंत्री जी के सार्थक प्रयास से देश कौशल के क्षेत्र में काफी प्रगति कर रहा है भविष्य कौश युक्त लोगों का है। धन्यवाद ज्ञापन जन शिक्षण संस्थान के सहायक निदेशक अनिर्बन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश पाठक ने की एवं इस आयोजन में सत्येंद्र वर्मा, सोना सिंह, अभिजीत, मिथिलेश कुमार सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एसकेएमयू कुलपति ने किया लाइब्रेरी का उद्घाटन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** संताल परगना महाविद्यालय के लीची बागान स्थित फूलो झानो बालिका छात्रावास में कल्याण विभाग द्वारा छात्राओं के पठन पाठन को और व्यवस्थित रूप से करने के उद्देश्य से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो (डॉ) बिमल प्रसाद सिंह के कर कमलों द्वारा फूलो झानो पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ के पी यादव के द्वारा की गयी। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रति-कुलपति डॉ प्रमोदनी हांसदा, वर्तमान कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, डी डब्लू ओ संजय कच्छप, डॉ शर्मिला सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत छात्रावास की छात्राओं के द्वारा परंपरागत तरीके से लोटा-पानी से किया गया। तत्पश्चात स्वागत गीत द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में छात्राओं से पुस्तकालय का भरपूर उपयोग करने का आह्वान किया। कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने छात्राओं को पुस्तक से दोस्ती करने की बात कही। कॉलेज प्राचार्य डॉ यादव ने कहा कि छात्राओं को पुस्तकों का अध्ययन करने के लिए अब कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी, अब छात्राएं अपने छात्रावास के पुस्तकालय में ही अध्ययन कर ज्ञानार्जन कर सकतीं हैं। पूर्व प्रति-कुलपति डॉ प्रमोदनी हांसदा ने सबों के लिए पुस्तकालय की महत्ता को बताया। कार्यक्रम में कॉलेज कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ, डॉ होलिका कुमारी मरांडी,प्रो बसंती हांसदा, डॉ अमिता हेम्ब्रम ने भी अपने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में छात्रावास की सैंकड़ो छात्राएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में मंच संचालन इतिहास विभाग के डॉ सत्यम कुमार ने किया।

# हूल दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित

## हूल दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हूल दिवस के अवसर पर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में शुक्रवार को अंतिम दिन भव्य कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति प्रो. डॉ. तपन कुमार शांडिल्य शामिल हुए। हूल दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ विमल प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर के स्मारक टीला पर स्थित वीर सिदो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन-2 के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचते ही मुख्य अतिथि का स्वागत संताल परम्पराओं के प्रतीक लोटा-पानी से किया गया। कार्यक्रम का शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। उसके बाद मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया। उसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव और डीएसडब्लू ने मंचासीन सम्मानित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर किया। अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ



संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, विश्वविद्यालय पदाधिकारी, शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों का विश्वविद्यालय परिसर में स्वागत किया।

उसके बाद बीते दिनों में विश्वविद्यालय स्तर पर हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं का एक बार पुनः प्रस्तुति कराई गयी। जिसमें सेंट जेवियर्स कॉलेज,दुमका की कृतिका टुडू और स्नातकोतर विभाग के बिनोद हंसदा ने हूल दिवस पर भाषण दिया। एकल नृत्य की प्रस्तुति रामा देवी महिला कॉलेज की छात्रा शिवांगी शर्मा, एकल गीत एसपी कॉलेज की छात्रा अंजलि प्रिया, सामूहिक गीत की प्रस्तुति एसपी महिला कॉलेज की छात्राएं एवं अंत में सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति स्नातकोतर भूगोल विभाग की छात्राओं ने की। विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक संघ के तरफ से डॉ अजय सिन्हा, एसपी कॉलेज के प्रचार्य डॉ खिरोधर यादव, स्नातकोतर संताली विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू, सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ रविन्द्र केएस चौधरी ने हूल दिवस के परिप्रेक्ष्य में वक्तव्य देते हुए हूल कांति के वीर और वीरांगनाओं को नमन किया। कार्यक्रम में अतिथि डॉ. प्रमोदनी हांसदा शामिल हुई। इस अवसर पर डॉ हांसदा ने हूल को संतालो के खिलाफ हुए अत्याचार का विद्रोह बताई।साथ ही विश्वविद्यालय में हूल कार्यक्रम का भव्य आयोजन को सराहते हुए कहा कि पिछले सालों के तुलना में अब बेहतर तरीके से हूल का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर होने लगा है।

# दुमका में हूल दिवस पर शहीदों को नमन



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड की उपराजधानी दुमका में हूल दिवस के मौके पर झामुमो विधायक सीता सोरेन ने अमर शहीद सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। पत्रकारों से बात करते हुए जेएमएम विधायक ने बीजेपी पर निशाना साधा और कहा कि झूठे वादे कर झारखंड से वापस लौट रहे हैं लेकिन लोग अब समझ गये हैं कि हमारी सरकार ही उनकी समस्याओं का निदान कर सकती है। भाजपा के राष्ट्रीय नेता के झांसे में जनता अब नहीं आने वाली है।

संथाल विद्रोह के शहीदों को याद कर रहा झारखंड, आला नेताओं ने अर्पित किये श्रद्धा सुमनहमारी सरकार ने आदिवासी हितों में किए कई कार्यः झामुमो विधायक और शिबू सोरेन की पुत्रवधू सीता सोरेन ने कहा कि हूल दिवस पर हम लोग वीर शहीद सिदो कान्हू को याद कर रहे हैं। इन्होंने महाजन और अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपनी जान कुर्बान दी। आज हमें उनके बताए गए आदर्शों पर चलना है। विधायक ने कहा कि झारखंड में हमारी सरकार आदिवासी हितों में काफी काम कर रही है, उनके विकास के लिए अग्रसर है। इस मौके पर विधायक सीता सोरेन ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रीय नेता झारखंड आ रहे हैं, हमारे विधानसभा क्षेत्र जामा में भी वसुंधरा राजे सिंधिया आई हुई थीं पर हुए उन्होंने जनता से विकास और अन्य वादें किये वो सब झूठे हैं। जनता इन सबको समझ रही है, उन्हें पता है कि हमारा विकास महागठबंधन सरकार ही कर सकती है।

पिछले दिनों जामा विधानसभा क्षेत्र में वसुंधरा राजे सिंधिया द्वारा की गयी जनसभा को लेकर झामुमो विधायक ने बीजेपी पर निशाना साधा।

### सिदो कान्हू के बताये पर मार्गों पर चल रहे हैं हम : लुईस मरांडी

दुमका के बड़ा बांध चौक पर पूर्व कल्याण मंत्री लुईस मरांडी ने भी सिदो कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन शहीदों ने आजादी की अलख जगाई थी जिस वजह से आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं. बीजेपी नेता लुईस मरांडी ने कहा कि सिदो कान्हू ने आदिवासियों के विकास की दिशा में जो कार्य किए, जो मार्गदर्शन दिये, उस पर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता चल रहे हैं और क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो गंभीर



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत घुड़मेश्वर धाम से महज कुछ ही दूरी प्रखंड मुख्य मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार पहाड़सिंह खैरा निवासी 19 वर्षीय बिजय यादव पिता गुडन यादव अपने दो अन्य साथियों के साथ पड़ोसी राज्य के गोविंदपुर से बीआर27के/2411 ग्लैम्बर बाइक पर सवार होकर अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान अचानक ढाब दुमदुमा के समीप विपरीत दिशा आ रही अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें बिजय यादव की मौके पर ही मौत हो गयी एवं महथाखैरा निवासी 12 वर्षीय महेश कुमार पिता कैलाश प्रसाद यादव के माथे पर गंभीर रूप से चोट लगने से घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर परिजन ने घंटों सड़क को जाम रखा।

घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी आनंद कुमार साह अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और समझाने बुझाने के बाद जाम को हटाया जा सका। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में घायल महेश कुमार ने बताया कि हम सभी बाइक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे, इसी बीच तेज बारिश होने लगी तभी अचानक एक ट्रक हमलोगों की बाइक में टक्कर मार दी और हम लोग दूर्घटना का शिकार हो गये। वहीं एक अन्य साथी महथा खैरा निवासी 14 वर्षीय सचिन चौधरी पिता-छोटन चौधरी भी घायल हो गया। जिसके बारे में बताया जा रहा है कि उसका इलाज किसी निजी क्लिनिक थाली में होने की बात सामने आ रही है।

मौके पर निरंजन उरांव, अशोक कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, सुजीत सिंह के आलावे पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# डूबने से दो युवक की मौत, एक बाल-बाल बचा



खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मयूराक्षी नदी में बास्कीचक में नहाने के क्रम में दो बच्चे की जान चली गई। मृतक बच्चे शहर के नगर थाना क्षेत्र के श्रीरामपाड़ा निवासी मो अफजल (17), पिता मो आजाद और सोनू (20), पिता अजमल की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर के तीन दोस्त नहाने के लिए बास्कीचक गए हुए थे। जहां गहरे पानी में डूबने से दो की मौत हो गई। अन्य एक साथी इस घटना मे सकुशल बच निकला। तीसरे साथी दोस्तों की डूबने की सूचना परिजनों को दी। आनन-फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे बरामद हुए अफजल को फूलों-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, दुमका लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अन्य दूसरे युवक का भी शव घण्टो की मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया। दोनो शव को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्मार्टम कराया जा रहा है।

# आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तीन की मौत, अलग-अलग इलाकों की घटना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कैमूर।** जिले के मोहनिया अनुमंडल में शुक्रवार को गिरी बिजली ने तीन लोगों की जान ले ली, जिसमें दो लोग मोहनिया थाना क्षेत्र के रहने वाले थे। एक नुआंव थाना क्षेत्र के रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतकों की पहचान मोहनिया थाना क्षेत्र के चौरसिया गांव के 18 वर्षीय गोलू तो दूसरा उत्तर प्रदेश के हरदोई थाना के रहने वाला 10 वर्षीय नियाज खान के रूप में हुई है, वहीं, तीसरे व्यक्ति की पहचान नुआंव थाना क्षेत्र के देवरिया गांव के निवासी मुमताज अली के रूप में हुई है। मृतक के परिजन युसूफ खान ने बताया हम लोग उत्तर प्रदेश के हरदोई गांव के रहने वाले हैं। घूम-घूमकर साड़ी बेचने का काम करते हैं। फिलहाल हम लोग 10-15 दिनों से मोहनिया थाना क्षेत्र के कौड़ीराम में रुके हुए हैं। आज बारिश हुई, जिसमें मेरा 10 वर्षीय बेटा बिजली के चपेट मे आ गया। हम लोग उसको लेकर अनुमंडल अस्पताल मोहनिया पहुंचे, लेकिन वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। विशंभर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका चचेरा भाई गोलू उर्फ सनी भैंस को लेकर खेतों से घर आ रहा था। इस दौरान बिजली उसके ऊपर गिर गई। हम लोग इलाज के लिए उसे अस्पताल लाए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, थानाध्यक्ष सोहेल अहमद ने बताया कि देवरिया गांव के मुन्नू मियां की 34 वर्षीय पुत्र मुमताज अली खेतों में काम कर रहा था। इस दौरान आकाशी बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।

# हूल क्रांति दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम नासरगंज में झामुमो महिला प्रखंड अध्यक्ष ब्यूटी कुमारी के नेतृत्व में हूल क्रांति दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्यूटी एवं अन्य लोगों ने अमर शहीद सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। वहीं ब्यूटी कुमारी ने बतायी कि महज तीर-धनुष से अंग्रेजों के गोले-बारूदों का सामना किया था, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव हिलाकर रख दी थी, अंग्रेजों के छक्क्के छुड़ा दिए थे 'हूल दिवस' पर संथाल विद्रोह के अमर बलिदानियों सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव तथा फूलो-झानो समेत सभी वीर-वीरांगनाओं को मैं नमन करती हूं। मौके पर प्रमोद कुमार देव, पिंटु कुमार, कृष्णा कुमार, कपिल राजवंशी, तरानी देवी, सावित्री देवी, रंजु देवी, चिंता देवी, नवीन कुमार, वरूण कुमार, सोनू प्रिंस एवं दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पोटका में छऊ नृत्य सह मेला आयोजित

## कलाकारों ने पौराणिक कथाओं पर नृत्य कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** प्रभु जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा के अवसर पर चक्रधरपुर शहर के पोटका में छऊ नृत्य और मेला का आयोजन हुआ। पोटका हो साई छऊ नृत्य कमेटी के सौजन्य से आयोजित तीन दिवसीय छऊ नृत्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई शामिल हुए। पोटका हो साई, हाथिया के छऊ कलाकारों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित नृत्य प्रस्तुत की। छऊ नृत्य कार्यक्रम गुरुवार की रात से शुरू हुआ। रात भर कलाकारों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित एक से बढ़ कर एक छऊ नृत्य पेश किये। शुक्रवार की सुबह बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित डॉ विजय ने छऊ नृत्य



का आनंद उठाया। वहीं उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति को जीवित रखने का छऊ नृत्य एक बेहतर साधन है। संस्कृति को बचाए रखने में हम सभी की भागीदारी जरुरत है। उन्होंने कहा यहां छऊ नृत्य का अपना एक अलग ही अंदाज है। यहां के छऊ नृत्य को विदेशों में भी पसंद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में जब मनोरंजन के साधन उपलब्ध नहीं रहते थे, उस समय छऊ नृत्य का आयोजन होता था। इससे गांव में मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय युवा कलाकारों की छिपी प्रतिभा भी सामने आती है। इस परंपरा को अब भी जीवित रखना सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि गांव में छिपे प्रतिभाओं को निखारने के लिए वे हर संभव सहयोग करेंगे। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष लखन जामुदा, उपाध्यक्ष दीपक जामुदा, मेला संचालक बबलु जामुदा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।